राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 16
लखनऊ, रविवार 01 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

यूपी में वाटर स्पोर्ट्स की हैं अपार संभावनाएं : जयवीर सिंह 03

उपराष्ट्रपति धनखड़ करेंगे पूर्वी यूपी के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण 12

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा

महिलाओं पर अत्याचार के केस में जल्द हों फैसले

▸ कोर्ट ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की अखंडता की रक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा आज समाज में एक गंभीर चिंता का विषय है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त कानून बनाए गए हैं। महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी जल्दी फैसले होंगे, आधी आबादी को उतना ही सुरक्षा का आश्वासन मिलेगा।

प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2019 में सरकार ने फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करने की योजना बनाई थी। फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के तहत महत्वपूर्ण गवाहों के लिए गवाही केंद्र का प्रावधान है। उन्होंने फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों के तहत जिला निगरानी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिसमें जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बीच समन्वय बनाने में समिति की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उन्होंने इन समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्के का भी अनावरण किया भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित मुद्दों जैसे कि बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन, सभी के लिए समावेशी न्यायालय, न्यायिक सुरक्षा और न्यायिक कल्याण, केस प्रबंधन और न्यायिक प्रशिक्षण पर विचार-विमर्श और चर्चा के लिए पांच कार्य सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 75 वर्षों की यात्रा लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की महिमा को बढ़ाती है। यह सत्यमेव जयते, नानृतम् के सांस्कृतिक उद्घोष को मजबूत करता है। उन्होंने इस अवसर पर न्यायिक प्रणाली की सभी बिरादरी और भारत के नागरिकों को बधाई दी और जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वालों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया, ÷न्यायपालिका को हमारे लोकतंत्र का संरक्षक माना जाता है।÷ मोदी ने इसे अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए इस दिशा में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों पर होने वाले हमलों से भी रक्षा की और जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल आया, न्यायपालिका ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता और अखंडता की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय तक सरल और आसान पहुंच जीवन की सुगमता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव हो सकता है, जब जिला अदालतें आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी से सुसज्जित हों।

वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों से लोगों में व्यापार, रोजगार और सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्यधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गों- मेरठ-लखनऊ; मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। ये वंदे भारत रेलगाड़ियां वर्तमान में तीव्र गति से चल रही गाड़ियों की तुलना में यात्रा समय को कम करेंगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत से लगभग 1 घंटा, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से 2 घंटे और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत से यात्रा समय में डेढ़ घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जहां से भी संचालित होती हैं वहां पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बीते 10 वर्षों में इन राज्यों में रेलवे की विकास यात्रा इसका उदाहरण है।

सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे, सिक्का जारी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया उन्होंने शीर्ष अदालत की ओर से भारत मंडपम में आयोजित जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए 75 रुपए का यादगार एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल, बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के अलावा अनेक अधिवक्ता और विधि के विद्यार्थियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सितंबर को सम्मेलन में समापन भाषण देंगी और उच्चतम न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी करेंगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित विषयों पर मंथन किया जाएगा। इस सम्मेलन में जिला न्यायपालिका में अवसंरचना और मानव संसाधन, सभी के लिए समावेशी न्यायालय, न्यायिक सुरक्षा और न्यायिक कल्याण, मामला प्रबंधन और न्यायिक प्रशिक्षण पर विचार-विमर्श और चर्चा की जाएगी। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित 'जिला न्यायपालिका पर राष्ट्रीय सम्मेलन' में दो दिनों में छह सत्र आयोजित किए जाएंगे।

अयोध्या व वाराणसी में चार स्पेशलाइज्ड इलेक्ट्रिक बोट्स का संचालन कराएगी योगी सरकार

▸ अयोध्या में एसी युक्त 50 सीटिंग कैपेसिटी वाली एक बोट तथा 30 सीटिंग कैपेसिटी वाली 2 बोट्स का नयाघाट से होगा संचालन

विकास तिवारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार रामनगरी अयोध्या और बाबा विश्वनाथ की धरती वाराणसी में इलेक्ट्रिक बेस्ड एडवेंचर वॉटर एक्टिविटीज व बोट राइड फैसिलिटी को बढ़ाने पर फोकस कर रही है। दोनों ही शहरों में वॉटरवे फैसिलिटीज को बढ़ाने के लिए बड़ी कार्ययोजना का निर्माण किया गया था जिसे कई हिस्सों को पहले ही इन दोनों शहरों में लागू किया जा चुका है।

अब इसी प्रक्रिया में एक नया अध्याय जोड़ते हुए अयोध्या व वाराणसी में 4 स्पेशलाइज्ड इलेक्ट्रिक बोट्स के संचालन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत, अयोध्या में एसी युक्त 50 सीटिंग कैपेसिटी वाली एक बोट तथा 30 सीटिंग कैपेसिटी वाली 2 बोट्स का सरयू नदी में नयाघाट से संचालन होगा। वहीं दूसरी ओर, वाराणसी में गंगा नदी में एसी युक्त 50 सीटर इलेक्ट्रिक बोट को रविदास घाट पर जल्द ही पर्यटकों की सेवा के लिए परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा।

10 वर्षों की लीज पर बोट सर्विसेस का होगा संचालन

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल, 10 वर्षों की लीज पर दोनों शहरों में इन बोट्स का संचालन होगा। बोट सर्विसेस के संचालन में अंतर्राष्ट्रीय मानकों समेत पर्यटन विभाग व इनलैंड वेसल एक्ट के अंतर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के आधार पर अयोध्या और वाराणसी में इलेक्ट्रिक बेस्ड एडवेंचर वॉटर एक्टिविटीज को बढ़ावा देने के लिए बोट राइड फैसिलिटी रूट्कास व राइड्स का संचालन किया जाएगा।

यूपीएसटीडीसी ने शुरू की प्रक्रिया

दोनों ही शहरों में जिन इलेक्ट्रिक बोट्स का संचालन होना है व अत्याधुनिक होने के साथ ही विभिन्न प्रकार के फीचर्स और सुविधाओं से लैस होगी। इसमें एसी बोट्स स्टील कैटामारन हल बेस्ड और नॉन एसी बोट्स एफआरपी नॉन एसी कैटामारन हल बेस्ड होगी। इन बोट्स की डॉकिंग, चार्जिंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को भी संबंधित घाटों पर ही पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) इन बोट्स का संचालन एजेंसी निर्धारण व कार्यांवंटन के जरिए पूरा करेगी।

संक्षिप्त समाचार

आर जी के कपूर ने मध्य वायु कमान को सौंपा कार्यभार

प्रयागराज। एयर मार्शल आर जी के कपूर राष्ट्र के प्रति अपनी 38 वर्ष की गौरवशाली सेवा के उपरांत 31 अगस्त को मध्य वायु कमान के कार्यभार से सेवानिवृत्त हो गये। एयर मार्शल आर जी के कपूर ने 07 जून 1986 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन प्राप्त किया था। वायु अफसर एक ए श्रेणी के अर्हता प्राप्त उड़ान अनुदेशक रह चुके हैं। जिन्हें भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल विविध प्रकार के लड़ाकू एवं प्रशिक्षण विमानों को 5000 घंटो से भी अधिक समय तक उड़ाने का अनुभव प्राप्त है। ये रक्षा सेवा स्टाफ कालेज, वेलिंग्टन एवं कालेज ऑफ एयर वारफेयर के पुराछात्र भी रह चुके हैं। जनसम्पर्क अधिकारी शान्तनु प्रताप सिंह ने बताया कि अपने शानदार कैरियर के दौरान एयर मार्शल ने आपरेशनल कमांड, संयुक्त प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों एवं वायु सेना मुख्यालय में विभिन्न फील्ड एवं स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया।

दिल्ली को मिले नए मुख्य सचिव, धर्मेंद्र संभालेंगे कमान

नयी दिल्ली। दिल्ली के नए मुख्य सचिव के रूप में धर्मेंद्र की नियुक्ति की गई है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र अपने लंबे और सफल कार्यकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। धर्मेंद्र की प्रशासनिक क्षमता और नेतृत्व कौशल ने उन्हें देश के शीर्ष प्रशासकों में से एक बना दिया। वह 1 सितंबर से दिल्ली के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वो वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने धर्मेंद्र की नियुक्ति के लिए औपचारिक आदेश जारी किया है। वे वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में तैनात हैं। उनकी नियुक्ति दिल्ली सरकार में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगी। केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आईएएस धर्मेंद्र को अरुणाचल प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित किया जाता है। 1 सितंबर से वह नए मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, पुलिस का सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन का आज 23वां दिन है। रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी के पास चल रहे प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार रात 2 बजे एक शख्स शराब के नशे में बाइक लेकर में घुस गया। इस दौरान उसने एक छात्र को टक्कर मार दी, जिसमें उसे चोट आई है। इस पूरे घटनाक्रम के समय पुलिस भी मौजूद थी, लेकिन उसने बिना एक्शन लिए आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 5 घंटे तक बीटी रोड जाम कर दिया। आरोपी की बाइक पर कोलकाता पुलिस का स्टिकर लगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआई दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

आदेश के बाद भी सरकारी कर्मियों ने चल-अचल संपत्ति का नहीं दिया ब्यौरा

▸ 4.87 लाख राज्य कर्मियों को नहीं मिलेगा वेतन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी के लाखों राज्यकर्मियों को अपने सैलरी की सुध-बुध ही नहीं है। कर्मचारियों ने सरकार के आदेश के बाद भी अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है।

मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी अब तक 58 प्रतिशत कर्मी अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं दे पाए हैं। इन कर्मियों ने अगर दो दिन में ब्यौरा नहीं दिया तो सबकी सैलरी रोक ली जाएगी। 8.34 लाख राज्यकर्मियों में से महज 3.47 लाख ने ही अब तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का डिटेल दिया है।

4.87 लाख राज्यकर्मी यानी 58 प्रतिशत ने अब तक विवरण नहीं दिया है। इन कर्मिकों को 31 अगस्त रात 12 बजे का वक्त रहा है। अगर फिर भी ये विवरण नहीं दे पाते हैं तो इन्हें अगस्त महीने का वेतन नहीं मिलेगा। राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वो मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का वार्षिक विवरण दें।

हरियाणा में अब पांच अक्टूबर को होगा मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने हरियाणा में असोज अमावस्या त्योहार पर स्थानीय लोगों के बड़े पैमाने पर भ्रमण के मद्देनजर राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि एक अक्टूबर के स्थान पर पांच अक्टूबर को करने की शनिवार को घोषणा की। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के चुनावों की मतगणना की तिथि भी चार अक्टूबर से बढ़ाकर आठ अक्टूबर कर दी गयी है।

आयोग ने कहा है कि अब दोनों विधानसभाओं के चुनाव की प्रक्रिया 10 अक्टूबर तक पूरी करा ली गयी जायेगी जबकि आयोग ने 16 अगस्त को जारी चुनाव कार्यक्रम में छह अक्टूबर तक संपन्न कराने की घोषणा की थी।

आयोग ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उसे विभिन्न राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, हरियाणा के राजनीतिक दलों और अखिल भारतीय विश्नोई महासभा की ओर से कई ज्ञापन मिले थे, जिसमें मतदान की तिथि बदलने का आग्रह किया गया था। विज्ञापनों में कहा गया था कि राज्य में सदियों पुराने 'असोज अमावस्या' त्योहार के अवसर पर हरियाणा के विश्नोई समाज के बड़ी संख्या में लोग राजस्थान में इस त्योहार में भाग लेने के लिये जाते हैं, इन दलों और संगठनों का कहना था कि पूर्व में घोषिति तिथि में मतदान कराने से लोगों को मतदान के अपने अधिकार से वंचित होना पड़ सकता है और मतदान का प्रतिशत भी घट सकता है। आयोग ने इस के मद्देनजर केवल हरियाणा में मतदान की तिथि को एक अक्टूबर से बढ़ाकर पांच अक्टूबर 2024 (शनिवार) करने का फैसला किया है। इसके अनुसार दोनों विधानसभाओं के मतदान की गणना की तिथि भी बदल दी गयी है।

एनआईए ने हिज्ब-उत-तहरीर केस में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को तमिलनाडु हिज्ब-उत-तहरीर मामले में एक प्रमुख आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भारत में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा था। एनआईए ने यह जानकारी शनिवार को दी। एनआईए के अनुसार अजीज अहमद उर्फ ??जलील अजीज अहमद को विदेश भागने की कोशिश करते समय बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ा गया है। एनआईए ने इसमें छह आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह लोग हिज्ब-उत-तहरीर की चरमपंथी, कट्टरपंथी और मौलिक विचारधारा से प्रभावित थे।

झांसी-ललितपुर हाईवे पर खड़े कंटेनर को बस ने मारी टक्कर, 29 यात्री घायल

▸ मौके पर मची चीख पुकार, 16 घायलों की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के झांसी-ललितपुर हाईवे पर एक भीषण हादसा हो गया। शनिवार दोपहर सवारियों से भरी बस ने हाईवे के किनारे खड़े कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 29 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

जानकारी होने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। यहां 16 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा झांसी-ललितपुर हाईवे पर हुआ। ललितपुर से एक बस सवारी से भरी एक बस झांसी आ रही थी, आज करीब 11.15 बजे बस टोल प्लाजा से होते हुए आगे पहुंची। यहां सड़क के किनारे एक कंटेनर खड़ा था। चालक बस संभाल नहीं सका और पीछे से जा भिड़ा। हादसे में बस सवार 29 यात्री घायल हो गए। हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में मंगल सिंह, शिफा खान, रेखा, जय हिंद, अंकुश, राजन, गोमती देवी, मनोहर चतुर्वेदी (सभी निवासी ललितपुर) आदि घायल हो गए। हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई।

उप्र के मध्य क्षेत्र में मध्यम बारिश की संभावना

कानपुर। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र डिप्रेशन (अवदाब) में तब्दील हो रहा है। इससे उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के मौसम में बदलाव होगा और तेज बारिश के साथ आंधी की संभावना है। हालांकि इसको उत्तर प्रदेश तक पहुंचने में दो से तीन दिन का समय लगेगा। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि रविवार को उत्तर प्रदेश के मध्य क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक जिलों में तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की संभावना है। इसके साथ ही अन्य जनपदों में भी बौछरें पड़ने का क्रम बना रहेगा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि चक्रवाती तूफान असना उत्तर-पूर्व अरब सागर पर है।

ज्ञानवापी केस : बंद पड़े तहखानों में सर्वे कराने के लिए आ सकता है कोर्ट का फैसला

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत में ज्ञानवापी परिसर से जुड़े श्रृंगार गौरी मामले में सुनवाई होगी। माना जा रहा है कि ज्ञानवापी में बंद पड़े तहखानों को खुलवाकर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा सर्वे कराने को लेकर फैसला आ सकता है। आईएएनएस को हिन्दू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि ज्ञानवापी मामले में वाराणसी जिला कोर्ट में शनिवार को सुनवाई होगी।

कोर्ट में ज्ञानवापी से जुड़े तीन मुख्य बिंदु रखे जाएंगे। तीनों मामले काफी अहम हैं, जिन पर सुनवाई होनी है। पहली सुनवाई अंजुमन इंतजामिया कमेटी के लोगों को लेकर है। इस कमेटी के लोग तहखाने के ऊपर जहां पूजा चल रही हैं, वहां आकर इकट्ठा हो जाते हैं। तहखाना जर्जर अवस्था में है। उसकी मरम्मत कराने के लिए आदेश की मांग की गई है, साथ ही अंजुमन इंतजामिया कमेटी के लोगों को वहां जाने से रोका जाए। वकील ने आगे कहा कि तहखाने पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, प्लास्टर झड़ रहा है। समय रहते मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो दुर्घटना होने की संभावना है, जिससे जान-माल का नुकसान भी हो सकता है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट ने शासन-प्रशासन को इस बाबत जानकारी साझा की है। अगर आप देखें तो यहां जो तहखाने में पूजा पाठ चल रही है, इनकी स्थिति काफी खराब है।

अखिलेश के सामने जमकर चले लात-घूंसे, सेल्फी के चक्कर में हुई मारपीट

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। यूपी के कन्नौज जिले में अखिलेश यादव के सामने उनके ही कार्यकर्ता मारपीट करने लगे। दरअसल, सपा अध्यक्ष अपने सांसदीय क्षेत्र में पहुंचे थे जहां उनके समर्थकों का तांता लग गया। माला पहनाने और सेल्फी लेने वालों की होड़ लग गई और देखते-देखते धक्का-मुक्की हुई और मारपीट होने लगी। मारपीट देखकर अखिलेश के सुरक्षाकर्मी दौड़कर आए। उन्होंने समर्थकों को अलग-अलग किया।

बता दें कि अखिलेश यादव शुक्रवार को अखिलेश कन्नौज दौरे पर थे अखिलेश पहले गुरसहायगंज के गौरियापुर गांव पहुंचे, वहां पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे की मां के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वह छिबरामऊ स्थित अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व सचिव डॉ. मतीन हुसैन के आवास के लिए रवाना हुए। मुख्य बाजार के पास बड़ी संख्या में सपा समर्थक उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे। अखिलेश का काफिला जैसे ही पहुंचा। उनके साथ सेल्फी लेने और माला पहनाने की होड़ मच गई। इस दौरान दो सपा समर्थक आपस में टकरा गए। उन्होंने एक-दूसरे की कॉलर पकड़ ली। अखिलेश के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को उनके पास से हटा दिया। पीछे जाते ही वह एक-दूसरे पर टूट पड़े। मारपीट करने लगे। मुक्के बरसाने लगे। मारपीट से वहां अफरा-तफरी मच गई। तुरंत अखिलेश के सुरक्षाकर्मी भागकर आए। उन्होंने बीच-बचाव किया। वीडियो वायरल होने के बाद मिली जानकारी के अनुसार, मारपीट करने वाले दोनों सपा के समर्तक हैं और इनकी पहचान राजीव यादव और अब्दुल्ला खान के रूप में हुई है।

उपलब्धि

उप मुख्यमंत्री आवासों के निर्माण कार्यों की लगातार कर रहे हैं समीक्षा

योजना के तहत आवासों के निर्माण में उत्तर प्रदेश सबसे आगे

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवासों के निर्माण में उत्तर प्रदेश अन्य राज्य सरकारों में अपेक्षा सबसे आगे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन लाभार्थियों को आवासों के लिए जो धनराशि आवंटित की गयी है, उसके सापेक्ष जो आवास नहीं बन पाये या अधूरे हैं, उन्हें अतिशीघ्र पूरा कराया जाय।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं आवासों के निर्माण में जहां शिथिलता बरती गयी हो, वहां की जांच मुख्यालय स्तर से करायी जाय और जहां लापरवाही की गयी होगी, जांचोपरांत यदि कोई दोषी पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीण कल्याण की किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री द्वारा आवासों के निर्माण कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि आवास के निर्माण की स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है, और अभी दो दिन पहले भी सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि डिलेड हाउस की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की जाय और अभियान चलाकर समय से निर्माण पूर्ण कराया जाय। अधूरे आवास न रहे इसके लिए विभाग द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत प्रदेश को वर्ष 2016-17 से अब तक 36.15 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अब तक 35.85 लाख आवास का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है, लगभग 30 हजार आवास निर्माणाधीन है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में लक्ष्य के सापेक्ष 99.21 प्रतिशत आवास पूर्ण करा दिये गये है, ओ अन्य राज्यों की तुलना में सबसे आगे हैं, 98.72 प्रतिशत आवास बनाकर बिहार दूसरे स्थान पर व 98.04 प्रतिशत आवास बनाकर राजस्थान तीसरे स्थान पर है, वहीं अरुणाचल प्रदेश 98 प्रतिशत आवास पूर्ण कर चौथे स्थान पर है, व अन्य राज्य भी उत्तर प्रदेश से पीछे हैं। श्री प्रियदर्शी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शीघ्र ही 99.50 प्रतिशत आवास पूर्ण करने जा रहा है।

एक अप्रैल को शुरु हुई थी योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) की शुरुआत 1 अप्रैल, 2016 को हुई थी। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) का प्रमुख मिशन है और इसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में एससी/एसटी/मुक्त बंधुआ मज़दूर/अल्पसंख्यक/नॉन एससी/एसटी/बीपीएल कैटेगरी के लोगों को पक्का घर दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत, ग्रामीण परिवारों को मकान बनाने के लिए 45 हज़ार रुपये की धनराशि दी जाती है। संकटग्रस्त क्षेत्रों में यह रकम 48,500 रुपये है।

ड्राइवर बना अवैध अस्पताल का मालिक, शीर्षक से प्रकाशित खबर का प्रशासन ने लिया संज्ञान

- डीएम के आदेश पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मधु हॉस्पिटल हुआ सीज
- समृद्धि न्यूज में प्रकाशित खबर के 24 घंटे में हुई कार्यवाही

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में प्राइवेट अवैध अस्पतालों में उसे समय हड़कंप मच गया जब नायब तहसीलदार गोला ने अपने दल बल के साथ लखीमपुर रोड स्थित मधु हॉस्पिटल पहुंचकर छाप डाल दिया।

जांच पड़ताल में अस्पताल की मानक पात्रता संबंधित तमाम अनियमितता पाई गई जिसके चलते अस्पताल को सीज कर दिया गया। बता दें अस्पताल इससे पूर्व भी दो बार सीज किया जा चुका था लेकिन अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बिल्डिंग बदलकर हर बार नए सिरे से मधु अस्पताल संचालित कराया जा रहा था। समृद्धि न्यूज ने फर्जी अस्पताल की शिकायतों को लेकर प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। जिसको प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए अस्पताल को सीज कर कार्रवाई कर दी। मामले से संबंधित डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से भी बात की गई थी जिसमें डीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। बता दें खबर के प्रकाशित होने के अगले दिन ही मधु हॉस्पिटल को नायब तहसीलदार की उपस्थिति में सीज कर दिया गया।

कमीशन का चढ़ा खुमार, ड्राइवर बना अवैध अस्पताल का मालिक

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

गोला गोकर्णनाथ में एक दो नहीं कई दर्जनों की संख्या में मानक विहीन तरीके से अवैध अस्पतालों का संचालन हो रहा है।

इन फर्जी अस्पतालों में डिग्री होल्डर डॉक्टर तो ना के बराबर मिलते हैं लेकिन ऐसे अस्पतालों के बोर्ड पर कई बड़े-बड़े एमबीबीएस डॉक्टर के नाम लिखे होते हैं। यहां तक कि कुछ गिने-चुने एमबीबीएस डॉक्टर के नाम एक नहीं कई अस्पतालों के बोर्ड पर देखने को मिल जाएंगे।

चिकित्सा विभाग की लचर कार्यशैली के साथ साथ फर्जी अस्पताल प्रबंधन और आशा बहू की मजबूत साथ गठ के चलते इस प्रकार के दर्जनों अस्पताल प्रबंधन फल फूल रहे हैं। आशा बहुओं के साथ मेटिंग कर ऐसे फर्जी अस्पतालों के मालिक अकूत संपत्ति बनाने में पूरी तरह माहिर हो चुके हैं।

कमीशन का चढ़ा खुमार ड्राइवर बना फर्जी अस्पताल का मालिक: नगर के कुछ अन्य अस्पताल प्रबंधन के लोगों द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया गया कि इस अस्पताल का मालिक कभी ड्राइवर हुआ करता था एक दिन ऐसे ही किसी पेशेंट को अपनी चार पहिया गाड़ी से किसी अस्पताल को छोड़ने चला गया।

इसके एवज में इसको 2000 का कमीशन मिल गया उसी दिन से ड्राइवर को पता चल गया कि इस धंधे में काफी लाभ है जिसके चलते ड्राइवरी करते करते धीरे-धीरे सवारियों को लाना ले जाना कम कर दिया और प्रसव के लिए ले जाने वाली प्रसूताओं को अस्पतालों तक ले जाने का काम शुरू कर दिया।

सीज करने पर भी नई बिल्डिंग में संचालित हो जाता अस्पताल

गोला नगर में आए दिन फर्जी अस्पतालों का संचालन होता रहता है हालांकि चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही भी की जाती है लेकिन कुछ लोग चिकित्सा अधिकारियों की आखों में भी धूल झोंक कर अस्पताल के सीज होने के बाद दूसरी बिल्डिंग में नाम बदलकर पुनः अस्पताल का संचालन करना शुरू कर देते हैं। बता दें लखीमपुर रोड पर मधु हॉस्पिटल नाम से संचालित अस्पताल इससे पूर्व 2 बार सीज किया जा चुका है फिर भी जगह बदलकर तीसरी बार पुनः संचालित हो रहा है।

ड्राइवर को मिला कई अस्पतालों में काम करने का मौका

ड्राइवर द्वारा मरीजों में कई प्रसूताओं को अस्पताल तक पहुंचाने का जब काम शुरू कर दिया गया, काम को देखते हुए कई अस्पताल के मालिकों ने उस ड्राइवर को अपने अस्पताल में नौकरी भी दी लेकिन ड्राइवर धीरे-धीरे अस्पताल को चलाने का तरीका जान गया देखते ही देखते बन गया फर्जी अस्पताल का मालिक।

इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक गोला डॉक्टर गणेश ने बताया कि ऐसे अस्पताल की जानकारी हुई है। जल्द ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

समृद्धि न्यूज की खबर का हुआ बड़ा असर

> मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश और एसडीएम गोला के निर्देशानुसार अस्पताल की मानक पात्रता को जांचा गया जिसमें तमाम प्रकार की अनियमितता पाई गई थी जिसके कारण अस्पताल को सीज कर दिया गया।

विवादों के घेरे में एक बार फिर बनगवां मंडी

पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर पर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर अवैध बसी बनगवां मंडी एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है, आपको बता दें कि सरकार द्वारा थारू जनजाति के लोगों को गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि कृषि कार्य कर जीवकोपार्जन हेतु भरण पोषण के लिए आवंटित की गई थी लेकिन आलम यह है कि पिछले लगभग दस वर्षों में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर लगभग दो सौ अवैध दुकानों का आंकड़ा पार कर चुकी है, थारूओं ने धन के लालच में सरकारी जमीन को व्यापार का जरिया बना लिया है तथा स्टांप पेपर पर फर्जी लिखा पढ़ी कर दो दो लाख रुपये एडवांस पगड़ी लेकर दस हजार से पंद्रह हजार रु प्रति दुकान से किराया वसूल किया जाता है,पीड़ित शिव कुमार ने तहसील प्रशासन पर मिली भगत का आरोप लगाया है यही कारण है कि शिकायतकर्ता द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, पीड़ित शिव कुमार ने बताया कि यदि कार्यवाही नहीं की गई तो पीड़ित आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाएगा।

थाने मे नहीं सुनी गई फरियाद, बुजुर्ग महिला ने एसपी से लगाई गुहार

संसारपुर खीरी। शिवरानी पत्नी रघुनाथ उम्र 60 वर्ष निवासिनी ग्राम बोझवा थाना-भीरा, जिला-खीरी ने पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया की है। 16.08.2024 को रात समय लगभग 7 बजे प्रार्थिनी के गांव के ही अक्षय, अजय, नागेश पुत्रगण राजिन्द्र ने अकारण घर में घुसकर प्रार्थिनी को गाली-गलौज व लात-घूसों एंव लाठी-डण्डों से मारा-पीटा, जिससे प्रार्थिनी के सरीर में अन्दरूनी चोटें आयीउपरोक्त पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जबकि थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है निराशा होकरर बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

डीएम-एसपी ने बंदियों से लिया सुविधाओं का फीडबैक

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से

बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया

डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

तीन एसडीएम के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में शासकीय व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने तथा आम जनमानस को त्वरित न्याय दिलाने के लिए जनपद की सदर तहसील व जालौन तहसील के उप जिलाधिकारी का तबादला करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए। स्थानांतरित के इस क्रम में उप जिलाधिकारी उरई हेमंत पटेल को जालौन तहसील, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल को सदर तहसील में तैनाती की गई। उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट किया गया है।

डॉ. कुमार शरद सिन्हा टॉप डॉक्टर पैथालॉजी एवार्ड से सम्मानित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

आरोग्यम डायग्नोस्टिक सेंटर, लखीमपुर खीरी के प्रबन्धक शिवम यादव ने एक वार्ता में बताया कि सेन्टर के मालिक डाक्टर कुमार शरद सिन्हा ,(एम डी पैथोलोजी) को टाप डाक्टर पैथोलोजी एवार्ड से सम्मानित किया गया है जिससे जन मानस जो उनकी सेवायें लेकर लाभान्वित हुए है,बहुत प्रसन्न है।

आपको बताते चले कि दिनांक 31 अगस्त को लखनऊ हिल्टन होटल में न्यू एज एजूकेशन एन्ड बिजनेस समिट-2024 जो की हिल्टन होटल , लखनऊ में आयोजित हुआ , जिसमें एक्स डिप्टी चीफ मिनिस्टर उत्तर प्रदेश डॉ दिनेश शर्मा एवं अवनीश अवस्थी आईएएस, चीफ एडवाइज़र , मुख्यमंत्री उत्तर-प्रदेश , गेस्ट ऑफ़ ऑनर रहें तथा

- डॉक्टर ,स्कूल व कॉलेजों की टीचर, बिजनेस मैन अपने कार्य क्षेत्र में है आगे

ईसा में लखीमपुर के जाने माने डाक्टर कुमार शरद सिन्हा (एम डी पैथोलोजी) आरोग्यम डायग्नोस्टिक सेंटर , लखीमपुर खीरी , को उत्तर प्रदेश मे ÷ टॉप डॉक्टर पैथोलॉजिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की श्रेणी में पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट से नवाज़ा गया हैं। इस आयोजन में पूरे प्रदेश के सैकड़ो डाक्टर शामिल हुए, उनमे से भी कई अन्य को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन में अन्य राज्यों से भी आये डाक्टर ,स्कूल व कालेजों की टीचर, बिजनेस मैन ,जो अपने कार्य क्षेत्र में आगे है सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे चिकित्सा, शिक्षा तथा व्यवसाय के बारे में चर्चा की गयी।

मवेशियों को पकड़कर भेरौड़ी गौशाला में रखा

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

कस्बे वासियों को जल्द ही सड़क पर घूमते आवारा पशुओं से मुक्ति मिल जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल पर कस्बे को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू किया है।

कस्बे वासियों को जल्द ही सड़क पर घूमते आवारा पशुओं से मुक्ति मिल जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम की पहल पर कस्बे को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत करीब चार दर्जन मवेशियों को पकड़कर भेरौड़ी गौशाला में रखा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने बताया कि नगर पंचायत की गौशाला में मवेशियों को रखने की जगह न होने के चलते इन पर लगाम संभव नहीं हो पा रहा था। लेकिन इस बार पड़ोसी गौशालाओं में आपसी तालमेल बनाकर अभियान के दौरान मवेशियों को पकड़ने के बाद गौशाला में रखने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि कस्बे में आवारा पशुओं से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधि धुर्व वर्मा के सहयोग से नगर पंचायत ने भेरौड़ी गौशाला में मवेशियों को रखने की योजना बनाई है।

जिससे आवारा पशुओं से कस्बा मुक्त होगा। कस्बे में जगह-जगह आवारा मवेशियों के खड़े होने एवं आवारा मवेशियों की सड़कों पर लड़ाई होने से लोगों को निकलने में परेशानी होती थी, साथ ही जान का भी खतरा बना रहता है।इससे क़स्बेवासियों को राहत मिलेगी।

कार चालक को आयी झपकी, कंटेनर से टकरायी कार तीन घायल

जालौन (उरई)। शनिवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कार चालक को झपकी आने से कार आगे जा रहे कंटेनर से टकराई। इसके बाद डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में घायल हुए कार सवारों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उरई में इलाज के दौरान कार चालक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शनिवार की सुबह एक कार में सवार चालक जीतू मिश्रा पुत्र कमलेश (28), कमलेश बाजपेई (45) पुत्र केदार प्रसाद, व सुभि (22) निवासीगण कालुकुंवा जनपद बांदा इटावा की ओर से आकर बांदा की ओर जा रहे थे।

स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से 15 बच्चों को मिलेगी नई मुस्कान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

क्लेफ्ट लीप पैलेंट रोग से संबंधित 15 बच्चों को चिन्हित कर आप्रेशन के लिए शुक्रवार को लखनऊ भेजा गया है। इन सभी का इलाज पूरी तरह से निशुल्क कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी की गई और इन सभी बच्चों को उनके परिजनों के साथ एक बस से लखनऊ भेजा गया। जिसे हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने रवाना किया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्य कर रही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमें जन्म से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों के स्वस्थ्य परीक्षण से लेकर उनके इलाज के लिए प्रयासरत है। विगत मई माह में भी 32 क्लेफ्ट लीप पैलेट बच्चों को भेज कर उपचारित किया गया जो कि अब स्वस्थ है।

इसी क्रम में शुक्रवार को 15 क्लेफ्ट लीप पैलेट के बच्चों को भेजा गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह ने बताया नेतृत्व में 29 अगस्त 2024 को कार्यलय मुख्य चिकित्साधिकारी लखीमपुर खीरी से चयनित बच्चों व उनके परिजनों को एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद में ऐसे 15 बच्चों को चिन्हित किया गया है। जिनके जन्म से होठ व तालू कटे थे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जन्म से लेकर 19 वर्ष तक के ऐसे बच्चे जिनको किसी भी तरह के जन्मजात दोष होता है, उनका परीक्षण पर चिन्हित किया जाता है एवं जनपद एवं राज्य स्तर पर मुफ्त सर्जरी व इलाज हेतु भेजा जाता है। इसी क्रम में आज 15 बच्चों की सर्जरी हेतु सिफ्स हॉस्पिटल लखनऊ भेजा जा रहा है।

जिनकी जाँच उपरांत मुफ्त सर्जरी की जाएगी। कार्यक्रम के समय डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डीपीएम अनिल यादव डीईआईसी मैनेजर अमित खरे उपस्थित रहे। संबधित ब्लाक के आरबीएसके टीम चिकित्सक डॉ रजिया, डॉ संदीप, डॉ अभिमन्यु, डॉ नरेन्द्र, डॉ सुरेश चन्द्रा, डॉ अनिल वर्मा, डॉ हेमलता, डॉ नीरज उपस्थित थे। जिन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, तीसरी आंख से भी हुई निगरानी

कड़ी निगरानी में 6814 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में निर्देशों के अनुपालन के दिए गए निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन भी जिले के 15 केंद्रों पर सख्त निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न हुई।

पूरी जांच परख के बाद ही अभ्यर्थियों को कक्षाओं में जाने दिया गया।

दोनों पालियों में बुलाए गए 9792 में से 6814 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2978 ने गैरहाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम, एएसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 को लेकर जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को और सख्ती बरती गई। परीक्षा के दौरान अधिकारी लगातार सक्रिय बने रहे। अंतिम दिन की परीक्षा में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रूप से इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक जांच सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने परीक्षार्थियों के सुविधा को ध्यान रखने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अलावा उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बने कंट्रोल रूम कक्ष का भी निरीक्षण किया। वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों गुरुनानक इंटर कॉलेज, वाईडी कॉलेज समेत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखकर पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3330 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1566 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3484 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1412 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

जिला जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

तहसील के निकट पेट्रोल पंप के पीछे उदन नाम के व्यक्ति की बाइक सवार दो हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी थी। मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और उसके बाद दूसरे फरार आरोपी सेठ पुत्र गजोधर को गिरफ्तार करके जिला जेल में भेजा गया था।

लखीमपुर खीरी जिला जेल में बंद सेठ नाम के कैदी की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक सेठ नाम का कैदी बीते करीब 5 दिनों से बीमार था। जिसका इलाज ओयल जिला अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करने के लिए जिले के आला अधिकारी पहुंचे। मृतक के भाई ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है। बताया है कि जेल प्रशासन ने उसके भाई सेठ की बीमारी के बारे में कुछ भी नहीं बताया था शुक्रवार को जेल प्रशासन से फोन गया कि उसके भाई की हालत गंभीर है। जब परिजन ओयल जिला अस्पताल पहुंचे तब तक सेठ की मौत हो चुकी थी।

- मृतक के शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करने के पहुंचे आला अधिकारी

दुर्गा माता मंदिर में बीती रात चोरों ने मोटर को बनाया निशाना

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज। कस्बे में चोरियों का सिलसिला फिर शुरू हो गया है बीती रात चोरों ने कस्बे के प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर एवं माझा गुरुद्वारा को अपना निशाना बनाया गुरुद्वारा के दान पत्र का ताला काटने में असफल रहे वहां के सेवादार के नींद खुल जाने के कारणचोर वहां से भाग गये दुर्गा देवी मंदिर लगी मोटर को खोल ले गए मंदिर समिति के अध्यक्ष ने सिंगाही थाना पुलिस एवं 112 को सूचना दी है। शुक्रवार की रात कस्बे के प्राचीन श्री दुर्गा देवी माता मंदिर के प्रांगण लगे नल की मोटर को चोर खोल गए दुर्गा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार सोनी ने बताया कि मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी को शुद्ध पेजल उपलब्ध कराने के लिए मंदिर के प्रांगण में मोटर लगाई गई थी जिसको चोरो ने रात में अपना टारगेट बनाया और मोटर खोल कर चंपत हो गए जिसकी सूचना डायल112 पर दी गई पीआरबी ने मौके का मुआवजा किया है मंदिर समिति ने मोटर चोरी के रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र सिंगाही थाने में दिया है। मांझा गुरुद्वारा में भी असलहां धारी चोरों ने दान पत्र के तालाब तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वहां पर मौजूद सेवादार बाबा ने के जग जाने पर कर वहां से भाग गए। सिंगाही पुलिस मंदिर में पहुंचकर जांच पड़ताल करी।

रेलवे स्टेशन के बाहर फिल्मी अंदाज में जीजा ने साले की कर दी हत्या

इटावा। रेलवे स्टेशन के बाहर चाय की दुकान पर चाय पी रहे युवक की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई, चाय वाले ने बताया की मृतक और हत्यारोपी एक साथ आए थे और चाय पीते पीते एक ने दूसरे पर चाकू से कर दिया हमला,दिन दहाड़े रेलवे स्टेशन के बाहर भीड़ भाड़ वाले इलाके में फिल्मी अंदाज में हत्या में इलाके में हड़कंप मच गया है,आरोपी जीजा को पब्लिक ने पकड़कर जीआरपी पुलिस को सौंपा,फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर जांच में जुटे, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया की जीजा ने साले की हत्या कर दी।

हर्षोल्लास से मनाया गया ठाकुर जी का छठी उत्सव

इटावा, समृद्धि न्यूज।

शहर के छैराहा स्थित वृंदावन धाम श्री राधा वल्लभ मंदिर पर शनिवार को ठाकुर जी का छठी उत्सव हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर लड्डू गोपाल जी के लिए पालना भी डाला गया जिसमें विराजमान भगवान को भक्तों ने बारी-बारी से झुलाया।

बधाई गीतों की मंदिर में धूम रही जिन पर श्रद्धालु खूब थिरके। लड्डू गोपाल व राधाबल्लभ लाल महाराज के जय घोष से मंदिर परिसर व आसपास का क्षेत्र गुंजायमान रहा। छठी उत्सव को लेकर ठाकुर जी का विशेष श्रंगार भी किया गया था और मंदिर को फूलो व गुब्बारो से सजाया गया था। श्री राधा वल्लभ मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी से षष्टम दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत हो गई थी। जन्माष्टमी पर पहले दिन भगवान का ग्यारह मन पंचामृत से अभिषेक किया गया था। वही दूसरे दिन हर्षोल्लास के साथ नंदोत्सव मनाया गया था। इसके अलावा प्रतिदिन मंदिर में बधाई गीतों का सिलसिला जारी रहा।

शनिवार को ठाकुर जी के छठी उत्सव की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। ठाकुर जी के चरण सेबक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी ने भगवान राधा वल्लभ लाल महाराज का जहां आकर्षक श्रंगार किया गया था वही लड्डू गोपाल का भी विशेष श्रंगार किया था। उनके लिए मंदिर परिसर में विशेष पालना भी डाला गया था इस पालने को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। पालने में विराजमान लड्डू गोपाल की छवि देखते ही बन गई थी हर कोई भक्त भगवान के पालनें को झुलाना चाहता था। बारी बारी से भक्तों ने भगवान को पालने में झुलाया। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के खिलौनों के साथ अन्य कई प्रकार के सामान भी भक्तों ने बाल गोपाल को अर्पित किए।

- मंदिर में भक्तों के लिए विशेष प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी महाप्रसादी को भक्तों ने ग्रहण किया

मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिलाओं के द्वारा जन्म बधाइयां गायी गई। जन्म बधाईयों पर महिलाएं व बच्चे खूब थिरके।

गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी फल, फूल, मेवा, टॉफी, बिस्किट की लुटाई करते रहे। जिन्हें श्रद्धालु श्रद्धाभाव के साथ लूटते रहे। बीच-बीच में फूलों की वर्षा भी की गई। ठाकुर जी की छठी के साथ छह दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हो गया। मंदिर में भक्तों के लिए विशेष प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी।

महाप्रसादी को भक्तों ने ग्रहण किया। ठाकुर जी की छठी उत्सव में शामिल होने के लिए वृंदावन, राजस्थान व अन्य स्थानों से भी श्रद्धालु आए थे सभी ने छठी उत्सव का आनन्द उठाया।

अब विरासत के आधार पर बनाए जाएंगे शस्त्र लाइसेंस : जिलाधिकारी

उरई ,जालौन। जनपद में मृतक शस्त्र धारकों के विरासत लाइसेंस बनाने के लिए कलेक्ट्रेट में प्राथमिकता पर विरासत के आधार पर लोगों के शस्त्र लाइसेंस बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने समीक्षा के दौरान कहा कि माह के तृतीय शुक्रवार को कलक्ट्रेट में आवदेकों के विरासत के आधार पर शस्त्र लाइसेंस बनाए जाएं। इसके लिए आवेदक को सभी दस्तावेज के साथ माह के तृतीय शुक्रवार को आवेदन करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मृतक शस्त्र धारकों के लिए विरासत लाइसेंस बनाए जायेंगे, इसके लिए कलक्ट्रेट में विरासत की विचाराधीन पत्रावलियों का निस्तारण किया जाएगा।

सूचना

मैने अपनी बहू मंजीत कौर पत्नी स्व. कश्मीर सिंह जो आये दिन मुझे प्रताड़ित कर परेशान करती हैं और मेरा कहा नहीं मानती तथा मनमानी करती हैं। जिसका चालो चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगी। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा।

निरंजन सिंह पुत्र गुरुदयाल सिंह निवासी ग्राम कुंवारापुर थाना कोतवाली सदर तहसील लखीमपुर जिला लखीमपुर खीरी।

रोजगार मेले में 27 कंपनियों ने लिया हिस्सा 360 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में शनिवार को विशेष शिशिक्षु रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई, अलीगंज और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों और अन्य शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने मेले का उद्घाटन करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस संस्थान में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए समर्पित प्रयासों की सराहना की और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।हरीश मिश्रा उप प्रधानाचार्य ने मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस रोजगार मेले में 27 कंपनियों ने हिस्सा लिया और 360 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर दिए गए।

केन्द्र सरकार ने विमुक्त जातियों के लिए शुरू की कल्याणकारी योजनाएं

अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 73वें विमुक्त जाति दिवस को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । देश के स्वतंत्रता आंदोलन में विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 1857 की क्रांति में घर-घर कमल और रोटी पहुंचा कर क्रांति की पृष्ठिभूमि को तैयार करने में इन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इनके रण कौशल ने अंग्रेज हुकूमत को जमकर छकाया।

समाज कल्याण, अनुसुचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 73वें विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अरूण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है। वर्तमान समय में इस समुदाय के छात्रों को शिक्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इनके लिए आवासीय और गैर आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ कौशल विकास के मध्यम से रोजगारपरक संसाधनों से भी जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ किताब, कॉपी, ड्रेस आदि भी सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार विमुक्त जातियों के लिए लगातार कार्य कर रही है। देश की आजादी को लेकर इस समुदाय ने ज्वाला जलाने का काम किया। इनके कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही हैं और आवश्यकता अनुसार अन्य सुविधाएं भी केंद्र व राज्य सरकार दे रही है नरेन्द्र कश्यप ने आश्वस्त किया कि केन्द्र और राज्य सरकार विमुक्त समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर संजीव कुमार गोंड, राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरिओम निदेशक कुमार प्रशांत कार्यक्रम के संयोजक रावेंद्र कुमार, संयोजक दीपक सहित भारी संख्या में प्रदेश भर से आए विमुक्त एवं घुमंतू समाज के नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।कार्यक्रम में विमुक्त समुदाय से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले 15 लोगों सम्मानित किया गया। इसमें दो खिलाड़ी, तीन विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित और 10 शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शामिल हैं।

खबरें एक नजर में

मांगों को लेकर अड़े सीएचओ, चार दिन से कर रहे प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 21 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) आंदोलनरत है, लेकिन बुधवार से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है। 17 हजार के करीब सीएचओ ने काम करने से मना कर दिया है। शनिवार को चौथे दिन भी प्रदर्शन इको गार्डन में जारी रहा है। बताया जा रहा है कि इको गार्डन में करीब 4 से 5 हजार सीएचओ लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आज के दिन एक प्रदर्शनकारी महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। महिला की तबीयत बिगड़ने पर धरना दे रहे सीएचओ ने नारेबाजी भी की है और कहा कि प्रमुख सचिव होश में आयें। यदि किसी भी सीएचओ साथी के साथ इस धरना प्रदर्शन में कुछ अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रमुख सचिव की होगी। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने कहा है कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रमुख सचिव का रवैया सीएचओ साथियों के साथ अच्छा नहीं है। करीब 16 हजार से अधिक आयुष्मान मंदिर बंद हो गये हैं। मरीजों को टेली कंसल्टेंसी के जरिये परामर्श नहीं मिल पा रहा है और न ही दवायें उपलब्ध हो पा रही हैं। इतना ही नहीं टीकाकरण का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

कई जिलों के व्यापारियों ने व्यापार मंडल की सदस्यता ली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में एक विशेष सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रयागराज, जौनपुर, और प्रतापगढ़ के व्यापारियों ने मंडल की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में प्रयागराज से वरिष्ठ व्यापारी नेता रमेश केसरवानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सदस्यता ली। इसी तरह, जौनपुर के व्यापारियों ने जौनपुर के व्यापारी नेता श्रवण कुमार जायसवाल के नेतृत्व में और प्रतापगढ़ के व्यापारियों ने आदित्य सिंह के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में चंद्र प्रकाश केशरी, शंकर लाल केसरवानी, राजेंद्र कुमार स्वर्णकार, आदित्य सिंह, रमेश यादव, रीता सोनी, सुषमा केसरी, अमरचंद गुप्ता और रामबाबू केसरवानी जैसे प्रमुख व्यापारी शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश के सभी जिलों में संगठन का गठन करेगा। सदस्यता कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इनमें प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, लखनऊ नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, लखनऊ नगर उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव और ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम शामिल थे। इन पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और व्यापारियों को संगठन के उद्देश्यों और योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

पेट्रोल पंप कर्मचारी को पीटकर किया लहूलुहान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। जानकारी के मुताबिक, नेपियर रोड कॉलोनी ठाकुरगंज के रहने वाले रोहित जायसवाल पुत्र अमृतलाल जायसवाल का सरोसा भरोसा पारा में आरपीआर पेट्रोल फिलिंग स्टेशन नाम से पेट्रोल पंप है। शुक्रवार रात स्कार्पियो व बाइक से 10-12 लोग पहुंचे। सभी बदमाशों के पास असलहा था। वहां मौजूद मिलन नाम के कर्मचारी को लूटने की कोशिश करने लगे। कर्मचारी ने विरोध किया तो पिस्टल की बट से सिर पर मार दी। जिसके कारण मिलन के गंभीर चोटें आई हैं। सभी आरोपी नशे में थे। वहां मौजूद अन्य कर्मचारी बीच-बचाव करने आ गए तो लूट में नाकाम होता देख बदमाशों ने उनसे भी मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद फिलिंग स्टेशन पर बने ऑफिस में घुसकर सामान उठाने का प्रयास किया। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है 10 से 12 लड़के पेट्रोल पंप की तरफभागते हुए आते हैं। इसके बाद वहां खड़े कर्मचारियों में से एक को किनारे खींच कर मारपीट करने लगते हैं। पैसा छीनने का प्रयास करते हैं। कर्मचारी ने विरोध किया तो असलहे के बट से सिर पर हमला कर दिया। पेट्रोल पंप कर्मचारी से मारपीट करने वालों के खिलाफतहरीर दी है।

रेप का आरोपी गिरफ्तार, दो दिन से पुलिस तलाश रही थी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ पुलिस ने दुराचार और ब्लैकमेलिंग के आरोपी शिवम सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना ठाकुरगंज में मुकदमा दर्ज था। पीड़िता ने 29 अगस्त को थाने में तहरीर दी थी कि आरोपी ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करके रेप किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। शनिवार को आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार, 8 लाख के जेवर बरामद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में घरों में रेकी करके चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर एक महिला को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास चोरी के जेवर और एक बाइक बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अपने गैंग में महिला को इसलिए रखते थे जिससे कोई शक न करे। पुलिस अन्य घटनाओं के बारे में भी पूछताछ कर रही है। बता दें, न्याय विहार मड़ियांव के रहने वाले इंद्र देव पुत्र स्वर्गीय स्वदेशी राम ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वो अपने परिवार के साथ रात में करीब 10.30 बजे अपने भाई के घर गए थे। वहां से लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा है और सारी ज्वैलरी गायब है। इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं को देखते हुए टीम गठित की गई। टीम सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से चोरों की तलाश कर रही थी। इलाके में फोटो सर्कुलेट की गई।

सीएम योगी करेंगे एशिया के पहले राजगिद्ध संरक्षण केंद्र का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/गोरखपुर। देश ही नहीं एशिया में राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) के संरक्षण के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज में स्थापित 'जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र' का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके लिए 6 सितंबर की तिथि प्रस्तावित है। इस जटायु संरक्षण केंद्र का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने 7 अक्टूबर 2020 को किया था। जटायु संरक्षण केंद्र का उद्घाटन करने के बाद 6 सितंबर को ही मुख्यमंत्री स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित मानीराम क्षेत्र के सोनबरसा गांव में 634.66 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

राजगिद्ध जटायु की गाथा तो रामायण काल से ही सभी जानते हैं लेकिन पर्यावरणीय खतरे के चलते जटायु के वंशजों के अस्तित्व पर ही संकट आ गया। योगी सरकार ने इस संकट को दूर करने का संकल्प लिया है। राजगिद्ध के संरक्षण व संवर्धन के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज (भारीवैसी) में जटायु संरक्षण व संवर्धन केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र के जरिये राजगिद्धों की संख्या बढ़ेगी ही, विलुप्त होती प्रजातियों में शामिल इन जीवों को देखने के लिए सैलानियों की आमद बढ़ने से ईको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र की स्थापना पर कुल 2 करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की लागत आई है। इसमें ब्रीडिंग एवरी, होल्डिंग एवरी, हॉस्पिटल एवरी, नर्सरी एवरी, वेटनरी सेक्शन, प्रशासनिक भवन, रिकवरी एवरी, गार्डरूम, जेनरेटर रूम, पाथवे का निर्माण किया गया है। इस केंद्र में कुल 8 स्टाफ कार्यरत हैं। जटायु संरक्षण केंद्र में कुल 6 राजगिद्धों (नर एवं मादा) को लाया जा चुका है। यहां राजगिद्धों की निगरानी की सीसी टीवी कैमरों से की जाएगी।

गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव के मुताबिक पांच हेक्टेयर जमीन पर बनाए गए इस केंद्र के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी और प्रदेश सरकार के बीच में समझौता हुआ है। गोरखपुर वन प्रभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार इस जटायु संरक्षण केंद्र से आगामी आठ-दस साल में 40 जोड़े राजगिद्ध छोड़े जाने का लक्ष्य है।

रेल ओवरब्रिज, स्मार्ट स्कूल व स्मार्ट पंचायत भवन का होगा लोकार्पण

जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनबरसा गांव में आयोजित समारोह में 88 करोड़ 46 लाख 98 हजार रुपये की दो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 546 करोड़ 19 लाख 11 हजार रुपये की तीन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं की कुल लागत 634 करोड़ 66 लाख 9 हजार रुपये है। लोकार्पण की प्रमुख परियोजना बालापार-टिकरिया मार्ग स्थित रेल समपार संख्या-6 के स्पेशल टू लेन रेल ओवरब्रिज शामिल है। इसके निर्माण पर 84 करोड़ 87 लाख 58 हजार रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री सोनबरसा गांव में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के सीएसआर फंड से जीडीए द्वारा बनवाए गए स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट पंचायत भवन का भी लोकार्पण करेंगे। इस पर 3 करोड़ 59 लाख 40 हजार रुपये की लागत आई है।

फोरलेन व नए थाना भवन के निर्माण कार्य का होगा शिलान्यास

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के हाथों बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार मार्ग के फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 519.62 करोड़), रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सिकटौर को उच्चीकृत कर थाना सिकटौर सोनबरसा हेतु प्रशासनिक व आवासीय भवनों (लागत 26.56 करोड़) के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे।

कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने व बेहतर पैकेजिंग से बढ़ रहा है निर्यात

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में कई नए अवसरों का उदय हो रहा है। राज्य की योगी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए योजनाओं पर काम कर रही है। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शनिवार को भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य कृषि सम्मेलन में इन योजनाओं और प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उद्यान मंत्री ने सम्मेलन में बताया कि आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे-ड्रिप इरिगेशन, जैविक खेती, और स्मार्ट खेती के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन तकनीकों को अपनाएं ताकि कृषि को अधिक लाभदायक बनाया जा सके। यूपी सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाएं किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेंगी और बढ़ते उत्पादन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करेंगी।मंत्री ने बताया कि राज्य के कृषि उत्पादों की गुणवत्ता को सुधारने और उन्हें बेहतर तरीके से पैकेजिंग कर निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस कदम से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके उत्पादों के लिए बेहतर कीमत प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने फल, फूल, मसाला, और सब्जियों की खेती को किसानों की आय में वृद्धि के प्रमुख साधनों के रूप में बताया। राज्य में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसान नई कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उन्हें अपने खेतों में लागू कर सकेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि क्षेत्र में नवाचार, और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था।

मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त हुए 21 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने उ0प्र0 सचिवालय सेवा के 21 कार्मिकों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों को सेवानैवृत्तिक लाभों (सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन, उपादान, राशिकारण, अवकाश नकदीकरण व जीपीएफ) से सम्बन्धित आदेशों का भी वितरण किया।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनायें देते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज निष्कलंक व बेदाग सेवा पूरी कर वह सभी देयकों का भुगतान प्राप्त कर रहे हैं। 140 करोड़ लोगों के देश में मात्र 1.5 से 2 करोड़ लोग सरकारी सेवा में है। इस सेवा के माध्यम से लोकहित के लिए सोचने व कार्य करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाला व्यक्ति खुश व सफल होता हैं। आप जैसा सोचेंगे वैसा ही कार्य करेंगे, इसलिए व्यक्ति की सोच हमेशा सकारात्मक होनी चाहिये। दृढ़ता से कार्य करेंगे तो मंजिल तक अवश्य पहुंचेंगे। शासकीय सेवा में कार्मिकों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरा विश्वास है कि सेवानिवृत्त होने के उपरांत वह जो भी कार्य करेंगे, वह अन्य की अपेक्षा बेहतर होगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त कार्मिकों में 01 विशेष सचिव, 02 संयुक्त सचिव, 02 उप सचिव, 01 निजी सचिव, 06 अनुभाग अधिकारी, 04 समीक्षा अधिकारी, 01 विधान भवन रक्षक एवं 04 वरिष्ठ अनुसेवक शामिल थे।

अपराध के नए तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और अधिक बढ़ा

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने शनिवार को कहा कि अपराध के नये तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और अधिक बढ़ गया है। न्यायमूर्ति सिंह लखनऊ स्थित 'उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस' में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संस्थान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में उन्होंने कहा, पहले फॉरेंसिक साइंस पर इतना ध्यान नहीं दिया जाता था, लेकिन अब अपराध के नये तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और भी बढ़ गया है। सिंह ने कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्य को सही ढंग से देखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्रिटेन से आये विशिष्ट अतिथि वक्ता रॉबर्ट ग्रीन ओबे (केन्ट विश्वविद्यालय) ने छात्रों को श्स्कानून, प्रयोगशाला और न्याय के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान में मूल्यांकन, विचार और आलोचनात्मक सोच का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रीन ने कहा, ''विश्व स्तर पर फोरेंसिक विज्ञान में वर्ष 1995 में सबसे बड़ा उछाल आया था।

यूपी में वाटर स्पोर्ट्स की है अपार संभावनाएं

प्रयागराज में पर्यटकों के लिए शुरू होगा मिनी क्रूज बोट का संचालन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पर्यटकों के लिए अयोध्या, काशी और प्रयागराज में अब रोमांच से भरे जल भ्रमण का अवसर उपलब्ध होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम ने इसकी तैयारी कर ली है। वर्षा ऋतु के बाद अयोध्या व काशी में एक तरफजहां कैटामरान का पुनः संचालन शुरू होगा, वहीं प्रयागराज में पर्यटक मिनी क्रूज बोट का आनंद ले सकेंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

यूपी में वाटर स्पोर्ट की अपार संभावनाएं हैं, जिसे धरातल पर उतारा जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यहां के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक, ईको सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया था। पर्यटकों के लिए पर्यटन के अन्य आयाम जैसे रूरल, एग्री, वाटर स्पोर्टस आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पर्यटक इन स्थलों पर भ्रमण कर सुखद स्मृतियां संजो सकें। अयोध्या, काशी, प्रयागराज में जलक्रीड़ा गतिविधियों के आनंद का अवसर उपलब्ध कराने की तैयारी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आईडब्ल्यूएआई ने उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम को पिछले महीने अयोध्या और काशी में कैटामरान, जबकि प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बोट हैंडओवर किया था। पूरी तरह से वातानुकूलित कैटामरान में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है, प्रयागराज में दो मिनी क्रूज बोट में 30-30 लोगों व 06 मोटर बोट में 6 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। इन बोटों के अलावा दो रेस्क्यू बोट भी हैं। इनके संचालन की प्रक्रिया पर्यटन निगम के द्वारा शुरू कर दी गई गई है। भविष्य में पीपीपी मोड पर संचालन हेतु टेंडर निकाला जा चुका है। वर्षा ऋतु के बाद इन सभी का नियमित संचालन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या को देखते हुए दो और बोट बढ़ाई जाएगी, जो कि सौर ऊर्जा से संचालित होगी। इसे नेडा हैंडओवर करेगा। ये भी 30-30 सीटर होंगे।

राजकीय और निजी आईटीआई में प्रवेश सत्र की रिक्त सीटों के लिए तृतीय चरण की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, ने प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त-2024 के लिए द्वितीय चरण के उपरांत रिक्त सीटों की जानकारी जारी कर दी है। ये जानकारी जनपदवार, संस्थानवार और व्यवसायवार विवरण के साथ परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के तहत पंजीकृत अभ्यर्थियों से नवीन विकल्प आमंत्रित किए जा रहे हैं। विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग एवं अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि नवीन विकल्प पंजीकरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर 31 अगस्त से 02 सितंबर रात 12 बजे तक खुली रहेगी। तृतीय चरण के लिए ऐसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें प्रथम और द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है। अगर अभ्यर्थी द्वारा कोई नवीन विकल्प पंजीकृत नहीं किया जाता है, तो उन्हें उनके मूल आवेदन में प्रस्तुत किए गए विकल्प के अनुसार तृतीय चरण की सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित कर लिया जाएगा।

यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की सफलता पर सीएम योगी ने दी बधाई

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आरक्षी भर्ती परीक्षा के सफलता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड, जिला प्रशासन समेत समस्त पुलिस अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, यूपी पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,200 से अधिक पदों पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा-2023 के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई! परीक्षा में सहभागिता करने वाले सभी ऊर्जावान और अनुशासित युवाओं को मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हों, सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, इस के लिए अनंत मंगलकामनाएं! विश्व की सबसे बड़ी सिविल पुलिस भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक, सकुशल संपन्न कराने में सहयोगी सभी जनों, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और समस्त जनपदों के जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद। यूपी पुलिस की ओर से बताया गया कि 24 अगस्त से शुरू हुई उप्र पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा-2023 प्रदेश के 67 जिलों एवं कमिश्नरेट के 1174 केंद्रों पर आयोजित की गई। इसमें 48 लाख से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस-पीएसी बल लगायी थी। इसके अतिरिक्त पर्यवेक्षक ड्यूटी के लिए 15 एसपी, 31 एएसपी, 28 डीएसपी रैंक के अधिकारी भी लगाये गए थे।

योगेश पवार बने लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष

लखनऊ । योगेश पवार को लोक निर्माण विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। योगेश पवार अभी तक लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता परिकल्प के पद पर तैनात थे। लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष के रिटायर होने के बाद यह जिम्मेदारी मिली है। योगेश पवार इससे पहले निर्माण निगम में एमडी के पद पर रहे चुके हैं। लोक निर्माण विभाग में उनको यह जिम्मेदारी तब मिली है जब विभाग काफी विवादों में है। मौजूदा समय इस विभाग की जिम्मेदारी सीएम योगी आदित्यनाथ के पास है। पिछले दिनों विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। यहां तक की कई लोग ऐसे हैं जो मुख्यालय में 10 साल से जमे हैं, उनका तबादला नहीं किया गया और एक से दो साल वालों का तबादला कर दिया गया। इसके अलावा कर्मचारी संगठनों ने आपस में भी एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

समझौता | यह पहल दूरस्थ शिक्षा और ओपन शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम

संस्कृत विवि लखनऊ में इग्नू के संस्कृत प्रोग्राम शुरू होंगे

दोनों संस्थानों के बीच किया गया अनुबंध

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । लखनऊ के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में अब इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय) के माध्यम से विभिन्न संस्कृत सम्बद्ध प्रोग्राम की शुरुआत होने जा रही है। यह पहल दूरस्थ शिक्षा और ओपन शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है।

इसे दोनों संस्थानों के बीच हुए अनुबंध के तहत लागू किया जा रहा है। इस अनुबंध के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में इग्नू के स्टडी सेंटर्स खोले जा रहे हैं और विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रोफेसर सर्वनारायण झा ने कहा कि, गोमती नगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर में अब एमए संस्कृत, एमए ज्योतिष, एमए हिन्दू स्टडीज और एमए भगवद्गीता अध्ययन के कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, संस्कृत साहित्य में विज्ञान विषय में एक डिप्लोमा कार्यक्रम भी शुरू हो रहा है। इन कार्यक्रमों को घर बैठे, पढ़ाई या नौकरी करते हुए भी किया जा सकता है। इससे छात्र संस्कृत शास्त्रों का अध्ययन कर सकते हैं। डाक्टर कीर्ति विक्रम सिंह, इग्नू की क्षेत्रीय शाखा के सहायक निदेशक ने बताया कि, हिन्दू स्टडीज और भगवद्गीता स्टडीज में स्नातकोत्तर के कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार शुरू किए गए हैं। इन कार्यक्रमों का स्टडी मटेरियल और अध्ययन-अध्यापन हिंदी में होगा, हालांकि परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से भी दी जा सकती है। ये दोनों कार्यक्रम तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रवेश मिल रहे हैं। भविष्य में ये इग्नू के प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

डाक्टर प्रफुल्ल गड़पाल, परिसर में इग्नू के प्रोग्राम के संयोजक ने कहा कि, इस समय जुलाई सत्र हेतु प्र

पुलिस भर्ती परीक्षा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न

- पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत लगातार भ्रमण शील रहते हुए एसपी ने परीक्षा केन्द्रों किया निरीक्षण
- प्रथम पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से 3969 अभ्यर्थी उपस्थित व द्वितीय पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से 4081 अभ्यर्थी रहे उपस्थित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

आज दिनांक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की प्रथम एवं द्वितीय पाली की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 व सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगणों से वार्ता कर पुलिस भर्ती की प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा को सुचितापूर्ण, निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से जनपद में 23 से 31 अगस्त तक जनपद के 13 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न कराया गया । ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधि0/ कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी। दिनाँकः 31 अगस्त, 2024 को पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से कुल 3969 अभ्यर्थी उपस्थित, तथा 1263 अभ्यर्थी अनुपस्थित। दिनाँकः 31 अगस्त, 2024 को पुलिस भर्ती परीक्षा के द्वितीय पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से कुल 4081 अभ्यर्थी उपस्थित, तथा 1151 अभ्यर्थी अनुपस्थित।

मानक विहीन सड़क व नाली निर्माण पर एडीओ पंचायत सख्त, नोटिस जारी

- पंचायत सचिव व कंसल्टिंग इंजीनियर को आख्या न देने पर कार्रवाई की चेतावनी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

जनपद के वजीरगंज विकासखण्ड के वजीरगंज ग्राम पंचायत में मनमाने तरीके से हो रहे मानक विहीन सड़क व नाली निर्माण की सूचना पर सख्त एडीओ पंचायत रवि मिश्रा ने संबंधित जिम्मेदारों को नोटिस देकर स्पष्ट आख्या तलब की है तथा आख्या ना देने पर उन्हें विभागीय कार्यवाही के लिये भी चेताया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज बाजार में स्थित मस्जिद के पीछे से गिरधारीपुरवा मोहल्ले में बगैर स्वीकृति के मानक विहीन बनाई नाली व आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी सूचना निर्माण के वीडियो व फोटो के साथ एडीओ पंचायत को मिली। जिस पर उन्होंने पंचायत सचिव व कंसल्टिंग इंजीनियर को बुलाकर उनसे इस संबंध में जानकारी की। जिसमें दोनो ने मौखिक रुप से निर्माण की स्वीकृति ना होने की बात कही। इस पर एडीओ पंचायत ने पंचायत सचिव व कंसल्टिंग इंजीनियर को आख्या न देने पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए दोनो को तत्काल जाँच करके रिपोर्ट देने को कहा है। बता दें कि दो वर्ष पूर्व पुरानी नाली को तोड़कर नयी मानक विहीन नाली बनाई गई थी, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। बारिश में सत्तर प्रतिशत के करीब मुहल्ले का पानी नाली से सीधी दिशा में निकल जाता था,लेकिन तीस प्रतिशत का पानी उल्टी दिशा में वापस होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती थी। जिस पर तुगलकी सोच वाले ग्राम प्रधान ने आरसीसी सड़क राबिश से पाट डाली। जब उससे भी बात नहीं बनी तो अब 100 मीटर के करीब मानक विहीन आरसीसी सड़क व नाली बनाकर सरकारी पैसे का बंटाधार कर रहा है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रवि मिश्रा ने बताया कि उन्हें गिरधारीपुरवा में मानक विहीन सड़क व नाली निर्माण की फोटो व वीडियो के साथ सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने तत्काल कंसल्टिंग इंजीनियर अशोक जायसवाल व पंचायत सचिव को नोटिस देकर जाँच कर आख्या माँगी है तथा इसमें लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जाँच आख्या मिलने पर जो भी जिम्मेदार होंगे उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

सूचना विभाग के मददगार बाबूलाल सेवानिवृत्त

- रिटायर होने पर सूचना विभाग के कर्मचारी को दी गई विदाई

गोंडा ,समृद्धि न्यूज। विगत 30 साल से मण्डलीय सूचना विभाग गोण्डा में तैनात रहे मददगार बाबूलाल के शनिवार को रिटायर होने पर उन्हे भावभीनी विदाई अधिकारियों, कर्मचारियों व कई पत्रकार बन्धुओं के द्वारा दी गई। विदाई समारोह सूचना कार्यालय में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने की। अपनी बेहतरीन सेवा देकर रिटायर होने पर सभी के द्वारा विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। विदाई कार्यक्रम में वाहन चालक लीलाधर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वीरेंद्र कुमार पूर्व में जनपद में तैनात रहे पूर्व सूचना अधिकारी शिवनाथ, सूचना निदेशालय में कार्यरत प्रिंस कुमार व संजय कुमार सहित कई अधिवक्ता व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने मददगार बाबूलाल के द्वारा सूचना विभाग में दी गई सेवा की तारीफ की तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि बाबूलाल जी द्वारा सौंपे गए विभागीय सभी कार्य पूरी तत्परता से किए जाते थे उन्होंने अपने सेवाकाल में अपने कार्यों का बखूबी से निर्वहन किया।

दादी जी का भादी मावस उत्सव आज

- तीज गई सावन गया, गया राखी का त्योहार, अब दादी जी के स्वागत में आया भादी मावस का त्योहार

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

भादी मावस उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम मैं शनिवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर गोंडा के प्रांगण में मेहंदी उत्सव का कार्यक्रम हुआ जिसमें समाज की तमाम महिलाओं ने दादी के नाम की मेहंदी हाथों में लगाईं।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्याम मंदिर महिला मंडल के सदस्यों ने सर्वप्रथम झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी के हाथों और पैरों में मेहंदी रचाई उसके बाद सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी लगवाई। और आज रविवार को दादी जी के उत्सव में मंगल पाठ का आयोजन भी होगा जो बनारस से मुख पाठ वाचिका पायल अग्रवाल रहे गी। मुख्य यजमान मुकेश - अनीता नहारिया होंगी और उनके साथ यह 13 विशिष्ट महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहनकर और चुनरी ओढ़ कर मंगल पाठ में शामिल होंगी जिसमें शालिनी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सारिका सोमानी, संगीता भावसिंहका, श्वेता जैन, कीर्ति सिंघल ,सविता गोयल, रेनू मंगल, पूजा मोदी, सुरुचि अग्रवाल, निकिता संघई, मानसी सिंघल, शालिनी अग्रवाल रहेगी।

यह जानकारी श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्षा सरोज अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया की तैयारी पूरी कर ली गई है जिसमें सभी मंडल सदस्यों को अपनी अपनी जिम्मेदारी दी जा चुकी है। जिसमें बेनू अग्रवाल, सरोज गर्ग, मीना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, उमा ताजपुरिया, ज्योति तुलस्यान, संगीता अग्रवाल, पूनम मित्तल, शारदा गर्ग, नीतू गर्ग, सुधा अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नम्रता गर्ग, किरन बंसल,मंजू अग्रवाल, किरन अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, प्रीति तुलस्यान सहित अन्य लोग मौजूद रहीं ।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

गोंडा, समृद्धि न्यूज। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में बहराइच रोड निकट आरामशीन के पास मटकी फोड़ प्रतियोगिता कराई गई श्री कृष्ण जी जिस- जिस कलाकारी से मटकी फोड़ते थे मक्खन निकाल कर खा लेते थे उसी प्रकार प्रतियोगिता गढ़ मटकी फोड़े मटकी फोड़ने वाले में बाल गोपाल मित्र मंडल, मराठा टीम सनातनी सेना एवं तथा महाकाल टीम ने क्रमशः मटकी फोड़ा, सभी टीम को मेडल दिया गया तथा विजेता टीम बाल गोपाल मित्र मंडल को 2100 रुपए का नगद इनाम दिया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष राजन तिवारी थे इस कार्यक्रम में समिति उपाध्यक्ष हर्ष त्रिपाठी, संरक्षक पंकज मिश्रा , सचिव रितेश गुप्ता सह सचिव अनमोल पांडे संरक्षक अनिल सिंह, व्यवस्थापक,आयुष श्रीवास्तव (चित्रांश एजुकेशन टीम) , सुमित सैनी तथा उपव्यवस्थापक कमलेश कुमार पांडे, कुंज गुप्ता, विशाल सिंह, पीयूष गुप्ता, आदि लोग सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

खबरें एक नजर में

महिला उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त

- अपर पुलिस अधीक्षक ने शॉल व बुके देकर उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

गोंडा, समृद्धि न्यूज। शनिवार को जनपद गोंडा पुलिस से 01 महिला उपनिरीक्षक अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुई। इस दौरान पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय द्वारा सेवानिवृत्त होने वाली महिला उपनिरीक्षक श्रीमती शीला देवी को शॉल, प्रशस्त्रि पत्र, बुके व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए विदा किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा सेवानिवृत्त हुई म0उ0नि0 से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गई तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाईन सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सुश्री नित्या गोस्वामी, प्रतिसार निरीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

दूसरे की जमीन को किया दूसरे के नाम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज। लेखपाल द्वारा एक किसान की जमीन को गलत तरीके से दूसरे के नाम वरासत कर दिया गया। अब पीड़ित व्यक्ति एक साल से लेखपाल और तहसील के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है। उसने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला तरबगंज तहसील अंतर्गत विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत लोलपुर का है। शिकायतकर्ता संतलाल मिश्र, निवासी ग्राम पूरे परसहना पाठक जनपद अयोध्या ने डीएम नेहा शर्मा को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि नवाबगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत लोलपुर मुस्तहकम व एहतमाली तथा सरायनामू में स्थित भूमि का पिता की मृत्यु के बाद क्षेत्रीय लेखपाल को वरासत के लिए जरूरी कागजात दिया था। आरोप लगाया है कि लेखपाल ने सरायनामू की खतौनी में उसका और उसकी माता का वरासत दर्ज कर दिया लेकिन शेष दो खतौनी में उसके चाचा मुरलीधर का वरासत कर दिया। पीड़ित का कहना है कि वह एक साल लेखपाल और तहसील का चक्कर लगा रहा है। लेखपाल से शेष दोनों खतौनी में भी उसका और उसकी माता का वरासत लगाने की फरियाद कर रहा है लेकिन लेखपाल कार्रवाई नहीं कर रहा है। मजबूर होकर उसने इंसाफ की उम्मीद में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के दरवाजे पर दस्तक दी है।

पर्सनल आईडी पर रेल टिकट बना रहा युवक गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। रेलवे पुलिस ने उर्रा बाजार निवासी एक युवक को पर्सनल आईडी पर रेलवे टिकट बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। इसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा बाजार निवासी ध्रुव मौर्य पुत्र किशुन लाल मौर्य मोबाइल की दुकान पर रेलवे का टिकट बना रहे थे।रेलवे पुलिस द्वारा इस पर काफी समय से नजर रखी जा रही थी। रेलवे के सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर निरीक्षक विष्णु सिंह, उप निरीक्षक धनवंत सिंह, हेड कांस्टेबल आनंद कुमार ओझा, तुलाराम, कृतेंद्र कुमार की टीम मोतीपुर पुलिस के सहयोग से उर्रा बाजार पहुंची।इसके बाद पुलिस ने डीएम मोबाइल शाप से संचालक ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक ने बताया कि ध्रुव पर्सनल आईडी से ई टिकट बनाकर उसकी बिक्री करता था। मौके से पांच टिकट, लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल बरामद किया। जिसे सीज कर दिया गया है। जबकि अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित

- एमएलसी ने केंद्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं से कराया अवगत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व ग्राम प्रधानों ने बैठक में हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह रहे। कार्य योजना की बैठक में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं के बारे जागरूक किया।बैठक में समाजकल्याण,खाद्य रसद विभाग सहित का अन्य विभागों के प्रतिनिधि पहुंचे। मुख्य अतिथि ने बैठक में बीडीसी व प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण एवं भविष्य में होने वाली बैठक में विभागों द्वारा कोरम बैठक के एजेंडे को रिसीव कराने पर जोर दिया। बैठक में मौजूद सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों सदस्यों को बैठक में मौजूद अधिकारियों ने बारी बारी से अपने विभाग से सम्बन्धित सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजना के बारे में जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख रीना जायसवाल ने बताया कि वें जनता के कार्यों के लिये ब्लॉक में मौजूद रहेगी। इस अवसर पर जिलामंत्री जितेन्द्र त्रिपाठी,प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल, बीडीओ सुरेश कुमार गौतम,नि. चैयरमेन राजेश निगम, पूर्व सभासद कमलेश आर्या, सीडीपीओ अनुज वर्मा, सीएचसी अधीक्षक प्रत्युष सिंह,प्रधान प्रतिनिधि सरोज सिंह,पूर्ति निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव सहित भारी संख्या क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में हुआ टैबलेट का वितरण

रुपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

- चैयरमेन ने टैबलेट का सदुपयोग करने की दी सभी विद्यार्थियों को सलाह

नगर पंचायत रुपईडीहा के सबसे प्राचीन श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शनिवार की सुबह 11 बजे टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपईडीहा नगर पंचायत के चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य थे। इस अवसर पर इसी महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए आचार्य दयाशंकर शुक्ल ने कहा कि संस्कृत से ही भारत की संस्कृति जीवित है। परंतु संस्कृत विद्यालयों की स्थिति खराब होती जा रही है। सेवानिवृत्त अध्यापकों के स्थान पर वर्तमान सरकार नई नियुक्तियां करने में असफल सिद्ध हो रही है। विशिष्ट अतिथि श्री राम जानकी मंदिर के महंत भगवान दास ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य ने टैबलेट का सदुपयोग करने की सभी विद्यार्थियों को सलाह दी व विद्यालय में एक नल लगवाने का भी वादा दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार पांडेय मौजूद रहे। आचार्य उत्तीर्ण 17 विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे गए। इस अवसर सौम्या, अनुप्रिया, राहुल गुप्ता आदि को टैबलेट वितरित किया गया।

विहिप स्थापना दिवस भव्य कार्यक्रम आयोजित

हुजूरपुर प्रखंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के हुजूरपुर में संगठन के स्थापना दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड हुजूरपुर में संगठन के स्थापना दिवस का कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया। जिसमें प्रांत संघठन मंत्री विजय प्रताप सिंह का मार्गदर्शन मुख्य वक्ता के रूप में प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पूज्य संत स्वामी विष्णु देवा चार्य जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक वासुदेव का पाथेय प्राप्त हुआ एवं खण्ड कार्यवाह विवेक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हरिकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष तरूण सिंह ने विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों एवं देव तुल्य जनमानस को विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड हुजूरपुर की तरफ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में जिला मंत्री बृजकिशोर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, जिला सह संयोजक विकास सिंह उपस्थित रहे। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यक्रम में प्रखंड हुजूरपुर से प्रखंड मंत्री अवधेश कुमार सिंह, विश्राम राव, मनोज सिंह, रामू पाठक, दिनेश पाठक सहित सैकड़ो हिन्दू जनमानस ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने हिंसक वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण

- भेड़िए के हमले में मरने वाले बच्चों के घर पहुंचकर व्यक्त की संवेदना
- सरकार, शासन व प्रशासन है आपके साथ : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर), उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के अनुज योगेश्वर सिंह के साथ तहसील महसी अन्तर्गत हिंसक जीव भेड़ियों के हमलों से प्रभावित क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर हिंसक जीवों के हमलों में मरने वाले बच्चों के परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। डॉ. शर्मा ने ग्रामवासियों से अपील की कि आप लोग भी पूरी तरह से सतर्क रहें। घर के बाहर बच्चों को साथ में लेकर न सोये। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की है कि वे भी अपने स्तर से ग्रामवासियों को जागरूक करें विशेषकर गन्ने, मक्का या धान के खेतों के आस-पास रहने वाले लोगों विशेष सर्तकता बरतने को कहा जाए क्योंकि ऐसे क्षेत्रों में हिंसक जीवों के हमलों का खतरा ज्यादा रहता है। डॉ. शर्मा ने ग्रामवासियों से अपील की कि सर्च आपरेशन में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस, राजस्व, वन, ग्राम्य विकास व अन्य सम्बन्धित विभागों की टीमें रात दिन क्षेत्र में गश्त कर रहीं हैं शीघ्र ही हिंसक वन्य जीव पकड़ लिये जायेंगे।

अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम सिसईया चूणामणि के मजरा कुलैला, सिकन्दरपुर के मजरा मक्कापुरवा, नकवा व सिंगिया नसीरपुर इत्यादि क्षेत्रों का भ्रमण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों, गठित टास्क फोर्स के सदस्यों, वालंटियर्स, ग्रामवासियों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। डॉ. शर्मा ने ग्रामवासियों को बताया कि हिंसक भेड़िया के हमले से प्रभावित/सक्रियता क्षेत्रों में चिन्हित 40 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट तथा 10 स्थानों पर सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा स्वीकृत दरों एवं मानक के आधार पर कराई जा रही है।प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को शौच के लिए घर से बाहर न जाना पड़े इसके लिए पंचायती राज विभाग के माध्यम से शौचालय विहीन घरों को स्वच्छ शौचालय योजना से आच्छादित किया जा रहा है। दरवाज़ा विहीन घरों में बहराइच वन प्रभाग के सहयोग से दरवाज़े लगवाये जा रहे हैं ताकि कोई भी जीव बे-रोक-टोक घरों में प्रवेश न कर सके। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में आवासहीन लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास का आवंटन भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, थानाध्यक्ष हरदी सूरज कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

कस्टम के हवलदार की हादसे में मौत

- रात में ड्यूटी कर वापस आते समय हुआ हादसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत नेपाल सीमा पर तैनात कस्टम के हवलदार शुक्रवार रात को घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग उन्नाव से जिला मुख्यालय आ गए हैं। उन्नाव जिला निवासी इंदल सिंह (50) कस्टम के हवलदार थे। उनकी ड्यूटी भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा में कस्टम विभाग में थी। रूपईडीहा में नया और पुराना कस्टम कार्यालय बना है। शुक्रवार को उनकी ड्यूटी दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक थी। वह ड्यूटी कर नए कस्टम कार्यालय से अपने कमरे पर आ रहे थे। रूपईडीहा थाना क्षेत्र में चकिया रोड कार्यालय से एक किलोमीटर दूरी पर वह घायल अवस्था में पड़े मिले। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक वाहन से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां रात 12 बजे इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर भरत पांडेय ने हवलदार को मृत घोषित कर दिया। जिस पर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी में रखवाया गया है। साथी कर्मचारी राम अविलाख मौर्य ने बताया कि किसी मवेशी के हमले में घायल हुए थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि किसी मवेशी के हमले में घायल हुए थे। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हुई है। परिवार के लोग उन्नाव से जिला मुख्यालय आ गए हैं।

मिहींपुरवा के कुंड़वा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

- 83.03 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंडल में शीर्ष पर रहा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मिहींपुरवा के कुंड़वा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स) सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है, जो स्वास्थ्य केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता के मानकों और सेवाओं की गुणवत्ता की उच्चतम पहचान है। यह सर्टिफिकेशन प्रदेश के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला है, जिसमें मिहींपुरवा का कुंड़वा भी शामिल है , इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने 83.03 प्रतिशत अंक हासिल कर देवीपाटन मंडल में शीर्ष स्थान पर रहा। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने इस उपलब्धि के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए अन्य केंद्रों को इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि 03 अगस्त को केंद्रीय टीम ने कुंड़वा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन किया था, जिसमें 12 प्रकार की सेवाओं की गुणवत्ता को परखा गया। इसके परिणामस्वरूप, कुंड़वा आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्राप्त किया।

सीएमओ ने डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. शैलेंद्र तिवारी, जपाईगो प्रतिनिधि अजीत कुमार, मंडलीय क्वालिटी एश्योरेंस टीम, सीएचओ रोहित सिंह और आनंद चौधरी ग्राम प्रधान कुंड़वा समेत सभी संबंधित टीमों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के आधार पर कुंड़वा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 18,000 रुपये प्रति पैकेज की कुल 07 पैकेज की धनराशि दी जाएगी, जिसका उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। प्रमाणीकरण अगले तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के 40 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रथम चरण में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए शामिल किया गया है, जिनमें से कैसरगंज के परसेंडी आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने पहले ही यह सफलता प्राप्त कर ली थी।

आमजन को मिलेगा लाभ

सीएमओ ने बताया कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्राप्त होने से समुदाय को कई लाभ होंगे। सर्टिफाइड केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, सरकार से मिलने वाले अतिरिक्त संसाधनों से स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाएं और बेहतर बनाई जाएंगी, जिससे समय पर और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। इस सर्टिफिकेशन से समुदाय का विश्वास स्वास्थ्य केंद्र पर और बढ़ेगा, जिससे सेवाओं का अधिक प्रभावी उपयोग संभव होगा।

> आगे की योजना में, जनपद के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी प्रमाणीकरण दिलाने का लक्ष्य है, ताकि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान उनके निकट ही हो सके।
>
> **मोनिका रानी, जिलाधिकारी, बहराइच।**

उन्नाव पुलिस करेगी अर्जुन पासी हत्याकांड की जांच

- कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम नसीराबाद थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज को एसपी ने किया निलंबित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

नसीराबाद के पिछवरिया गांव में 11 अगस्त को युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले ने जिले के साथ प्रदेश की सियासत को भी गर्म कर दिया है। सपा और कांग्रेस मिलकर सरकार को कानून व्यवस्था के मुददे पर घेर रही हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी ने 20 अगस्त को गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और फिर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मामले की जांच को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा था।

सांसद राहुल गांधी व सपा प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से की थी मुलाकात

मामले को लेकर 17 अगस्त को सपा और 18 अगस्त को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा था और पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रिपोर्ट नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दी जिस पर 20 अगस्त को राहुल गांधी ने गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार से 17 मिनट बात की थी। साफ कहा था कि अन्याय हुआ है और एसपी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार नहीं कर सके हैं। उन्होंने इस पर डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। यह मामला इस समय उपचुनाव के चलते खासा गर्म है।

आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए सांसद राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री को लिया था पत्र

उधर, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सांसद राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। दो दिन पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय पर विधायक आराधना मिश्रा, अमेठी सांसद केएल शर्मा, कांग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी मुख्यमंत्री से मिलने गए थे लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी थी।
इस पर अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार को सांसद राहुल गांधी का मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र सौंपा गया था। इस पर शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले एसपी अभिषेक अग्रवाल ने नसीराबाद थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज को निलंबित कर दिया तो वहीं उन्नाव सीओ को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

इस पर शासन ने उन्नाव सीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, एसपी ने नसीराबाद थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। 11 अगस्त की रात को अर्जुन पासी की घर के बाहर बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया लेकिन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक युवक की मां ने विशाल सिंह की संलिप्तता की बात कही थी।

गुरुकुल महाविद्यालय में स्वास्थ्य कैंप आयोजित

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। तहसील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा गुरुकुल महाविद्यालय में फाइलेरिया के संबंध में कैंप लगाया गया जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया बीमारी के बचाव एवं उपायों से सभी को अवगत कराया और सब सर्वप्रथम स्वयं दवा खाकर अन्य छात्र-छात्राओं अभिभावकों व कर्मचारियों को भी जागरूक किया ।कैंप के प्रारंभ में सर्वप्रथम महाविद्यालय की उपाध्यक्षा श्रीमती पूजा मिश्रा ने दवा खाकर कैंप की शुरुआत की। इसके बाद महाविद्यालय की की प्राचार्या डॉक्टर प्राजंलि शुक्ला एवं समस्त शिक्षक, कर्मचारी छात्र-छात्राओं ने सभी ने दवा खाई।

सर्विलांस टीम ने पंद्रह लाख रुपये कीमत के 101 मोबाइल किए बरामद

- आधुनिक तकनीक से लैस रायबरेली की सर्विलांस टीम
- गायब हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद खिले लोगों के चेहरे

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आमतौर पर किसी का मोबाइल फोन खो जाए तो शायद ही मिले। लेकिन अगर एक दिन अचानक आपको पुलिस खुद फोन करके बताए कि आपका मोबाइल फोन मिल गया है तो यकीनन आप खुशी से झूम उठेंगे
पुलिस की सर्विलांस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। विगत कुछ महीनों में खोए हुए पंद्रह लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। शनिवार को पुलिस कार्यालय के किरण हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि विगत कुछ माह में बड़ी संख्या में लोगों के मोबाइल फोन खो गए थे। जिसमें कुछ टैबलेट भी थे। सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त टीम ने लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 101 स्मार्ट फोन बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किए हैं।
जिले में पुलिस के पास अक्सर मोबाइल चोरी होने या खोने की शिकायतें मिलती रहती हैं। चोरी हुए या खोए हुए मोबाइल को तलाशने के लिए एसपी ने सर्विलांस प्रभारी के नेतृत्व में टीम को जिम्मदारी सौंपी है। सर्विलांस टीम ने प्रयास कर करीब 101 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बरामद किये गए मोबाइल फोन की कीमत करीब पंद्रह लाख रुपये बताई है। शनिवार को सभी मोबाइल फोन के स्वामियों को सर्विलांस टीम द्वारा बुलाया गया और उनके मोबाइल उन्हें सुपुर्द किए गए ।एसपी ने सर्विलांस टीम को उत्साहवर्धन के लिए दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

लोगों ने कहा धन्यवाद

अलग-अलग कम्पनियों के महंगे मोबाइल जिसके खोए होंगे वो इसका दर्द बखूबी जानते होंगे। लेकिन, शनिवार को जब इन मोबाइल फोन के मालिकों के पास फोन पहुंचा कि आपका मोबाइल मिल गाय है तो ये लोग खुशी से झूम उठे। ये सभी एक सुर में रायबरेली पुलिस को धन्यवाद देते नजर आए।

सर्विलांस टीम ने निभाई अहम भूमिका

एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल का जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल रिकवर करने में सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सर्विलांस टीम ने इन मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी ने खुद ही पुलिस को सूचित किया कि उन्हें ये मोबाइल कहीं पड़ा मिला, तो कोई खुद ही मोबाइल लेकर ही पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस का ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

खबरें एक नजर में

भागवत कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन कोतवाली क्षेत्र के असर्फाबाद गांव में शंकर भगवान के मंदिर पर विमल कुमार मिश्रा कथा वाचक द्वारा लगातार 7 दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा कही गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन ग्रामवासी कथा को श्रवण कर अपना जीवन धन्य कर रहे थे तो वही ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया आज शनिवार को कथा समापन के बाद हवन पूजन किया गया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया इस मौके पर विजयपाल सिंह राम कुबेर सिंह अतुल सिंह मुन्ना सिंह सतीश सिंह ग्राम प्रधान ऋषि सिंह सुरेंद्र सिंह सौरव सिंह रमेश सिंह महेश सिंह सुशील सिंह सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

अनुदेशक संघ शिवगढ़ का पुनर्गठन



शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ब्लॉक सभागार में सर्वसम्मति से अनुदेशक संघ शिवगढ़ की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमे आनंद वर्धन को पुनः अनुदेशक संघ शिवगढ़ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं राहुल वर्मा को उपाध्यक्ष, पूनम को महामंत्री, पंकज कुमार को महासचिव, भानु प्रताप को कोषाध्यक्ष, मोहम्मद इमरान को मीडिया प्रभारी, प्रदीप कुमार को ब्लॉक समन्वयक, उर्मिला देवी को संगठन मंत्री, विवेक वर्मा को संघर्ष समिति का अध्यक्ष, अतुल कुमार को संयुक्त मंत्री,विकास वर्मा को ब्लॉक संरक्षक मनोनीत किया गया। अनुदेशक संघ के संरक्षक विकास वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार वर्ष 2013 में अनुदेशक संघ शिवगढ़ का गठन किया गया था। संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं शीर्ष शिखर पर ले जाने के लिए शनिवार को पुर्नगठन किया गया, जिसमें कुछ नए चेहरों को जगह दी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष आनंद वर्धन ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि वर्ष 2013 से 2018 तक तो संगठन निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहा था किन्तु कोविड-19 के संकटकाल के बाद से सुचारु रुप से बैठके नही हो सकी जिसके चलते संगठन अपने लक्ष्य तक नही पहुंच सका। संगठन के गठन का मुख्य उद्देश्य अनुदेशकों के हितों की रक्षा करना एवं लक्ष्य को हासिल करना है। इस मौके पर अमरीष कुमार बौद्ध, योगेश वर्मा, रुबीना, दीपशिखावर्मा,आलोक, शबीना, भारती,अंजूलता, सचिन कुमार,राजेंद्र कुमार, कंचन निर्मल, रुबीना आदि लोग उपस्थित रहे।

चौकी इंचार्ज के अनर्गल हस्तक्षेप से क्षेत्रीय जनता में त्राहिमाम

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के चुरूवा हत्याकांड के बाद चुरूवा चौकी इंचार्ज रहे अनुज तोमर के लाइन हाजिर होने के पश्चात पूर्व में महाराजगंज कोतवाली में तैनात व सुर्खियों में रहने वाले दबंग एवं विवादित उप निरीक्षक राहुल सिंह चौहान का एक नया कारनामा चुरुवा चौकी क्षेत्र से देखने को मिल रहा हैद्य चौकी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर कोई किसान शाम के समय अपने खेतों की तरफ जा रहा है तो चौकी इंचार्ज साहब अपनी दबंगई एवं हनक से उसको रोक कर पूछते हैं कहां जा रहे हो, क्या करने जा रहे हो, चोर नजर आ रहे हो संदिग्ध दिख रहे होद्य साथ ही साथ लोगों का यह भी कहना है कि वह इतना ही नहीं अपने मोबाइल फोन में हम लोगों की फोटो भी खींचते हैं और हमारा मोबाइल नंबर भी लेते हैं और कहते हैं कि एक-दो महीने गांव से बाहर नहीं जानाद्य जब चौकी इंचार्ज सब के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त की गई तो यह भी पता चला कि जब इन्होंने चुरूवा चौकी प्रभारी के पद की कमान सभाली तो उसके कुछ ही घंटे पश्चात बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी के द्वारा एक मामले में इनको फटकार भी लगाई गई थी जिसमें चौकी इंचार्ज साहब थाना प्रभारी के प्रश्नों के उत्तर देने में असमर्थ दिखाई दिए।

लगातार बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के महुआ बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में लगातार बिजली कटौती किए जाने की वजह से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख जमाल अख्तर खां, मोहम्मद असलम बब्बू ने बताया कि हालात यह है कि महुआ व गैड़ास बुजुर्ग फीडर के गांवों में रोजाना 15 से 20 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने का शासन को निर्देश है। विद्युत आपूर्ति का कोई शेड्यूल निर्धारित न होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को कभी दिनभर तो कभी रातभर बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज की भी समस्या बनी रहती है। जिससे बिजली उपकरण नहीं चल पाते। गर्मी में बिजली कटौती होने से लोगों का चैन सुकून छिन जा रहा है। पूर्व ब्लाक प्रमुख जमाल अख्तर खान ने कहा कि शहर में 24 व ग्रामीण इलाकों के आबादी वाले क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली मुहैया कराए जाने और 15 मिनट से ज्यादा समय के लिए बिजली कटौती किए जाने से पहले उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी मुहैया कराए जाने का प्रावधान है। लेकिन बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों के द्वारा कटौती से पहले उपभोक्ताओं को कोई जानकारी नहीं दी जाती है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी में दिन और रात के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासी आए दिन बिजली कटौती से परेशान होकर हेल्पलाइन नंबरों से लेकर बिजली विभाग के आला अफसरों को फोन पर शिकायत करते रहते हैं लेकिन, उनके द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी कर दी जाती है। ग्रामीण इस समस्या से काफी परेशान हैं व विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की रणनीति बनाने की चर्चा कर रहे हैं।

पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बीती रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई गांव में बैंक में चोरी की घटना को अंजाम देने से पूर्व पुलिस ने गस्त के दौरान दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैद्य अभियुक्त गण राम सिंह उर्फ रिंकू पुत्र रामू निवासी पुरे बाबा गंगादास थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी एवं जयकरण पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम इंदिरा नगर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को यह भी बताया कि पूर्व में थाना क्षेत्र के अंतर्गत टांडा गांव में हुई चोरी की घटना को उन्होंने ही अंजाम दिया था और उनके पास से उस घटना का माल भी बरामद किया गया है।

अभियुक्त गणों के पास से तीन जोड़ी पायल सफेद धातु की, रु. 10000 नगद, दो अदद चाकू, दो अदद मोबाइल फोन, एक अदद सब्बल लोहे की बरामद हुई हैद्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में थुलेडी चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा सहित स्थानीय थाने की पुलिस टीम मौजूद रही।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

बछरावां। थाना क्षेत्र के अंतर्गत विगत तीन दिन पूर्व एक गांव में एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर दर्ज अभियोग के अंतर्गत पुलिस अभियुक्त गणों की तलाश कर रही थी, तलाश के दौरान पुलिस ने अभियुक्तो को गिरफ्तार किया और स्थानीय थाने पर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत उन्हें जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने वाली इस पुलिस टीम में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

सड़क किनारे पटरियों पर बालू मौरंग का ढेर

उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

- यात्रियों को आवागमन में परेशानी

उतरौला तहसील क्षेत्र के गांव व कस्बे से लेकर हाईवे तक जगह-जगह मोरंग, बालू व गिट्टियां सड़क के किनारे रखकर बेची जा रहीं हैं। इससे राहगीरों को परेशानी होती है। साइड लेते वक्त कई बार लोग गिर जाते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। उतरौला से बलरामपुर, डुमरियागंज, मनकापुर, गोंडा, तुलसीपुर, पचपेड़वा जैसे मुख मार्गों पर सड़क किनारे जगह-जगह गिट्टी, बालू, मौरंग रखकर भवन निर्माण सामग्री का कारोबार करने वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। यह स्थिति अंबेडकर चौराहा से सब्जी मंडी होते हुए गोंडा मोड़ जाने वाले मार्ग, गैड़ास बुजुर्ग, महुआ बाजार, गोवर्धनपुर, कंचनपुर, हासिमपारा, चिरकुटिया, मधुपुर, बदलपुर, हुसैनाबाद, महदेइया, पेहर, पकड़ी, रामवापुर, कापौवा आदि जगहों पर भी है। इस समय गर्मी पड़ने के साथ रोजाना तेज हवाएं चल रही हैं। हवा चलने पर बालू उड़कर वहां से गुजरने वालों की आंखों में पड़ रहा है। सड़क पर साइड लेने व निकलने वाले लोग अक्सर लोग भवन सामग्री से फिसलकर गिर जाते हैं। लोगों का कहना है कि कहा सड़क किनारे भवन सामग्री रखी होने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। हवा के साथ उड़कर बालू आंखों में पढ़ रहा है। बालू मोटरसाइकिल चालकों की आंख में पढ़ने पर एकाएक चौंधिया कर गिर जाते हैं। अधिकतर बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदार बालू और मोरंग पर पानी तक नहीं मारते। कुछ लोग बालू को पानी से तार कर देते हैं जो एक आद घंटे में पुनः सूख कर उड़ने लगता है। दुकानदारों को चाहिए कि सड़क किनारे रखे मोरंग बालू को ढकने का कोई इंतजाम करें।

लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद करती ने कहा कि शहर के इंतजाम लावारिस हैं। हाकिमों की फौज के बावजूद सड़कों के किनारे अतिक्रमणकारी हावी हैं। कहीं गिट्टी, मोरंग व बालू डाल दी गई है तो कहीं बालू, सीमेंट व मौरंग को सड़क पर ही मिलाकर मसाला तैयार किया जा रहा है। पालिका, यातायात महकमा, पुलिस, लोक निर्माण विभाग खामोश हैं। सड़कों के किनारे के अतिक्रमण से रोजाना हादसे पेश आते हैं। इन सड़कों से अधिकरी भी निकलते हैं। इसके बाद भी कार्रवाई का डंडा कहीं से नहीं चला। समूचे क्षेत्र में सभी जगह ऐसे ही हालात हैं।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को किया सम्मानित

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। दारुल उलूम सरकार ए आसी में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के 15 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए मदरसा की तरफ से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के टाप तीन छात्र/छात्राओ कक्षा 8 की आयशा व आसमा रजा खान तथा कक्षा 7 के अयान खान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद अकलीम हाशमी, मोहम्मद तैयब हाशमी, मौलाना इरफान, खान मोहम्मद, विनय कुमार मिश्र,मुहम्मद अहमद, मोहम्मद मोनिस हाशमी आदि मौजूद रहे।

बस स्टेशन परिसर के अन्दर बना सार्वजनिक शौचालय निष्प्रयोज

उतरौला(बलरामपुर),समृद्धि न्यूज।

कस्बे में करोड़ों की लागत से बना आधुनिक बस स्टेशन मे पहले से बना सार्वजनिक शौचालय की स्थिति अति जर्जर होने से बंद पड़ा है। बस स्टेशन उतरौला के खण्डहर हो चुके भवन पर शासन द्वारा इसको आधुनिक बस स्टेशन बनाने के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए आवंटित किए थे। धन आवंटन के बाद भवन निर्माण तो पूरा हो चुका है। लेकिन बस स्टेशन परिसर के अन्दर बने सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया। जिसके चलते यात्रियों को शौचालय के लिए काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेशन पर मात्र एक सार्वजनिक शौचालय होने से यात्रियों को मजबूरन उसका उपयोग करना पड़ता था। शौचालय भवन अति जर्जर हो जाने से पिछले तीन वर्ष से बंद पड़ा है। अब यहां यात्रियों के शौच, लघुशंका व स्नान के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण यात्रियों को काफी असुविधा होती है। समाजसेवी आदिल हुसैन ने बताया कि बस स्टेशन के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी एक आधुनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया। और न ही पुराने सुलभ शौचालय का मरम्मत करवा कर उसका पुनः संचालन ही कराया गया विवश होकर यात्रियों को खुले में शौच व लघुशंका करना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिला यात्रियों को अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है। बस स्टॉप पर अलग अलग जगहों के लिए सफर पर निकले यात्रियों को शौच या लघुशंका के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। प्रशासन की अनदेखी से सार्वजनिक शौचालय का मकसद बेमानी साबित हुआ है।

बस स्टेशन पर शौचालय का उद्देश्य दूरदराज से अलग-अलग स्थानों के लिए बसों से सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा देना है। लेकिन अफसरों की अनदेखी के चलते सार्वजनिक शौचालय में ताला लटक रहा है। सफर पर निकले यात्री रोडवेज बसों से उतरकर लघुशंका के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर होना पड़ता है।

इसके बाद भी रोडवेज विभाग समेत अनय जनप्रतिनिधियों की नजर इस समस्या पर नहीं पड़ रही है। जबकि सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर दिन रात लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि करीब दो दशक पूर्व यात्रियों को शौचालय की सुविधाएं देने की शुरुआत हुई थी। लेकिन मरम्मत के अभाव एवं लापरवाही के चलते इसमें फिर से ताला लटक गया। शौचालय अति जर्जर हो जाने से सफर करने वाले राहगीरों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है।

राम कुमार, सतीश, राहुल, पंकज, इरशाद, जावेद, आसिफ, सुहेल,आरिफ आदि का कहना है कि मरम्मत के अभाव में सार्वजनिक शौचालय बंद हो गया है,नगर क्षेत्र के अनेक समाजसेवियों ने इस बाबत कई बार अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया। लेकिन अधिकारी सार्वजनिक शौचालय का मरम्मत करवा कर इसे पुनः खुलवाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

आईटीआई जोगिबीर में किया गया टेबलेट वितरण

महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। शनिवार को निजी आईटीआई में वितरित किया गया टैबलेट, टैबलेट पाकर खिले युवाओं के चेहरे।
विकास खण्ड उतरौला ब क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा जोगी वीर मे स्थित जनक्रांति प्राइवेट आई, टी, आई मे टेबलेट वितरण कार्यक्रम था जिसमे सभी छात्र को वितरित किया गया। स्वामी विवेकानंद युवा, सशक्तिकरण योजना के अंर्तगत यूपी सरकार सभी युवाओं को टैबलेट दे रही है। उसी क्रम में आज टेबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। आई टी आई कालेज के प्रबंधक हरि ओम सिंह ने सभी छात्रों को टैबलेट वितरित किया। प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता, शक्तिमान वर्मा, प्रदीप जायसवाल, साहित सभी स्टॉफ उपस्थिति रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं अनिल कुमार सिंहानिया पुत्र स्व श्री जगदीश चन्द्र सिंहानिया जिनका बारकौसिल सार्टीफिकेट जिसका न.- 02270/95 है। कही गिर गया है। सूचनार्थ प्रेषित है।

कीर्तिवर्धन सिंह ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन जयराम गडकरी को लिखा पत्र

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर से उत्तरौला, मनकापुर, नवाबगंज होते हुए तीर्थ स्थल अयोध्या को प्रयागराज से जोड़ते हुए सौ किमी लम्बे मार्ग निर्माण के लिए गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन जयराम गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने लिखा है कि यह उत्तरी उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देवीपाटन शक्तिपीठ को धर्म नगरी अयोध्या एवं संगम नगरी प्रयागराज तथा भारत से नेपाल की सीमा को भी जोड़ता है। उक्त राज्य मार्ग पर सामान्य यातायात के अलावा बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों का भी आवागमन रहता है। यह राज्य मार्ग प्रति वर्ष हजारो की संख्या में आने वाले विदेशी बाँध धर्म के अनुयाइ?यों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेपाल से सटे हुए भारत के इस उत्तरी क्षेत्र में कोई भी रेलमार्ग न होने के कारण यहाँ की व्यापारिक व आर्थिक गतिविधिया भी इसी राज्य मार्ग पर निर्भर हैं। इस विषय पर पूर्व में भी में पत्र द्वारा इस राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राज्य मार्ग में परिवर्तित करने की मांग की जा चुकी है। संज्ञान में आया है कि प्रदेश सरकार ने इस मार्ग की महत्वता को समझते हुए राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राज्य मार्ग में परिवर्तित करने का प्रस्ताव आपके मंत्रालय में भेजा है। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शक्तिपीठ देवी पाटन से उत्तरौला, मनकापुर, अयोध्या, प्रयागराज राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राज्य मार्ग में परिवर्तित कर नव निर्माण कराए जाने का आग्रह किया है।

पीएम आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण गोष्ठी आयोजित

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड रेहराबाजार परिसर में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह और बीडीओ रजनीश कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में ग्राम प्रधान /सचिव ने भाग लिया ,ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान और बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतो में रोस्टर के हिसाब से जागरूकता गोष्ठी किया जायेगा ग्राम पंचायतों में कोई भी आवास के पात्र नहीं छूटना चाहिए ,ग्राम प्रधान /सचिव ग्राम पंचायतों में आवास के पात्रों का शीघ्र सूची उपलब्ध करा दें , ग्राम पंचायतों में जागरूकता गोष्ठी आगामी 5 तारीख से एक सप्ताह चलेगा।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, हमीरपुर

पत्रांक-474/विज्ञापन/02 दिनांक- 31.08.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/ प्लम्बरों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक 13.09.2024 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी /प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा नकद धनराशि जमा कर दिनांक 13.09.2024 से 02:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि निम्नानुसार की F.D.R./C.D.R./N.S.C. जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा-हमीरपुर के नाम बंधक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि 2%(रू.)	टेण्डर धनराशि (रू.)	कार्य अवधि
1.	सुमेरपुर नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत वार्ड नं.-13 मुहल्ला लाजपत नगर में श्री महेश गुप्ता के मकान से श्री सुदर्शन के मकान तक पाइप लाइन विस्तार सम्बन्धी कार्य	4.101	8200	1000	20 दिन

अधिशासी अभियन्ता
जल संस्थान, हमीरपुर

ये बेटियां दिखा रहीं भारत में महिला सशक्तिकरण

डॉ. प्रभात ओझा

अपने देश में खेल के क्षेत्र में राजनीति, भारतीय कुश्ती संघ का हालिया विवाद और पेरिस ओलम्पिक में स्वर्ण पदक से वंचित रहने के सच के बीच पेरिस से ही हमारे लिए उत्साहजनक खबर आई है। खास बात है कि इस शुरुआती उत्साह में बेटियों का महत्वपूर्ण योगदान है। पेरिस में चल रहे पैरालंपिक में भारतीय शूटर अवनी लखेरा ने गोल्ड मेडल और शूटर मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी आशाओं से लबरेज किया है। इसके पूर्व टोक्यो पैरालंपिक में भारत ने कुल 19 मेडल जीते थे। इनमें 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज शामिल थे। इस बार बेहतर शुरुआत हुई है और उम्मीद है कि हमारे एथलीट्स अपने प्रदर्शन को और बेहतर करेंगे। जिस उत्साहजनक शुरुआत की हम बात कर रहे हैं, वह 28 अगस्त से 8 सितंबर के मध्य आयोजित हो रहे पैरालंपिक में 30 सितंबर तक हमारे चार एथलीट्स के पदक जीतने से हुई है। इन चार में से तीन महिला खिलाड़ी हैं। पेरिस पैरालंपिक में 10 मीटर एयर रायफल शूटिंग में अवनी लखेरा ने गोल्ड मेडल और मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर भारत को खुशियां दिलाईं। अवनी ने तो पैरालिंपिक का नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया और अपने ही बनाए रिकॉर्ड 249.6 के मुकाबले इस बार 249.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता है। यहां याद दिलाना आवश्यक है कि इस तरह लगातार दो पैरालंपिक में स्वर्ण हासिल करने वाली अवनी लखेरा प्रथम महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस बार भारत को पदक दिलाने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी प्रीति पाल हैं, जिन्होंने महिलाओं की 100 मीटर टी-35 कैटेगरी रेस में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इन तीन होनहार महिला खिलाड़ियों के साथ भारत को चौथा पदक दिलाने वाले मनीष नरवाल हैं। मनीष ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में सिल्वर मेडल जीतने के साथ भारत की झोली को वजनी बनाने की शुरुआत की है। इस बार पैरालंपिक में शामिल होने कुल 84 भारतीय एथलीट्स पेरिस गए हैं। यह पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाला भारत का सबसे बड़ा दल है। ये खिलाड़ी 12 खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस पैरालंपिक खेल 2024 में दुनिया भर के चार हजार से अधिक एथलीट शामिल हो रहे हैं, जो 549 पदक जीतने के लिए स्पर्धा करेंगे। इसी स्थान पर अभी सम्पन्न ओलंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन आशा के अनुकूल नहीं रहा। वहां से हम मात्र छह पदकों के साथ स्वदेश लौटे। यह पिछले टोक्यो ओलंपिक 2020 से भी एक पदक कम रहा।

भारत की सनातनी एवं संस्कृतिक सत्ता के वैश्विक स्थापना का समय

संजीव ठाकुर

अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है।

यह तय है कि हमारी आध्यात्मिक, सनातनी विचारधारा ही देश को विश्व में अग्रणी बनाएगी। मुझे बहुत आश्चर्य होता है की क्यों नहीं हम अपनी सनातनी सत्ता और संस्कृति के साथ आध्यात्मिक स्थापना को विश्व में प्रचारित प्रसारित करते हैं। ऐतिहासिक तौर पर प्रमाणित है कि जब- जब विदेशी हमारी धरती पर आए हमने उनकी संस्कृति को अपनाया उन्होंने हमारी संस्कृति को नहीं? अब यह समय एवं कालखंड की आवश्यकता है कि भारतीय पूरे विश्व में अपने कर्म के संबल पर अपनी पहचान तथा स्थापना को मूर्त रूप दे रहे हैं ऐसे में हमें अपनी सनातनी सत्ता एवं संस्कृति को वहां पूरी क्षमता,ताकत तथा ऊर्जा के साथ प्रचारित प्रसारित कर उसकी स्थापना की जानी चाहिए।भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है।

अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चौतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं।

विचार

विफल, विश्वास होने का संकेत है नीतिगत उलटफेर

जगदीश रत्तनानी



सरकारी कर्मचारियों को बाजार पर भरोसा नहीं है, ठीक उसी तरह जैसे किसान खुले बाजार की व्यवस्था नहीं चाहते थे और इसके बजाय सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांगते थे। यह एक बार फिर बाजारों और मोटे तौर पर निजी क्षेत्र के निष्पक्ष होने के बारे में आम नागरिक के विश्वास की कमी और आम तौर पर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में भरोसे की कमी को जाहिर करता है जो निजी क्षेत्र के समर्थन और अर्थव्यवस्था में अपनी बड़ी भूमिका पर जोर देने के रूप में देखा जाता है।

केन्द्र की अल्पमत भाजपा सरकार ने पिछले पखवाड़े में अपने दो नीतिगत प्रस्तावों- लेटरल हायरिंग और पेंशन के फैसले बदले हैं, जिनका वह लंबे समय से जबरदस्त तरीके से बचाव कर रही थी। इन फैसलों के बदलने को नए संसदीय अंकगणित के मद्देनजर नए सिरे से एकजुट विपक्ष के दबाव के रूप में देखा गया है या हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों को देखते हुए चुनावी मजबूरियों के बरक्स रणनीतिक वापसी के रूप में चित्रित किया गया है।

इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऊपरी तौर पर देखें तो यह सच मालूम होता है लेकिन गंभीरता से विचार करने पर यह भाजपा की उन मजबूरियों को दर्शाता है जिसने इन नीतियों को बिना सोचे-समझे या आधे-अधूरे मन से आगे बढ़ाया था। ये वे ही नीतियां हैं जो भाजपा के निरंतर और यहां तक कि तेज गति वाले सुधारों के विचार में फिट बैठती हैं, जिन्हें उद्योगपति मित्रों के एक छोटे समूह द्वारा समर्थन और व्यापक व्यापारिक समुदाय द्वारा समर्थित किया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ये हमले उन नीतियों पर हुए हैं जिन पर भाजपा और उसका नेतृत्व विश्वास करता है। यह नवंबर, 2021 में अलोकप्रिय हुए कृषि कानूनों को अचानक वापस लेने जैसा था। उस समय भी आज की तरह सरकार और खुद मोदी नई व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेताब थे, लेकिन जिसे ऐतिहासिक सुधार कहा जा रहा था उस पर लगाया गया राजनीतिक दांव, पारदर्शिता की भारी कमी और इरादों को दर्शाता था जिन पर सवाल उठाए गए। भाजपा के दिग्गज नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि पसंदीदा उद्योगपतियों ने कानून बनने के पहले ही जमीनें खरीद ली थीं क्योंकि बाद में कीमतें बढ़ गयी थीं। पहले ही आरोप लग रहा है कि सरकार की वर्तमान नीतियां सामाजिक न्याय को कमजोर करने में पूरी मदद कर रही हैं। लेटरल हायरिंग के मामले में आरक्षण के बिना वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को काम पर रखने के मामले में पिछले लोकसभा में भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। खारिज की गई नई पेंशन योजना के मामले में अब यह भार लोगों को बाजार की अनिश्चितता में छोड़ रहा है। सरकारी कर्मचारियों को बाजार पर भरोसा नहीं है, ठीक उसी तरह जैसे किसान खुले बाजार की व्यवस्था नहीं चाहते थे और इसके बजाय सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांगते थे। यह एक बार फिर बाजारों और मोटे तौर पर निजी क्षेत्र के निष्पक्ष होने के बारे में आम नागरिक के विश्वास की कमी और आम तौर पर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में भरोसे की कमी को जाहिर करता है जो निजी क्षेत्र के समर्थन और अर्थव्यवस्था में अपनी बड़ी भूमिका पर जोर देने के रूप में देखा जाता है। विश्वास की इस कमी के दो हिस्से हैं- पहला, राष्ट्र की अंतर्निहित बाजार विरोधी प्रवृत्ति हैय और दूसरा, सत्ता और निजी पूंजी के बीच अनुचित निकटता के कारण अतिरिक्त बाजार विरोधी पूर्वाग्रह है। यानि दो कार्यकाल से ज्यादा समय तक पूर्ण बहुमत और अकेले नेता के सत्ता में रहने, मोदी सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान बाहर से कोई विपक्ष नहीं होने और पार्टी के अंदर सांसदों के पूरी तरह चुप्पी साधने के बाद भी भाजपा कम से कम आर्थिक मामलों के मामले में राष्ट्रीय मानसिकता को बदलने में सक्षम नहीं रही है। भले ही भाजपा अभी भी केंद्र और कई राज्यों में सत्ता में बनी है पर इसमें ही भाजपा और नरेन्द्र मोदी ब्रांड की राजनीति का बड़ा पतन दिखाई देता है। भाजपा जैसे-जैसे अपने प्रभाव को बढ़ाने और विस्तार करने पर जोर देगी, पार्टी अधिक दक्षिणपंथी एजेंडे की ओर झुकेगी। यहां तक कि वह अपनी सीमाओं को जांचेगी तथा इस प्रक्रिया में ध्यान हटाने के लिए कई अन्य मोर्चों की जांच-परख भी करेगी जिसमें इसकी सांप्रदायिक राजनीति भी शामिल है। कुछ हद तक ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा आज स्वयंभू रणनीतिकारों और नैरेटिव शेपर्स की एक मशीनरी है जो मानते हैं कि शासन का मतलब कहानियां सुनाना, साथ ही उन्हें गढ़ना और फिर इन कहानियों को बेचने के लिए सभी संसाधनों को लगाना है। वास्तव में भाजपा लोगों को समझाने और फिर दक्षिणपंथी मोड़ों के साथ जाने के लिए राजी करने की विशाल राजनीतिक चुनौती का मुकाबला नहीं कर रही है बल्कि हार के बाद भी यह लोगों को चुपके से इसके अंदर ले जा रहा है। देश कह रहा है कि उसे बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। तथ्य यह है कि देश भाजपा के प्रस्ताव पर और पार्टी के एजेंडे से कई अन्य मुद्दों पर इस तरह के सुधारों पर आश्वस्त नहीं है। करीब सात साल पहले का उदाहरण लें, जब भारत के आर्थिक सर्वेक्षण ने आधिकारिक तौर पर कहा था कि श्सभी राज्यों, सभी समाजों में निजी क्षेत्र के प्रति कुछ दुविधा है... लेकिन भारत में दुविधा किसी और देश से अधिक लगती है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत में दूसरों के सापेक्ष स्पष्ट रूप से एंटी-मार्केट विश्वास है, यहां तक कि समान रूप से प्रति व्यक्ति स्तर वाले कम प्रारंभिक जीडीपी साथियों की तुलना में भी यह भरोसा कम है। इसमें सरकार ने वर्ल्ड वैल्यू सर्वे के आंकड़ों का हवाला दिया।

नारियल सनातन और पूरा फल, जो भोजन आय और कल्याणक है

सुरेश सिंह बैस

भारत समेत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों में 2 सितंबर को हर साल विश्व नारियल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य नारियल के महत्व और निवेश को प्रोत्साहित करने, गरीबी को कम करने और नारियल उद्योग के विकास को बढ़ावा देने में इसकी क्षमता के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

यह दिवस दुनिया भर में नारियल के महत्व और इसके असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के देशों में मनाया जाता है, क्योंकि विश्व के अधिकांश नारियल उत्पादक देश इन्हीं देशों में स्थित हैं। स्वास्थ्य और अन्य लाभों के अलावा, घर में नारियल का पेड़ देवी लक्ष्मी का निवास माना जाता है और इसका धार्मिक महत्व भी है। इसलिए, घर में नारियल का पेड़ लगाते समय इन वास्तु सुझावों का पालन करना जरूरी है। अपने घर के दक्षिण या पश्चिम कोने में नारियल का पेड़ लगाएं। इससे घर में सौभाग्य आता है और घर में रहने वालों को जीवन में सफलता मिलती है। यदि उपरोक्त दिशाएं आपके लिए संभव नहीं हैं और आप इसे उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाते हैं, तो सुनिश्चित करें कि पेड़ की ऊंचाई आपके घर की ऊंचाई से अधिक हो। वास्तु के अनुसार, घर में नारियल का पेड़ निवासियों की नौकरी या व्यवसाय से संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। नारियल के उपाय से जीवन की समस्याओं से मुक्ति पाएं। नारियल को अपने सिर या परेशानी का सामना कर रहे व्यक्ति के सिर पर से सात बार घुमाएं। इसे मंदिर में ले जाएं और आग में जला दें। समस्याओं से राहत पाने के लिए हर मंगलवार या शनिवार को कुछ दिनों तक यह उपाय दोहराएं। किसी भी कारण से नारियल के पेड़ को न काटें। ऐसा करने से आपके जीवन और परिवार में नकारात्मकता आती है। नारियल को चमत्कारी फल कहा जाता है क्योंकि इसमें बहुत से लाभ हैं। नारियल में एंटीऑक्सीडेंट, जीवाणुरोधी, एंटी-फंगल और एंटीवायरल तत्व मौजूद होने के कारण इसमें कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इनमें प्रोटीन, कई महत्वपूर्ण खनिज और अल्प मात्रा में विटामिन बी भी होता है। इनमें कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है तथा अधिकतर वसा होती है। पानी, तेल और दूध का उपयोग खाना पकाने और गैर-खाना पकाने के प्रयोजनों के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। नारियल का रस, नारियल की जटा और खोपरा पेड़ के वे भाग हैं जिनका उपयोग नारियल का मक्खन, नारियल क्रीम और पायदान बनाने के लिए किया जाता है। इस फल के लाभों को समझने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। भारत में, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश मुख्य राज्य हैं जो नारियल उगाते हैं। नारियल भारत में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले फलों में से एक है। देश हर साल बहुत मात्रा में नारियल का उत्पादन करता है, और गुदे का उपयोग पूरे भारत में व्यंजनों की एक श्रृंखला में किया जाता है। नारियल से मीठे व्यंजन बनाने से लेकर रस्सी बनाने के लिए एवं अन्य उपयोग करने तक। नारियल के हर टुकड़े का उपयोग किया जा सकता है, और यह एक अत्यधिक पौष्टिक भोजन भी है। नारियल का गुदा, जिसे कर्नेल के रूप में भी जाना जाता है, उपभोग करने के लिए एक उत्कृष्ट फल है। लाभों से भरे, नारियल का उपयोग व्यंजनों की एक श्रृंखला में किया जाता है। फल से नारियल का दूध और तेल भी निकाला जाता है।

बालों और चेहरे को पकाने और पोषण दोनों के लिए उपयोग किया जाता है, नारियल का तेल अन्य खाना पकाने के तेलों के लिए एक स्वस्थ विकल्प बनाता है। व्यंजनों की एक श्रृंखला में नारियल का दूध एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक है। नारियल पानी एक स्वस्थ पेय भी है। नारियल कॉयर का उपयोग रस्सियों, गलीचों और डोरमैट बनाने के लिए किया जाता है। कच्चा सफेद नारियल का गूदाः नारियल के गूदे का इस्तेमाल दूध, आटा और भोजन बनाने के लिए किया जाता है।

राशिफल

मेषः- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

वृषभः- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुनः- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्कः- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

कन्याः- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुलाः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनुः- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीनः- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

मुश्किल है राहुल को रोकना

प्रो. रविकांत

इतिहास के प्रसंगों से लेकर वर्तमान मुस्लिम समाज, धर्म और उनके पूजा स्थलों को लगातार टारगेट करके साम्प्रदायिक नफरत फैलाई गई। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म द्वारा सम्प्रदायिक छवियों को लोगों की आंखों में झोंका जाता रहा। इसलिए वे नहीं देख पा रहे थे, कि महंगाई के कारण उनकी थाली से आधा भोजन गायब हो गया। उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा खत्म कर दी गई। जो नरेंद्र मोदी 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार का वादा करके आए थे, सरकारी नौकरियों पर कुंडली मारकर बैठ गए। उन्हें विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले नौजवान नहीं चाहिए थे, बल्कि नफरत की ध्वजा पताका लहराने वाली विध्वंसक और कुंठा की शिकार एक ऐसी भीड़ चाहिए थी जिसे कहीं भी झौंका जा सके। एक ऐसी भीड़ जो झंडा और डंडा लेकर मोदी की सत्ता के लिए रास्ता बनाए। राहुल गांधी ऐसे तमाम नौजवानों के लिए नफरत के केंद्र बन चुके थे। उनके जेहन में राहुल गांधी के प्रति इतनी नफरत भरी गई थी कि वे अपना वर्तमान और भविष्य नहीं देख पा रहे थे। अलबत्ता, राहुल गांधी इस नफरत को मिटाने और नौजवानों को जगाने के लिए पैदल चल पड़ते हैं।

विक्टर ह्यूगो का एक मशहूर कथन है कि दुनिया की कोई ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है। व्यक्ति जब विचार बन जाए तो फिर उसे भी समय आने पर नहीं रोका जा सकता। राहुल गांधी आज एक व्यक्ति से बढ़कर विचार बन चुके हैं। एक ऐसा विचारय जो देश में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहता है। हिंसा मिटाना चाहता है। नफरत की दीवारें गिरकर लोगों को जोड़ना चाहता है। सम्मान और सौहार्द के साथ देश के लोगों को भारत के विकास की मुख्यधारा में शामिल चाहता है। राहुल गांधी आज समाजवादी मूल्यों और सामाजिक न्याय की राजनीति के नायक बन चुके हैं। वह राहुल गांधी जो चांदी नहीं बल्कि सोने की चम्मच लेकर के पैदा हुए हैं।

जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी, तीन प्रधानमंत्री वाले परिवार में जन्मे राहुल गांधी सत्तापरक राजनीति से हमेशा दूर रहे। 2004 से लेकर 2014 के बीच रही यूपीए सरकार में राहुल गांधी मंत्री बन सकते थे और प्रधानमंत्री भी हो सकते थे। लेकिन उन्होंने एक सांसद और पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपना सफर जारी रखा। जो भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस आज सत्ता में है, टकटकी लगाए यूपीए सरकार की उपलब्धियों और उसके भीतर के अंतरविरोधों को देख रही थी। 2012-13 में एक छद्म आंदोलन खड़ा किया गया। इसके जरिए यूपीए सरकार नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया। एक अनुमान के मुताबिक राहुल गांधी के कद और छवि को बिगाड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कॉर्पोरेट घरानों के सहारे प्रतिवर्ष 500 करोड रुपए खर्च किए। नतीजा यह हुआ कि सारे देश में राहुल गांधी को कमजोर नेता, परिवारवादी शहजादे के रूप में प्रचारित किया गया। व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और तमाम सोशल मीडिया माध्यमों से राहुल गांधी की छवि को धूमिल किया जा रहा था। लोग इसके शिकार हो रहे थे। वे नहीं समझ पा रहे थे कि उस नफरत से देश को कितना बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार के अंधेरे में झूठ और लूट का पूरा साम्राज्य खड़ा किया गया। इसी झूठ और लूट के सहारे अंबानी और अडानी दुनिया के बड़े धनपति कुबेर बनकर उभरे। जबकि दूसरी तरफ 81 करोड लोग भूख और गरीबी के दलदल में धंसते चले गए।

इतिहास के प्रसंगों से लेकर वर्तमान मुस्लिम समाज, धर्म और उनके पूजा स्थलों को लगातार टारगेट करके साम्प्रदायिक नफरत फैलाई गई। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म द्वारा सम्प्रदायिक छवियों को लोगों की आंखों में झोंका जाता रहा। इसलिए वे नहीं देख पा रहे थे, कि महंगाई के कारण उनकी थाली से आधा भोजन गायब हो गया। उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा खत्म कर दी गई। जो नरेंद्र मोदी 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार का वादा करके आए थे, सरकारी नौकरियों पर कुंडली मारकर बैठ गए। उन्हें विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले नौजवान नहीं चाहिए थे, बल्कि नफरत की ध्वजा पताका लहराने वाली विध्वंसक और कुंठा की शिकार एक ऐसी भीड़ चाहिए थी जिसे कहीं भी झौंका जा सके। एक ऐसी भीड़ जो झंडा और डंडा लेकर मोदी की सत्ता के लिए रास्ता बनाए। राहुल गांधी ऐसे तमाम नौजवानों के लिए नफरत के केंद्र बन चुके थे। उनके जेहन में राहुल गांधी के प्रति इतनी नफरत भरी गई थी कि वे अपना वर्तमान और भविष्य नहीं देख पा रहे थे। अलबत्ता, राहुल गांधी इस नफरत को मिटाने और नौजवानों को जगाने के लिए पैदल चल पड़ते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने नाउम्मीद हो चुके देश के लोगों में उम्मीद और आशा पैदा की। इस यात्रा के दरम्यान राहुल गांधी ने देश के मिजाज को बारीकी से समझा। घृणा और कुंठा को रचनात्मक ऊर्जा में तब्दील करने के लिए राहुल गांधी संदेश देते रहे। इसके बाद पुनरू राहुल गांधी एक नई यात्रा यानि न्याय यात्रा पर निकल पड़े। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए मणिपुर से मुंबई की इस यात्रा में राहुल गांधी ने प्यार और मोहब्बत के साथ अधिकारों की बात की। लोकसभा चुनाव के दरम

मंदिरों तक जाने वाली सड़कों का निर्माण व मरम्मत योजना निरस्त

- लोनिवि ने मंदिरों के पहुंच मार्गो के लिये बनाये थे आगणन, बेरी स्टेट भी किया गया था शामिल

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

मंदिरों के लिये जाने वाले मार्ग को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिये प्रयासरत लोनिवि के मंसूबों पर पर्यटन विभाग ने पानी फेर दिया है। पर्यटन विभाग ने जिले के सभी पहुच मार्गों के कार्य योजना को एक झटके में निरस्त कर दिया है। विभाग का कहना है कि मंदिरों में कम से कम एक लाख श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिये आना आवश्यक होना चाहिये।

जानकारी के मुताबिक शासन ने श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुचने के लिये आसपास के मार्गों को चुस्त दुरुस्त करने को कहा था इसके लिये लोनिवि ने मेहनत कर जिले के प्रसिद्ध करीब सात या आठ मंदिरों का आगणन बनाकर बनाकर भेजा था ताकि मंदिरों तक सड़को का निर्माण हो सके,मंदिरों के संवारने सुधारने की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गयी थी मगर विभाग ने मामले में आपत्ति लगाकर बजट देने से साफ मना कर दिया है। जिससे सड़को के निर्माण कार्य खटायी में पड गया है। जिसे में सरीला का शिव मंदिर पहुचने में जरिया से सरीला पहुचने में श्रद्धालुओं को दिन में तारे नजर आने लगतेहै समाज सेवी व अपना दल(एस) के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत का कहना है कि यहां पर श्रद्धालु दर्शन करने के लिये पांच लाख नही दस लाख से ज्यादा लोग आते है। इसलिये शासन को चाहिये कि यहां आने के लिये आस पास की समस्त सड़को की मरम्मत कराना चाहिये। इसी प्रकार छिवौली से सरीला आने में सड़क इतनी टूटी है कि लोगों का पैदल चलना दूभर हो जाता है। इसी प्रकार भेड़ी का शिव मंदिर के दर्शन के लिये सैकड़ो मील दूर से ग्रामीण आते है मगर सड़कों के टूट फूट होने के कारण लोगों को मंदिर आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा ने शनिवार को बताया कि पर्यटन विभाग इन सड़को के मामले में क्या करता है जो लोनिवि ने आगणन बनाया था उसे निरस्त कर दिया है। लोनिवि कार्यदायी संस्था थी। मगर पर्यटन विभाग का कहना है कि ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन के लिये कम से कम पांच लाख श्रद्धालुओं का आना आवश्यकहोता है। इस योजना मे बेरी स्टेट को भी शामिल किया गया था क्योकि यह स्थान भी ऐतिहासिक स्थल है। इधर जिला पर्यटन अधिकारी डा.चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने बताया कि यह मामला हाईकमान का है, उनके संज्ञान में नही है मगर इसकी जानकारी अवश्य करेगे। बहरहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। श्रद्धालुओ की आशाएं पर्यटन विभाग ने एक झटके में समाप्त कर दी है।

शस्त्र अधिनियम के अभियोग में आरोपी दण्डित

महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप शनिवार को जे.एम. कोर्ट चरखारी द्वारा शस्त्र अधिनियम के अभियोग में परीक्षणोपरांत नामित अभियुक्त को जेल में बितायी गयी अवधि व 500/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। थाना खरेला में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 140/2009 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम से सम्बंधित अभियुक्त दिनेश उर्फ टन्टू पुत्र गुद्दा विश्वकर्मा ग्राम कुआं थाना खरेला जनपद महोबा को जेल में बिताई गई अवधि व 500 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है।

परीक्षा देते पकड़ा गया गलत नाम से परीक्षा दे रहा परीक्षार्थी

- स्क्रीनिंग और बायोमैट्रिक जांच में उजागर हुआ मामला
- कूट रचना कर गलत आधार कार्ड से दे रहा था परीक्षा

महोबा, संवाददाता, समृद्धि न्यूज। पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन कूट रचित आधार कार्ड के जरिए परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी पकड़ा गया है। अभिलेखों की गहनता से जांच कराने पर फर्जीवाड़ा उजागर होने पर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।

शनिवार को शहर के राजकीय पॉलीटेक्निक में बनाए गए परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग एवं बायोमैट्रिक की जांच कराई गई। पहली पाली में कक्ष नंबर 8 में परीक्षा दे रहे सुमित कुमार पंडित की स्क्रीनिंग कराई गई जिस पर मिसमैचिंग पर समस्त अभिलेखों की जांच की गई। जांच में आधार कार्ड में सुमित कुमार पंडित नाम मिजा जबकि केवाईसी पोर्टल से मिलान करने पर उसका नाम सोनू कुमार पंडित मिला। जन्म तिथि भी आधार कार्ड और अन्य अभिलेखों में अलग पाई गई। अधिकारियों के द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि कूट रचना कर आधार कार्ड में नाम और जन्म तिथि बदली गई। बताया कि उसका असली नाम सोनू कुमार पंडित है जबकि आधार कार्ड में सुमित कुमार पंडित कराया गया। परीक्षार्थी बिहार के सिवान जिले के हरौली थाना के गांव दुब्बा का बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आधार कार्ड सहित अभिलेख कब्जे में लिए है।

खबरें एक नजर में

जानलेवा हमला करने वाले चार अभियुक्तों को कारावास

महोबा, समृद्धि न्यूज। दपुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप आज अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोबा द्वारा एक राय होकर जानलेवा हमला करने वाले 04 अभियुक्तों को 03 वर्ष 06 माह के कठोर कारावास व 28 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।
थाना चरखारी में पंजीकृत मु0अ0सं0 745/2015 धारा 308/323/504/506 भादवि से सम्बंधित 04 नफर अभियुक्तगण इन्दल पुत्र रामा बसोर उम्र 50 वर्ष, मथुरा पुत्र छकिया बसोर उम्र 46 वर्ष, छिद्दू पुत्र सटोला बसोर उम्र 52 वर्ष व भूपत पुत्र इन्दल बसोर उम्र 23 वर्ष समस्त निवासीगण रिवई थाना चरखारी महोबा को 03 वर्ष 06 माह के कठोर कारावास व प्रत्येक को 07-07 हजार रु.(कुल 28 हजार रु.) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। दबंग युवक ने घर में घुसकर अधेड़ को लाठी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल की पत्नी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरदहा निवासी मनू पत्नी बबलू ने पुलिस को बताया कि बीते 30अगस्त की सुबह जब वह घर में काम कर रही थी और उसका पति घर में था तभी गांव का कल्लू पुत्र राधेश्याम आकर गाली गलौज करने लगा और जब गाली गलौज का उसके पति ने विरोध किया तो उक्त कल्लू ने उसके पति को लाठी से पीटना शुरू कर दिया जिससे उसका पति सर में चोट लगने से बेहोश हो गया।शोरशराबा सुनकर लोगों को आता देखकर वह जान से मार देने की धमकी देते हुए चला गया। कोटवसली प्रभारी रामआसरे सरोज ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

पैसे मांगने पर पीटा, पुलिस ने शुरु की जांच पड़ताल

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। अनाज के पैसे मांगने पर किसान को तीन लोगों ने जमकर पीट दिया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी नीरज सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव का राहुल पुत्र राजेंद्र सिंह उसके यहां पर मजदूरी करने का काम करता था।जिसकी मजदूरी के बदले उसने राहुल को अनाज दिया था जिसकी कीमत मजदूरी से काफी अधिक थी।पीड़ित ने बताया कि उसने वही अतिरिक्त पैसे मांगे थे पहले तो राहुल ने पैसे देने के लिए हां कर दी लेकिन बाद में राहुल लवलेश और कल्लू पुत्रगण राजेंद्र ने उसे पीटना शुरू कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीं दूसरे पक्ष ने एक बार फिर मारपीट की और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज कराने की गुहार लगाई है जबकि थाना प्रभारी ने बताया कि एक बार चालान किया जा चुका है और आज फिर चालान हो रहा है यह लोग रात में शराब पीने के बाद झगडा करते हैं और इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज अकिया गया है तो यह भी मुकदमा दर्ज कराने का दबाव बना रहे हैं।

किसान की हत्या करने वाले को उम्रकैद, एक दोष मुक्त

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। सदर कोतवाली क्षेत्र के केशरिया डेरा गांव में आठ साल पहले किसान की हत्या के मामले में अदालत में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। वही एक को बरी कर दिया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल व सहायक शासकीय अधिवक्ता सुभाष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सदर कोतवाली के केसरिया डेरा निवासी रमेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पिता रामप्रसाद पुत्र बच्चा निषाद 29 अप्रैल 2016 को रात 11 बजे रमाकांत पांडेय के नलकूप से घर जाने को निकले थे। लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। लापता होने के दूसरे दिन 30 अप्रैल को उनका शव लहूलुहान हालत में बेतवा नदी किनारे बरामद हुआ था। मौके से पुलिस ने बर्छी भी बरामद की थी। पुलिस जांच में सगे भाई दिलीप व छोटेलाल के नाम सामने आए थे। जिस पर दोनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। शनिवार को मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश प्रथम पीके जयंत ने दिलीप को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व दस हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जबकि साक्ष्य के अभाव में छोटेलाल को दोषमुक्त कर दिया है।

बिना परमिट हरे पेड़ पर चला आरा

नानपारा, बहराइच समृद्धि न्यूज। जिले के नानपारा में जोरो शोरो से अवैध लकड़ी कटान का व्यापार फल फूल रहा। आपको बताते चलें मथुरा नहर के बगल में शुक्रवार शाम 4ः00 बजे हरे भरे आम का पेड़ लकड़ी माफिया काट रहे थे। लकड़ी माफियाओं को थोड़ा सा भी डर नहीं बिना परमिट के आम के 2 हरे पेड़ों पर कुछ लोगों ने आरा चला दिया। पेड़ काटकर लकड़ी के बोटे गायब कर दिए गए। इसमें वन विभाग के आला अधिकारी मौन है।

खेतों में दवाई डालने गया युवक हुआ बेहोश

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर गांव में शनिवार की सुबह तकरीबन 11:00 बजे के आसपास दो दिनों से हो रही भीषण गर्मी व उमस के असर से खेतों में दवाई डालने गया युवक दवाई की गंध एवं व नशे भयंकर गर्मी से बेहोश हो गयाद्य बेहोशी की हालत में युवक को खेतों से परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गयाद्य जहां युवक राम सजीवन पुत्र श्री कृष्णा उम्र 40 वर्ष निवासी रसूलपुर का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया है।

केन्द्रीय विद्यालय में हुआ किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

महोबा, समृद्धि न्यूज।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशो के अनुपालन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन नगर के केन्द्रीय विद्यालय महोबा में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानू द्वितीय स्थान अंशिका, प्राची व तृतीय स्थान - यामिनी ने हासिल किया इसी प्रकार चार्ट प्रतियोगिता - प्रथम स्थान आयूस सूर्यांस, द्वितीय स्थान- अमित, यश, प्रतीक व तृतीय स्थान - जावेश, कार्तिक ने हासिल किया। इस मौके पर कार्यक्रम में राहुल कुमार एवं रजनी चौरसिया साचिया काउंसलर एवम केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य महिपाल सिंह एवं संजीव कुमार पी जी टी, मोहिनी प्रजापति सहित समस्त स्टाफ उपास्थित रहा।

विवाहिता समेत दो लोगों ने फांसी पर लगाकर दी जान

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

अलग अलग थाना क्षेत्र में विवाहिता समेत दो लोगो ने फांसी लगाकर जान दे दी। पहली घटना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में हुई। एक परिवार में बाबा की पुश्तैनी जमीन के विवाद में बाबा की मौत के अगले दिन शनिवार की सुबह नाती ने अपने चाचा की नाइंसाफी से आहत होकर गांव से बाहर ट्रांसफार्मर के सपोर्टिंग वायर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्रातः जब ग्रामीणों की नजर पहुंची तो युवक का शव फांसी से झूल रहा थाए सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक टेढ़ा गांव निवासी लखना खंगार 30 बीघे जमीन का मालिक था उसके रामबहोरी खंगार और कालीचरण दो पुत्र है पत्नी की मौत के बाद राम बहोरी अर्धविक्षिप्त सा रहता है शुक्रवार को इनके पिता और मृतक नाती के बाबा लखना की मौत हो गई। शाम को पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर कालीचरण और राम बहोरी के इकलौते बेटे प्रमोद 36 वर्ष के बीच जमीन को लेकर विवाद पैदा हो गया। प्रमोद की पत्नी सुमन ने बताया कि ससुर रामबहोरी के अर्द्धविक्षिप्त होने का फायदा चचिया ससुर कालीचरण ने उठाते हुए तीन बीघा जमीन पूर्व में बेच दी थी और 20 बीघे जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया था। सिर्फ सात बीघा जमीन बचीए जो उनके परिवार का भरण-पोषण का जरिया थी। कल बाबा लखना की मौत के बाद कालीचरण ने सात बीघा जमीन में भी हिस्से का दबाव बनाना शुरू कर दिया था। जिसको लेकर विवाद बढ़ गया और उसके पति प्रमोद मानसिक तनाव में आ गए और शनिवार की सुबह गांव के बाहर ट्रांसफार्मर के सपोर्टिंग वायर में उनका शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिलाए उसने आरोप इस मौत के लिए चचिया ससुर कालीचरण आदि को दोषी ठहराया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। दूसरी घटनासदर कोतवाली क्षेत्र के पुराना आरटीओ ऑफिस मोहल्ले मे हुई पिता के यहां रह महिला ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई के देख लेने पर आनन फानन फंदे से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।नगर के पुराना आरटीओ मोहल्ला निवासी राधाचरण यादव ने बताया कि उसकी पुत्री अनुसूइया (32) पत्नी गजेंद्र सिंह की ससुराल हरदौली गांव में है। दामाद गजेंद्र सिंह आर्मी में है और असम में पोस्टिंग है। बताया कि बीते चार माह से पुत्री उनके ही घर रह रही थी। शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात कारणों के चलते अनुसूइया ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद बेटे किशन ने बहन को फांसी के फंदे पर लटकते देखा तो शोर मचाया और आनन फानन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम मे हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द्र के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा मे जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ शरद तिवारी दाऊ समाजसेवी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, राजा राम क्रिकेट सीनियर खिलाडी, के द्वारा किया गया प्रतियोगिता मे 06 टीमो ने प्रतिभाग किया फाइलन मैच आज खेला गया जिसमे टीम स्टेडियम (ए) ने 08 विकेट से स्टेडियम बी को हराया मैन ऑफ दि मैच अनमोल तिवारी को दिया गया पुरस्कार वितरण अवधेश गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा, सतेन्द्र गुप्ता राम जी गुप्ता, बृजेन्द्र कुमार युवा कल्याण अधिकारी, देवी चरन सचिव कबड्डी संघ नन्द राम यादव व्यायाम शिक्षक शशीकान्त महोबा के द्वारा पुरस्कार विवरण किया गया।

इस मौके पर सौरभ वर्मा, संजय यादव, मो0 इरफान, संदीप यादव, मुक्कन, अरविन्द्र कुमार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, राम चन्द्र उपकीडाधिकारी महोबा के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

खरेला पुलिस ने दहेज हत्या से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ा

महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 94/24 धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तगण भीमदेव पुत्र स्व0 सन्तोष उम्र 28 वर्ष व कलावती पत्नी स्व0 सन्तोष उम्र 48 वर्ष निवासीगण ग्राम धवारी थाना खरेला जनपद महोबा को धवारी चौराहा कस्बा खरेला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत, पुलिस जांच में जुटी

जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।

जिले की कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मऊपुरा रेलवे फाटक के पास 70 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में माल गाड़ी ट्रेन से कटकर मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ कोतवाली इलाके के जैतपुर कस्बे में रहने वाले हसानुद्दीन पुत्र वजीर उम्र 70 वर्ष सुबह लगभग 6 बजे साइकिल पर सवार होकर जा रहा था । तभी रेलवे ट्रैक पर वह मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आ गया ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है तो वहीं मौत की खबर से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

732 बूथों में से 698 बूथ पर सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधि द्वारा 732 बूथों में से 698 बूथ पर सदस्यता अभियान की बूथ कार्यशाला आयोजित हुई पार्टी के निर्देश पर अलग-अलग स्थान पर एक साथ पार्टी के कार्यकर्ताओ ने बूथ कमेटी, उस बूथ में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए योजना बनाई।। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने 118 नयापुरा नैकाना (नगर महोबा) की बूथ की बैठक ली, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने क्रमांक - 300 परथनिया की बैठक ली, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप ने क्रमांक 117 बूथ आल्हा चौक महोबा की बैठक ली इसी तरह सभी 698 बूथों पर पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लेकर हर बूथ पर सदस्यता की योजना बनाई।

राठ पुलिस से निराश युवक पहुंचा डीआईजी के दरबार, बतायी पीड़ा

- पुलिस ने एएसपी के आदेश पर नहीं की थी कोई कार्रवाई

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

संपत्ति खरीद में धोखाधड़ी करने वाले युवको के खिलाफ राठ पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने से निराश युवक डीआईजी के यहां जाकर अपनी पीड़ा बतायी है। ण् राठ निवासी जगत सिंह राजपूत ने डीआईजी कार्यालय बांदा पहुंचकर संपत्ति के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले कमीशन एजेंटों के गिरोह पर कानूनी कार्यवाही की मांग की हैराठ निवासी जगत सिंह राजपूत ने डीआईजी बांदा को शनिवार को बताया कि राठ कस्वा निवासी अफरोज, रफीक शाहरुख, ब्रजलाल विश्वकर्मा, मुश्ताक, आमिर अंसारी, अयाज अंसारी रहीम भाई मंसूरी एक संगठित गिरोह चलाते है इन लोगो ने कई के साथ धोखा धड़ी कर जीवन बर्बाद कर चुके है। जिनके द्वारा पहले पीड़ित से फर्जी रसीदे थमाकर लाखों रुपए ले लिए और दो साल तक टालने के बाद भी न रुपए दे रहे न ही रजिस्ट्री कर रहे जब स्थानीय पुलिस से पीड़ित ने शिकायत की तो जबरन राजीनामा कर रुपए वापस करने की तिथि 24 अगस्त तक की बात समझौते में पुलिस द्वारा लिखवाई गयी थीए स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी न पुलिस ने रुपए दिलवाए न संगठित गिरोह पर कोई कार्यवाही कर रही है यही नही राठ पुलिस को एएसपी मायाराम वर्मा ने इस मामले में कार्यवाही करने के लिये कहा एक माह पहले कहा था मगर अपर पुलिस अधीक्षक का आदेश राठ प्रभारी निरीक्षक ने हवा में उड़ा दिया लिहाजा पीड़ित ने दुखी होकर डीआईजी कार्यालय में पहुंचकर संगठित गिरोह पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है पीड़ित ने बताया कि उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया गया हैएदेखना है कि राठ पुलिस डीआईजी का आदेश पर क्या कार्यवाही करती है यह समय ही बतायेगा।

अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01अभियुक्त कृष्णा उर्फ परदेशी उर्फ पद्दी लोहार पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम जैन नगर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज बरामद करते हुये ग्राम चन्दौली जाने वाली रोड पर कस्बा खरेला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 95/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया।

युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र की एक युवती को हाथरस का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री अपनी बहिन के यहां नोएडा में रह रही थी लेकिन बीते कुछ दिन पहले वह अपनी पुत्री को गांव लिवा लाए थे बीते 28की रात हाथरस जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगागढ़ी निवासी बादशाह पुत्र अज्ञात उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।पीड़ित की कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-998/ई.ई.-3/जीएल-11/24-25 दिनांक- 31.08.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 07.09.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 07.09.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	जोन-3 के अर्न्तगत कदमरसूल वार्ड, डालीगंज निरालानगर वार्ड, तथा जयशंकर प्रसाद वार्ड में 07 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य।	3500.00	200	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त- 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

ताबड़तोड़ छापेमारी से क्लीनिक संचालको में हड़कंप

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले भर में की जा रही ताबड़तोड़ छापेमारी से अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसको लेकर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर अधीक्षक डॉ. सुशील सरोज द्वारा टीम के साथ बबुरा रोड जैदपुर स्थित एक क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाई गई। जिसमें मौजूद अवधेश वर्मा द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सके इसके साथ ही क्लीनिक के पीछे तीन बेड भी मौजूद मिले तथा तथा कई प्रकार की औषधियां भी बरामद हुई। वही संबंध में सीएचसी अधीक्षक द्वारा संबंधित को नोटिस दिया गया। उसके पश्चात टीम ने अवी हॉस्पिटल में छापेमारी किया।

जहां पर एक वार्ड में बेड पर मौजूद सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव कराई गई महिला और तीमारदार मिले। जिनके पूछताझ में ज्ञात हुआ कि सुबह कोई डॉक्टर देखकर गए। जिसके बाद कोई नहीं आया। वार्ड में मौजूद ऑक्सीजन सिलेंडर खाली मिला। वही सीएचसी अधीक्षक द्वारा दस्तावेज मांगे गए। जिसपर उनके द्वारा कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सका। जिसपर उन्हें नोटिस दिया गया। इसके साथ ही फातिमा हॉस्पिटल और फातिमा नर्सिंग होम में छापेमारी की गई। जहां पर एक भी डॉक्टर और स्टाप नहीं मिला। जिसके बाद भर्ती मरीजों से हाल जाना और फातिमा नर्सिंग होम संचालक ओम प्रकाश वर्मा तथा फातिमा हॉस्पिटल संचालक राम किशोर वर्मा से दस्तावेज मांगे गए।

जिसमें कागजात के नाम पर सिर्फ रजिस्ट्रेशन ही मिला। तथा कोई भी डॉक्टर या स्टाप नहीं मिला। जिसपर उन्हें नोटिस दिया है। वॉइस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुशील कुमार सरोज में जानकारी देते हुए बताया कि 4 क्लीनिक पर छापेमारी के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न करने की स्थिति में सभी को नोटिस जारी करते हुए समय अनुसार सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी की कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी।

भगाकर महिला के साथ किया कोर्ट मैरिज, मुकदमा दर्ज

जैदपुर, बाराबंकी। बहला फुसलाकर घर भगा ले जाने के बाद कोर्ट मैरिज कर अपने साथ घर में रखने वाली महिला को पति सहित परिवार के लोगों ने जमकर मारा पीटा, जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित महिला ने थाना जैदपुर में शिकायत की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कंमरावा गांव का है जहां की शना बनों पुत्री मेराज अहमद ने जैदपुर थाने में शिकायत करते हुये बताया कि एक साल पूर्व नसीम पुत्र अब्बास अली निवासी बसावनपुर पाराडीपू जनपद बाराबंकी बहला फुसलाकर भगा ले गया था। कोर्ट मैरिज निकाह कर अपने साथ रखें हुये था। मामले को संज्ञान में लेते हुये जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

प्रधान पर ग्रामीणों ने लगाए आरोप, सौंपी शिकायत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

- ग्रामीण बोले प्रधान ने तालाब व अन्य कार्य केवल कागज पर दिखाकर फर्जी भुगतान करा लिया

ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान पर ग्राम पंचायत में किसी भी तरह का भी निर्माण कार्य न कराये जाने, विकास कार्य के लिए कहने पर जेल भिजवाने की धमकी एवं विकास के धन का बंदरबांट किए जाने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में शनिवार को बड़ी संख्या में विकास खंड मुख्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है। त्रिवेदीगंज विकासखंड की गौरवा उस्मानपुर गांव के अंशु, सहजराम, शिव नन्दन, सत्य नारायण, अरविंद, राम शंकर, बेचलाल, हीरालाल, रामदेव शाहिद आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र में बताया गया है कि उनके गांव के प्रधान इंद्र कुमार मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत में खड़न्जा, नाली, नाला व इण्टरलाकिंग, शौचालय तथा आवास तथा अन्य कोई विकास कार्य नही करवाये गये है। ग्रामीण जब भी प्रधान से कोई भी विकास का कार्य करवाने के लिए कहते है तो ग्राम प्रधान कहते है कि हम जनता के वोट से प्रधानी नही जीते है बल्कि हम प्रधानी रूपया के बल पर जीते है। यही नहीं लड़ाई-झगड़ा व फौजदारी पर आमादा होते हुए अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए ऐलानिया फर्जी मुकदमें में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है कि उन्होंने तालाब व अन्य कार्य केवल कागज पर दिखाकर फर्जी भुगतान करा लिया है। मनरेगा में 10 आदमी द्वारा कार्य करवाकर मस्टररोल पर 30 आदमी दिखाकर रूपया निकाल लिया जाता है। ग्रामीणों ने उक्त प्रकरण में तत्काल ग्राम प्रधान द्वारा करवाये गये कार्यों की जांच कराकर प्रधान व अन्य दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की हैं।

जब इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली है। सेक्टर प्रभारी से जाँच करवायी जा रही हैं जाँच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

रामनगर पीजी कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित, 329 रोजगार के लिए चयनित

रामनगर बाराबंकी। पी जी कॉलेज रामनगर बाराबंकी के परिसर में युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु संकल्पित मिशन रोजगार योजना अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र व सहायक निदेशक सेवा योजन अधिकारी अयोध्या देवव्रत अपर संख्या अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प माला अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया।महाविद्यालय की छात्राये ललिता दीक्षित आयुषी प्रगति अर्चना छाया नीलम सुधा गायत्री ने आकर्षक रंगोली बनाकर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।रोजगार मेले में आई हुई कंपनियों पंकज इंटर प्राइजेज शिव शक्ति बायोटेक जी-4 एस सिक्योर सॉल्यूशन एचडीएफसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रॉकमैन इंडस्टरीज पुखराज हेल्थ केयर स्टार मैन पावर पशुपतिनाथ बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड निमसम हर्बल प्राइवेट लिमिटेड रोजगार हेतु विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया।जिसमें कुल 579 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया।पंजीकृत संख्या में 329 का चयन किया गया।

पोषण माह के शुभारंभ पर भी याद आया एक पेड़ माँ के नाम

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेन्द्र दुबे के निर्देश पर सातवें पोषण माह के शुभारंभ के अवसर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने लोधपुरवा, बरदरी, मरकामऊ, टिकुरी आदि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुच कर आम, नीम, नीबू अमरूद के पौध आंगनबाड़ी कार्यकत्री व बच्चों के साथ पौध रोपित कर पोषण माह का शुभारंभ किया। वही लाभार्थियों को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री का सजीव प्रसारण भी दिखया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 31 अगस्त से 30 सितंबर तक पोषण माह में घर घर जाकर लाभार्थियों से मिलकर उनको खान पान के बारे में बताए तथा बच्चों को नियमित रूप से देखभाल करें।सीडीपीओ ने टिकुरी टीकाकरण कैम्प का भी निरीक्षण किया।

छठी पर गोला दागने को लेकर भिड़े दो पक्ष, छह घायल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

- दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर हुई कार्रवाई

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की छटठी के अवसर पर शिवाला पर गोला दागने से मना करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पुलिस तैनात किया गया है।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर गांव में विनोद कुमार और अखिलेश साहू के घर पर डोल रखा गया था। शुक्रवार की रात करीब 10बजे दोनो जगह भगवान की छटठी के साथ ही भजन कीर्तन एवं परसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। प्रधान अखिलेश साहू ने पुलिस से शिकायत करते हुए चुनावी रंजिश में डॉक्टर इन्द्र बहादुर, दिलबोले, आशीष सिंह, पर आरोप लगाया है कि रात करीब साढ़े दस बजे दिलबोले आदि रामसेवक साहू के घर के पास शिवाला पर गोला दागने लगे। जिसका विरोध अभिषेक साहू ने किया। बस इसी बात पर दोनों पक्षों में बात बढ़ी गई। तभी दोनों में लात घूंसा डन्डा पाइप की राड से मार पीट अभिषेक को लहुलुहान कर दिया इसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से हुई मारपीट में अभिषेक साहू, रितेश साहू, अखिलेश , डॉक्टर इन्द्र बहादुर सिंह,दिलबोले, आशीष सिंह घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी बदोसराय सन्तोष कुमार, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके कुछ समय बाद पुलिस उपाधीक्षक रामनगर भी मौके पर पहुंचे। और दोनों पक्षों के घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर भेजा । गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

ब्लॉक प्रमुख ने बताई सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

भारतीय जनता पार्टी के एक सितंबर से होने वाले सदस्यता अभियान के तहत त्रिवेदीगंज मंडल के बूथ भवनियापुर ग्राम में बूथ स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 1 सितंबर से शुरू होने जा रहा है पार्टी ने पूरे प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है सदस्यता अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 सितंबर से शुरू की जाएगी। श्री सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष श्यामू वर्मा प्रधान विजय बहादुर वर्मा अतुल सिंह रावत राजेश पांडे पूर्व प्रधान नीरज सिंह राजेंद्र प्रसाद वर्मा मनोज सिंह सुरेंद्र वर्मा बबलू सिंह अविनाश वर्मा सुरेंद्र वर्मा महेश रावत सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

निदेशक ने किया केजीबीवी का औचक निरीक्षण

बाराबंकी। निदेशक स्कूली शिक्षा साक्षरता मिशन भारत सरकार उमेश प्रताप सिंह द्वारा आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवा का निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त स्टाफ और बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पायी गई। विद्यालय में साफ सफाई बेहतर पायी गई। बच्चों को भोजन मेनू के अनुसार दिया जा रहा है। विद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता से काफी प्रभावित हुए। निदेशक द्वारा बच्चों से जिस भी विषय पर भी चर्चा की गई , बच्चों द्वारा अच्छे तरीके उनका उत्तर दिया गया। निदेशक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता भारत सरकार ने शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक काफी मेहनत और संरचनात्मक दृष्टिकोण से बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर छात्राओं में करियर के प्रति जागरूकता एवं संप्रेषण क्षमता काफी बेहतर है। इस दौरान पर वार्डन अंकिता वर्मा, शिक्षिका सीमा राय, रूबी प्रभाकर, प्रियंका, शिक्षक अभिषेक सिंह, विवेक सहित राज्य परियोजना की टीम उपस्थित रही।

धूमधाम से उठा श्रीकृष्ण डोल, हुआ प्रसाद वितरण

जैदपुर बाराबंकी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के छठे दिन कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से कन्हैया डोल बड़े ही धूम धाम के साथ निकाला गया। बैंड बाजे के साथ रंगों की बारिश करते हुये डोल थाना चौराहे के पास पहुंचा जहां पूजा आरती के साथ प्रसाद का वितरण भी किया गया। जानकारी के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी भगवान श्रीकृष्ण के छठी के अवसर पर गढी कदीम मोलवी कटरा अहिरान,संगत , सहित विभिन्न मोहल्लों से बड़े हर्ष उल्लास के साथ कन्हैया डोल पूजा पाठ के बाद निर्धारित मार्गों से होता हुआ मंगाताल पहुंचा जहां पहले से मेले लगा होने से कस्बे सहित आस पास क्षेत्र से आये लोगों की मौजूदगी में पूजा आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात डोल पुनः अपने अपने स्थानों पर वापस पहुंच समापन किया गया इस अवसर पर दिवेश कुमार जायसवाल,शैलेन्द्र जयसवाल, राजेंद्र सोनी,मनोज, लक्ष्मी पंडित, मास्टर सत्य नारायण गुलशन महेश मौर्या कुमार गुप्ता डब्बू जयसवाल सहित तमाम लोगों मौजूद रहे। सुरक्षा के हेतु कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह दरोगा हलीम बाबू गुफरान खान जयनारायण सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रहीं।

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मनी मेजर ध्यानचंद की जयंती

इटावा, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है तथा खेल हमारे तन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। जो बच्चे अच्छा खेलते हैं वे अच्छा पढ़ते भी हैं। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। इन्हें हॉकी जगत में विशेष स्थान प्राप्त है तथा उनके खेल के प्रति समर्पण को देखकर भारत सरकार ने इन्हें पद्मभूषण से भी सम्मानित किया। वह हॉकी के कप्तान थे एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में उनकी गिनती की जाती है।

कपालभाति कर स्वामी महेश योगी ने रचा इतिहास

- छह माह से भोजन त्यागकर प्रतिदिन 11 घंटे अनवरत चल रही कपालभाति प्राणायाम की साधना

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के लोकप्रिय संत डॉ महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी ने महर्षि पतंजलि की जन्म भूमि से योग में एक अनोखा विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। दो अप्रैल से अभी तक पांच माह में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी निज आश्रम पर भोजन का त्यागकर अनवरत 11 घंटे प्रतिदिन कपालभाति करते हुए महेश योगी ने एक करोड़ 50 लाख कपालभाति किया था। वहीं बीती 30 अगस्त को कोडर महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि पर अनवरत 11 घंटे में एक लाख कपालभाति कर महर्षि पतंजलि की जन्म भूमि से एक करोड़ 51 लाख कपालभाति करने का नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के रिकॉर्ड बुक में अंकित किया गया किंतु उन्होनें अपनी साधना को अभी विराम नहीं दिया है।स्वामी महेश योगी की यह साधना छ- माह यानि 1980 घंटे (सितम्बर माह तक) अनवरत चलती रहेगी।छः माह से श्री हनुमान जी के सानिध्य में अष्टसिद्धि साधना व रुद्र राज योग की साधना कर रहे स्वामी महेश योगी सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री हनुमान भक्ति आन्दोलन संचालित कर सनातन धर्म के अभ्युदय तथा योगमय भारत बनाने जैसे अनेकों महनीय उद्देश्यों की प्राप्ति के लिय साधना रत हैं।

जन जन में योग शक्ति की ऊर्जा पुंज को स्थपित करने हेतु स्वामी महेश योगी ने अनेकों अभियान चलाया तथा भारत के चारों दिशाओं में चार योग धाम की स्थापना के लिए कार्य कर रहे हैं।योग,कला,साहित्य व अध्यात्म के क्षेत्र में पहले भी महेश योगी ने अनेकों आश्चर्य जनक विश्व कीर्तिमान बनाकर विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है जिसमें अनवरत 76 घंटे तक योग मैराथन करने का विश्व रिकॉर्ड, अनवरत 51 घंटे कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड,एक मिनट में 21 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड,एक घंटा 15 मिनट शीर्षासन में कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड,अयोध्या मां सरयू की गोद में लगातार 13100 बार डुबकियां लगाने का विश्व रिकॉर्ड,चित्रकला के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी व्यक्ति चित्र श्रृंखला बनाने का विश्व रिकॉर्ड, अब तक 11000 चित्रों का सृजन करने का रिकॉर्ड तथा दिव्य भारत गौरव ग्रंथ एवं भारत ऋषि ज्ञान एनसाइक्लोपीडिया के लेखन कार्य जैसे अनेकों विशिष्ठ कीर्तिमान महेश योगी के नाम से दर्ज हैं।

थाना बकेवर पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के कुशल नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस ने घटना का अनावरण कर हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। वादिनी सिताबी देवी पत्नी राजकुमार निवासी कछियान मोहल्ला लखना थाना बकेवर जनपद इटावा द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि उसका बेटा राहुल उर्फ कतली घर से चला गया था एवं काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला था जिसके संबंध मे थाना बकेवर पर उसकी गुमशुदगी दर्ज करवायी थी। वादिनी के पुत्र का शव गोतमपुरा नहर मे मिला। प्रधान विवेक यादव ने वादिनी के पुत्र राहुल उर्फ कतली की हत्या करके शव को नहर में फेंक दिया। थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी विवेक यादव पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम नगला कले लखना थाना बकेवर को पूर्वी तिराहा हाइवे से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, का. विजय कुशवाह, का. राघवेन्द्र प्रताप सिंह, हे.का. चालक अवनीश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

एआरटीओ व पुलिस टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, दस वाहनों पर हुई कार्यवाही

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

परिवहन विभाग व कुठौंद पुलिस की संयुक्त टीम ने माधौगढ़ रोड कुठौंद में चेकिंग अभियान चलाया जिसमें ओवरलोड व आवश्यक प्रपत्र ना पाए जाने की वजह से 10 वाहनों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। वहीं तीन ट्रैक्टरों को ओवरलोड ट्राली समेत थाने में खड़ा कराया गया।

एआरटीओ विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम व पुलिस टीम ने माधौगढ़ रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें टीम ने ईंटों से ऊपर तक लदे खड़े तीन ट्रैक्टर ट्राली पर ओवरलोड की कार्यवाही की व उन्हें थाने पहुंचाया गया। तीनों ट्रैक्टरों पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। टीम ने सड़क पर आ रहे अन्य वाहनों के भी प्रपत्र चेक किये। चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ी गई एक पिकअप मे फिटनेस नहीं पाई गई वहीं दूसरी पिकअप पर टैक्स बकाया होने की वजह से उस पर भी जुर्माने की कार्यवाही की गई, दोनों वाहनों से 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग की टीम ने 5 ऑटो को बगैर परमिट सड़क पर दौड़ते हुए पकड़ा जो की क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर बगैर परमिट के सड़क पर दौड़ रहे थे पकड़े गए पांचो ऑटो औरैया नंबर के थे। सभी पर 65 हजार जुर्माने की कार्यवाही की गई है। एआरटीओ विनय कुमार पांडे ने बताया कि सड़क पर नियम विरुद्ध चल रहे 10 वाहनों पर 2 लाख 40 हजार का जुर्माना लगाया गया है। आगे भी अवैध परिवहन पर कार्यवाही जारी रहेगी।

पुलिस ने बैंकों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बैंकों/वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने बाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने-जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया, साथ ही बैंक एवं आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया।

सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 का अनुक्रमांक 1495906 की मार्कशीट जो वास्तव में कहीं खो गयी है। नरेन्द्र सिंह यादव पुत्र विजय बहादुर निवासी शिव कॉलोनी जय नारायन वर्मा रोड, फतेहगढ़।

कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़।

पत्रांकः मीमो/1-30 /2024-25 दिनांक 27/08/2024

-: निविदा सूचनाः-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक-फर्म/एजेन्सी/ कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 04/09/2024 समय 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/09/2024 सायंकाल 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/ नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रुप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के समक्ष अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्तें कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगंणन राशि	निविदा मूल्य + जी0एस0टी0	धरोहर राशि 10 प्रतिशत	कार्य पूर्ण का समय
1	कलेक्ट्रेट परिसर अपर जिलाधिकारी महोदय आफिस के पास नाली एवं प्रीकास्ट इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	718000.00	944.00	71800.00	एक माह
2	वार्ड सं0 40 मो0 शर्राफ बाजार में रामसिंह वर्मा की दुकान के पास राधा ज्वैलर्स तक एवं तेजस ज्वैलर्स की दुकान के पास रामवीर सिंह के मकान तक नाली एवं प्रीकास्ट इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	384000.00	472.00	38400.00	एक माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

खिलाड़ी खेल को खेल भावना के साथ खेलें: कासिम अंसारी

इटावा, समृद्धि न्यूज।

लतीफ बैण्ड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन तिकोनिया मार्केट नाला में किया गया, नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर की विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि मु. कासिम अंसारी प्रदेश प्रवक्ता एवं सलाहकार बुनकर एकता समिति ने टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके किया। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना के साथ खेलें और जो टीम पराजय हो वह निराश न हो बल्कि और मेहनत करे जिससे आने वाले समय मे वह भी टूर्नामेंट में अपनी मेहनत के बल पर विजय प्राप्त करे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला वाह अड्डा क्लब एल.बी. क्लब के बीच हुआ जिसमें बाह अड्डा क्लब ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एल.बी. क्लब को हराकर फाइनल मुकाबला जीता। विशिष्ट अतिथि शारिक अंसारी प्रबंधक बुनकर एकता समिति, हाफिज़ मु. रईस कोषाध्यक्ष बुनकर एकता समिति, राशिद अंसारी प्रभारी बुनकर एकता समिति, राजीव पाल शहर उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को टूर्नामेंट के आयोजकों रियाज अंसारी, आसिफ अंसारी, शाहिद अंसारी, आमिर अंसारी ने स्वागत कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मो. कासिम अंसारी प्रदेश प्रवक्ता एवं सलाहकार बुनकर एकता समिति सहित विशिष्ट अतिथियों व आयोजकों द्वारा फाइनल की विजेता टीम बाह अड्डा क्लब को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 सौ रुपये और उपविजेता टीम एल बी कलब को द्वितीय पुरुस्कार के रूप में।21 सौ रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

आकांक्षित ब्लाक रामपुरा, जालौन की सीडीओ पृथक करें समीक्षा

- सभी आशाओं, संगनियों के प्रोत्साहन का भुगतान माह की पांच तारीख कर करना सुनिश्चित हो

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कल देर शाम विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित समस्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, क्षय नियंत्रण, कुष्ट नियंत्रण इत्यादि की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा कर निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि आकांक्षात्मक ब्लॉक जालौन तथा रामपुरा में निर्धारित सूचकाकों की प्रगति में शतप्रतिशत सुधार करवाते हुये मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पृथक से समीक्षा बैठक करना सुनिश्चित करे। उन्होंने नीति आयोग के सूचकाकों को 15 दिनों के अंदर मासिक लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत सुधार करने के लिये निर्देश दिये।

अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराएं: जिलाधिकारी

- डीएम व एसपी ने जेल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं को देखा गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं की विशेष रूप से कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं यथा बंदियों द्वारा बनायी जा रही जगमग झालर लाईटे व कपड़े के कैरी बैग की प्रशंसा की गयी। कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताँछ की गयी। बैरकों की तलाशी ली। बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में भोजन, पानी, रहने, दिन/रात्रि शौचालय, मौसम को देखते हुये पंखों की क्रियाशीलता/अक्रियाशीलता एवं किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की। पाकशाला में बनाएं गए भोजन को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरें की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराएं जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डॉ इफराक, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण कर जेल से बाहर निकलने डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

सपा नेता ने अखिलेश यादव को शिष्टाचार में साइकिल भेंट की

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद अखिलेश यादव युवाओं की आशा और उम्मीद की किरण रखने वाले शहर का भ्रमण कर रहे थे तभी सपा नेताओं ने शिष्टाचार मे साइकिल भेट की और सपा नेता नवाजिश अंसारी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद अखिलेश यादव को शहर की समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने बताया कि सौसैया अस्पताल में अनियमिताओं के बारे में अवगत कराया शहर की बिजली की समस्या को बताया सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर बिजली विभाग के कर्मचारी के द्वारा बिजली चेकिंग के द्वारा समाजवादियों को लगातार परेशान करने की भी शिकायत की है उन्होंने समस्याएं सुनकर अनुशासन दिया कि जल्दी इन सारी समस्याओं को हल किया जाएगा सपा नेता नवाजिश अंसारी समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष ने तमाम शहर की समस्याओं से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

खबरें चलते-चलते

नगर पालिका ने शुरू की जनसंवाद योजना, बनाये गये नगर मित्र

छिबरामऊ कन्नौज। विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका छिबरामऊ के द्वारा जनसंवाद योजना शुरू की गई है जिसके अंतर्गत ज़िम्मेदार नागरिकों को नगर मित्र बनाया जा रहा है। बिना नागरिकों के सहयोग के कोई काम सफल नही हो सकता, कार्यो की सफलता के लिए शासन, प्रशासन और नागरिकों के मध्य परस्पर संवाद होना आवश्यक है। उक्त विचार पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने पालिका सभागार में आयोजित नागरिक संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी से शिकायत और सुझाव बड़े परिवर्तन का कारण बन जाते है। ज़िम्मेदार नागरिक के तौर पर प्रवेश खंडेलवाल ने सुझाव दिया अनिल नागरिकों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए।

सवारियों भरा टैम्पो पलटा, पांच घायल

- घायलों का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार
- लिलुइया गांव के निकट हुआ हादसा

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के लिलुइया गांव के निकट शनिवार की दोपहर सवारियों से भरा एक टैम्पो अनियन्त्रित होकर पलट गया। हादसे में टैम्पो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। बेला से सवारियों को बैठाकर एक टैम्पो तिर्वा की ओर आ रहा था। टैम्पो जब लिलुइया गांव के निकट पहुंचा तभी अचानक अनियिन्त्रित होकर पलट गया। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने टैम्पो से घायलों को निकालकर एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज पहुंचा। हादसे में औरैया जनपद के बेला निवासी अमित कुमार (45) पुत्र कल्यान सिंह, अखिलेश (35) पुत्र श्याम सुन्दर, तिर्वा के गुलरिया गांव निवासी छत्रपाल (40) पुत्र बादशाह, अजय (10) पुत्र छत्रपाल, सत्यवती (35) पत्नी छत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी का मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है।

देवर भाभी को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद को लेकर देवर भाभी के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। देवर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बसावन पुरवा निवासी सरवन पुत्र इनाम सिंह यादव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह गांव के ही श्याम बाबू, रक्षपाल, शिवम, जनक सिंह ने पानी भरने के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी बचाव में आई उसकी भाभी गुड्डी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

मवेसी के विवाद में युवक से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। खेत में भैंस चले जाने के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम ब्राहिमपुर निवासी संजू पुत्र राधेश्याम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम गांव के विमलेश के खेत में उसकी भैंस चली गई जिससे नाराज होकर विमलेश, राकेश, शिवा, रामवीर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

वरिष्ठ नागरिकों को जिम्मेदार व्यक्ति छोड़ देता है तो जेल की सजा व जुर्माने से होगा दंडित: डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 एवं नियमावली 2014 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि कोई भी वृद्ध अपने आपको असहाय महसूस न करें। जिला प्रशासन उनके साथ है। ऐसे माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक जो अपनी आय और सम्पत्ति से अपना भरण-पोषण नहीं कर सकते। वे इस अधिनियम के तहत भरण-पोषण का दावा तहसील स्तर पर नामित सुलह अधिकारी के माध्यम से करा सकते हैं। कहा कि दावे का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जायेगा। माता-पिता, वृद्धजनों को भरण-पोषण न करने वाले एवं प्रताड़ित करने वाले बेटे की आय से मानक के अनुसार पैसे की कटौती कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होनें कहा कि किसी भी माता-पिता/ वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उसके लिये सरकार तत्पर्यता के साथ कार्य कर रही है। कहा कि तहसील तिर्वा एवं छिबरामऊ में सुलह अधिकारी नामित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाये। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण से संबंधित होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर आदि लगाये जाये तथा चौपाल के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे निर्धन, निराश्रित तथा जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिको को अधिनियम का लाभ मिल सके। कहा कि बाल संरक्षण केन्द्र और वृद्धाश्रम हेतु जमीन चिन्हित कर ली गयी है। शासन को प्रस्ताव भेजा जाये। उन्होने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिये कि सर्दी का मौसम आने वाला है। वृद्धजनों की मोतियाबिन्द आदि आखों से संबंधित आपरेशन करने की तैयारी कर ली जाये। स्कूल में जिन बच्चो को देखने में कठिनाई पायी जाये। चिकित्सा विभाग द्वारा चस्मा एवं इलाज उपलब्ध कराया जाये।

वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



कार्यक्रम में लिपिक को विदाई देते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम कर कॉलेज के बरिष्ठ लिपिक भुवनेश सिंह राठौर के सेवानिवृत्त होने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने उन्हे अनुशासन दिया कि जल्दी इन सारी समस्याओं को हल किया जाएगा सपा नेता नवाजिश अंसारी भावभीनी विदाई दी। प्रधानाचार्य योगेन्द्र तोमर उन्हे शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और अवकाश ग्रहण के बाद उनके स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर शिक्षक राकेश सिंह चन्देल, दिनेश प्रताप सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा व्यापारियों का किया गया पंजीकरण

- अफसरों ने व्यापारी हितों से जुड़ी दी जानकारियां

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

कस्बे के निजी गेस्ट हाउस में शनिवार को व्यापारियों के एक पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के संयोजन से व्यापारियों का पंजीकरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिले के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि सभी व्यापारियों को पंजीकरण कराया आवश्यक है। जिससे उन्हे प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारियां हो सके। सहायक आयुक्त उमेश प्रताप ने व्यापारियों से जुड़ी कई योजनाओं की जानकारियां दी। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री मुकेश पोरवाल, उपाध्यक्ष नसीम मंसूरी, रामजी ओमर, मो रिजवान, राजेश गुप्ता समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

रोहली मेले में पहुंच डीएम- एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था लिया जायजा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने तालग्राम जाहिरा देवी मंदिर परिसर में लगने वाले रोहली मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने तालग्राम क्षेत्रान्तर्गत जाहिरा देवी मंदिर परिसर में लगने वाले रोहली मेले का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के मेले के आयोजकों और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि मेले के दौरान शांति और सुरक्षा को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यातायात प्रभारी को यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक — समृद्धि न्यूज

दबंगो ने दलितों पर किया हमला, पीड़ितों ने पुलिस से कार्यवाही की मांग

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। खेत पर फ़सल बुवाई को गये लोगो के साथ दबंगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में घायल दलित महिलाओ के साथ पीड़ितों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। जसोदा चौकी क्षेत्र के गांव तिलपई रोड पर कस्बा जलालाबाद निवासी शुभम व विजय कुमार का खेत है। जिस पर शनिवार की सुबह उक्त लोगों के साथ उनके साझीदार खेत पर फ़सल की बुवाई करने गये तभी तिलपई निवासी भूमाफिया दबंग जय सिंह यादव अपने पुत्रों पुष्पेंद्र यादव, नरेंद्र यादव आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ आकर हमलावर हो गये। जिसमें एक पक्ष के अमित दिवाकर, फूल कुमारी जाटव, पिंकी आदि घायल हो गए।

बैठक — जिलाधिकारी ने गांधी सभागार में की समीक्षा बैठक

अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को पकड़कर पहुचाएं गौशाला

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गोशाला एंव लखपति दीदी तथा निपुण अभियान, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि निराश्रित गौवंशों को पकड़ने हेतु एक सिंतबर से सात सिंतबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। कहा कि प्लान बनाकर निराश्रित गौंवशों को पकड़ा जाये। कोई भी निराश्रित गौवंश इधर- उधर सड़कों पर एवं किसानों के खेतों पर नही दिखना चाहिए। निराश्रित गौंवशों को पकड़ने के दौरान गाय को गौशाला में नंदी को नन्दीशाला में रखा जाए। उन्होनें कहा कि जिन गो-आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उन्हें क्रियाशील किया जाए तथा जो गोशालाएं निर्माणाधीन है, उनका निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने पंचायत राजवित्त आयोग के अन्तर्गत विकास खण्ड उमर्दा, हसेरन, गुगरापुर, सौरिख, तालग्राम, कन्नौज पीछे होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होनें लखपति दीदी योजना के तहत 10286 के सापेक्ष 925 दीदियां लखपति की श्रेणी में पहुँचने पर प्रसंशा की। कहा कि अन्तिम लक्ष्य को पकड़ा जाए। योजना चलानी है, तो हमें रिजल्ट पर फोकस करना होगा। उन्होनें कहा कि निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत अध्यापकों की उपस्थिति पर फोकस किया जाए। सभी अध्यापकों की उपस्थिति की समीक्षा दर्पण पोर्टल पर की जा रही है। उन्होनें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ग्राम प्रधान स्तर से लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

श्री कृष्ण की छठी में सबकी कल्याण की कामनाएं करती हुई श्रद्धालु महिलाएं

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

भगवान श्री कृष्ण की छठी में सायं कालीन भगवान श्री कृष्ण की छठी का प्रसाद श्रद्धालुओं बड़ी श्रद्धा भक्ति से बनाया। भगवान श्री कृष्ण को एवं माताजी सहित सभी देवी देवताओं को भोग लगाकर बाल भोज कन्या भोज के साथ छठी का भंडारा शुभारंभ हो गया। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने भगवान श्री कृष्णा का वीडियो पूजन पाठ श्रद्धालुओं से कराया। श्रद्धालु महिलाओं ने भगवान श्री कृष्णा के स्वरूप को काजल लगाकर सबके कल्याण की प्रार्थना की। सभी श्रद्धालु महिलाओं ने भगवान के भजन सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि जो भगवान श्री कृष्णा के छठी के आयोजन को श्रद्धा से मनाते हैं। उनका जीवन सुख शांति से परिपूर्ण होता है। कार्यक्रम में रवि तिवारी अभिषेक तिवारी मुकेश मिश्रा देवास यादव लालू गुप्ता गौरव दुबे आशीष गुप्ता नितेश गुप्ता सत्येंद्र वर्मा गगन तिवारी सर्वेश गुप्ता छोटे दुबे सुरेश चंद दीक्षित नितिन सिंह राठौर विपिन बाथम अंकित गुप्ता मोहित गुप्ता आदि के साथ गीता तिवारी विमला पाठक सरोज भदोरिया रागिनी दुबे चांदनी शर्मा राधा यादव मधु सिंह भदोरिया आदि ने ने देर रात तक भगवान के छठी कार्यक्रम में देर रात तक सहयोग किया किया। रात तक भगवान के प्रसाद को पाने के लिए भीड़ उमरती रही।प्राचीन मंदिर हनुमान गढ़ी पर श्री कृष्णा जी की छठी के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे हुआ जिसमें काफी भक्तगणै ने प्रसाद ग्रहण किया।

सार्वजनिक सूचना

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कार्यालय छिबरामऊ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की भवन संख्या6/177 मोहल्ला ऊंचा छिबरामऊ जनपद कन्नौज। जिस पर वर्तमान असिसमेंट रजिस्टर में कादर बक्श पुत्र मखदूम बक्श के नाम दर्ज है। जिस पर नोटरी हालफ नामा रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर सईद अहमद पुत्र जवादुल हक का नाम दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में सईद अहमद पुत्र जवादुल हक निवासी ऊंचा मोहल्ला छिबरामऊ कन्नौज द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है।

अतएव इस नामांतरण में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशन तिथि से एक माह के अंदर अपनी आपत्ति में सबूत इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद के यह समझ जाएगा कि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति नहीं है तदनुसार नामांतरण करने हेतु अंतिम आदेश पारित कर दिया जाएगा इसके लिए पालिका का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद-कन्नौज

पुलिस भर्ती परीक्षा में 3322 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- दोनों पालियों में 9109 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, सुरक्षा रही कड़ी

अंतिम दिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच 18 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा कक्षों में तीसरी आंख से निगरानी की गई। डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया और परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। शनिवार को जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू सम्पन्न हुई। पहले दिन की प्रथम व द्वितीय पाली में 3322 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 9109 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल लगाया गया है। जनपद में 18 केंद्रों पर 12431 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन **प्रथम पाली में** परीक्षा केंद्र बद्री विशाल डिग्री कालेल 480 परीक्षार्थियों में से 364 ने परीक्षा दी। वहीं 116 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 346 ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 134 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रिश्चियन इंटर कालेज में **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 182 उपस्थित रहे। वहीं 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 179 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं 61 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र दुर्गा नारायन डिग्री कालेज **प्रथम पाली** में

परीक्षा केंद्र पर लाइन में लगे परीक्षार्थी — समृद्धि न्यूज

480 परीक्षार्थियों में से 330 ने परीक्षा दी, वहीं 150 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 352 ने परीक्षा दी। वहीं 128 अनुपस्थित रहे। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 182 ने परीक्षा दी। 58 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 172 ने परीक्षा दी। 68 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 178 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 62 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 182 ने परीक्षा दी। 58 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 384 में से 290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 94 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 293 ने परीक्षा दी। 91 अनुपस्थित रहे। राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 174 ने परीक्षा दी। वहीं 66 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 156 ने परीक्षा दी। 84 अनुपस्थित रहे। जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 168 ने परीक्षा दी। 72 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 169 ने परीक्षा दी। 71 अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 346 में से 353 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 127 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 351 ने परीक्षा दी। 129 अनुपस्थित रहे। कानोडिया गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 358 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 122 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 357 ने परीक्षा दी। 123 अनुपस्थित रहे। महावीर इंटर कालेज खैरबंद **प्रथम पाली** में 384 में से 294 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 90 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 289 ने परीक्षा दी। 95 अनुपस्थित रहे। महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 172 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 685 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 175 ने परीक्षा दी। 65 अनुपस्थित रहे। एमआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 408 में से 300 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 108 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 294 ने परीक्षा दी। 114 अनुपस्थित रहे। एनएकेपी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 289 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 95 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 276 ने परीक्षा दी। 108 अनुपस्थित रहे। नारायन आर्य कन्या पाठशाला पीजी कालेज साहबगंज **प्रथम पाली** में 480 में से 341 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 358 ने परीक्षा दी। 122 अनुपस्थित रहे। रखा गर्ल्स इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 182 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 58 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 170 ने परीक्षा दी। 70 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 286 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 98 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 274 ने परीक्षा दी। 110 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 138 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 54 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 135 ने परीक्षा दी। 56 अनुपस्थित रहे।

मारपीट में दोनों पक्षों के सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। नगर के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी आसिम की घर के बाहर ही बाल काटने की दुकान है। आठ दिन पूर्व मोहल्ले का ही हसनैन बाल कटवाने के लिए दुकान पर आया था। दोनों में कमेटी के बकाया दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। कुछ समय बाद दोनों पक्षों से दर्जन भर से अधिक लोग आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे, ईंट पत्थर चले। जिसमे दोनों पक्षों से चार लोग घायल हुए। दूसरे पक्ष के हसनैन ने दी तहरीर में बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय आसिम रंजिश में गाली-गलौज करने लगा। घर जाते समय भाई चंदन को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों की तहरीर पर आसिम, खालिद, आंशु, वारिस, हसनैन, चंदन व चाँद मियां के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया।

गैस प्लांट में कार्य करने वाले मजदूर की मौत

- परिजनों ने लगाया सूचना न देने का आरोप

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

गैस प्लांट में कार्य करने वाले मजदूर के सीने में अचानक दर्द होने से उसकी कुछ समय बाद मौत हो गयी। परिजनों ने ठेकेदार पर सूचना न देने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव सकवाई निवासी जगेंद्र पुत्र इजेंद्र सिंह गैसिंगपुर स्थित गैस प्लांट पर काम करने पहुंचा। गेट पर इंट्री कराने के बाद जगेंद्र अपने सिलेंडर सील पंच का कार्य करने लगा। लगभग सुबह 7 बजे अचानक सीने में दर्द होने पर जगेंद्र वहीं गिर पड़ा। साथ में काम कर रहे दीपक व

मौके पर परिजनों से पूछताछ करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

अंकित ने उसे पकड़कर लिटा दिया और अपने सुपरवाइजर के साथ अपने फ्लोर ऑफिसर सुभाषचंद्र को जानकारी दी। जिस पर सुभाषचन्द्र ने कोई एक्शन नहीं लिया। साथी कर्मचारियों ने सकवाई में स्थित झोलाछाप डॉक्टर को दिखाना चाहा, तो उसने मना कर दिया। साथियों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन जब लोहिया लेकर पहुंचे, तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव को गैस प्लांट में लाकर रख दिया और आरोप लगाया कि प्लांट में खड़ी गाड़ी से अगर जगेंद्र को भेजते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। साथ ही परिवार के लोगों ने पत्नी सुनीता देवी तथा मृतक के बच्चे कृष्णा 15 वर्ष, दिव्यांशु 13 वर्ष, दिव्या 11 वर्ष तथा परी 8 वर्ष के लिए मुआवजे की मांग की है। वही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड गैसिंगपुर में तैनात डीजीएम किशोर बेहेरा ने कहा है कि हमें घटना की जानकारी हुई हैं, तो हमारे कर्मचारी उसे फर्स्ट ट्रीटमेंट के लिए पास के डॉक्टर को दिखाने के लिए ले गए थे। मुआवजे के लिए वह अपने अधिकारियों से बात करके जो भी कंपनी से हो सकता है मृतक के पीड़ित परिवार को दिलवाएंगे। मृतक ठेकेदार मोनू राठौर के नीचे कार्य करता था। वहीं ठेकेदार मोनू राठौर ने बताया कि मृतक के परिजन को उनसे और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से ज्यादा से ज्यादा फंड दिलवाने की कोशिश करेंगे। मौके पर कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी पुलिस बल के साथ पहुंचे। एसआई सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की माता, बेटी देवी तथा पत्नी सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का एसडीएम व तहसीलदार ने किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डा0 बी0के0 सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार व तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर अमृतपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिला अधिकारी ने आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉ0 शैफाली भदौरिया से बातचीत की तथा मरीज पंजीकरण रजिस्टर देखा, तो 33 नवीन व 33 पुराने मरीजों का पंजीकरण पाया गया। जब एसडीएम ने डाक्टर से पूछा कि कौन सी दवा नहीं मिलती है, तो डाक्टर ने बताया कि खाज खुजली में प्रयोग आगे वाली औषधि दंशक लेप नहीं मिलता।

दवाओं का निरीक्षण करते एसडीएम

औषधि रजिस्टर, मांग पत्र, आउट कैम्प रजिस्टर, जैरिटिक रजिस्टर डाक्टर शैफाली भदौरिया नहीं दिखा सकीं। वही उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के द्वारा स्टाक रुम का निरीक्षण किया गया, तो दवाई के डिब्बों पर धूल मिट्टी लगी पाई तथा जिसको साफ करने के एसडीएम ने डाक्टर को निर्देश दिए। मौके पर योग प्रशिक्षक रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

युवती ने तीन सगे भाईयों पर दर्ज कराया बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मुकदमा

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव के ही निर्दोष, विजय, सुबोध पुत्रगण गुरुवचन के विरुद्ध बंधक बनाकर दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 अगस्त की रात निर्दोष मुझे समाज व ससुराल में बदनाम करने एवं मेरे दोनों भाईयों को जान से मारने की धमकी देकर अपने साथ चलने को कहा और मुझे टेंपो से एटा ले गया। इसके भाई विजय ने भी अलीगंज तक ले जाने में सहयोग किया और एटा से दिल्ली ले जाकर मुझे एक कमरे में बंद कर दिया। मौका मिलते ही मैने सुबह अपने पिता को फोन किया। उसने मेरा सिम कार्ड तुड़वा दिया तथा बात नहीं करने दी। पुलिस की दविश से मुझे वापस एटा लाकर छोड़ दिया। दूसरे दिन इसके भाई सुबोध ने मुझे एटा से बाइक पर बैठाकर घर चलने की बात कहकर रास्ते में घने जंगल में ले जाकर मेरे साथ बलात्कार किया। फिर वापस एटा छोड़ आया। सुबह मैने एक रिक्शे वाले के मोबाइल से अपने पिता के पास फोन किया। तब मेरे पिता सीधे मुझे अचरा चौकी ले गए। दो रातों से परेशान असंतुलन की अवस्था में मैं पुलिस को कुछ नहीं बता सकी। घर जाकर परिजनों को बात बताई, तो अगले दिन घर वालों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गई, लेकिन पुलिस ने मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब जाकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि विवेचक व्दारा पीड़िता के बयान आदि की कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

चार माह पूर्व हुए दुष्कर्म से किशोरी हुई गर्भवती

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष घर के वाहर बने शौचालय मे शौच क्रिया करने गई थी, तभी उसे गाँव के ही अमित व पंकज ने जबरन पकड़ लिया। अमित ने उसके साथ शारीरिक संबन्ध बनाए। वही पंकज रखवाली करता रहा। पंकज ने धमकी दी कि अगर तूने यह बात किसी को बताई, तो तुझे जान से मार देगे। किशोरी ने 28 अगस्त को पेट मे दर्द होने पर माँ को बताया। जब वह पुत्री को दिखाने गई, तो पता चला की पुत्री लगभग 4 माह की गर्भवती है। जब उसने मां को घटना की जानकारी दी, तो किशोरी को लेकर माता-पिता कोतवाली पहुँचे। जहाँ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी का मेडीकल परीक्षण करवाया। डा0 मधू अग्रवाल ने किशोरी का मेडीकल परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि किशोरी 4 महीने की गर्भवती है, लेकिन उन्होंने एक्सरे के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वही हलका इन्चार्ज शमशुद्दीन ने आरोपी को हिरासत मे ले लिया।

बेवजह मारपीट की शिकायत पुलिस से

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अमन सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि शनिवार मैं अपने स्कूल आरपी इंटर कॉलेज से लगभग 11.30 बजे वापस आ रहा था, तभी रास्ते में मिलन डीजे वाले निवासी रजीपुर, शेखर निवासी महरूपुर रावी, छोटू चौहान निवासी अखमेलपुर ने मुझे बेवजह गाली-गलौज की। जिसका मैंने विरोध किया। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने लोहे की चैन से मेरे साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

कंपिल, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी दिनेशचंद्र ने दी तहरीर में बताया कि पांच दिन पूर्व पिता सूरजपाल रायपुर से खाद की बोरी लेने जा रहे थे। उसी समय गांव के निवासी राजेश, कमलेश, विमलेश, ललिता ने लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

विद्यार्थी जीवन में सत्य अंहिसा का पालन करते हुए आगे बढ़े

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने भारतीय

शिक्षा के प्रहरी

महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक सिंह ने बताया कि मेरे पिता अधिवक्ता शीतला प्रसाद सिंह ने हर कार्य में मेरा सहयोग किया। हाईस्कूल

नाम- विवेक सिंह
पद- असिस्टेंट प्रोफेसर भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद
पिता- श्री शीतला प्रसाद सिंह
जन्मतिथि- 02.07.1977
योग्यता- एमए, यूजीसी नेट क्वालीफाई
प्रेरणा स्रोत- महात्मा गांधी व कार्ल मार्क्स
आदर्श- माता-पिता
हॉवी- पढ़ना और पढ़ाना
पहली तैनाती- भारतीय महाविद्यालय लोहाई रोड, फर्रु0
प्रिय खेल- बैडमिंटन
जन्मस्थली- बहुचरा प्रतापगढ़
संगठन- महामंत्री कूटा
प्रतिभाग- 10 राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग

विवेक सिंह
असिस्टेंट, प्रोफेसर
भारतीय महाविद्यालय
फर्रुखाबाद

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर को सम्बोधित करते असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक सिंह

महात्मा गांधी इंटर कालेज बहुचरा प्रतापगढ़ से 1991 में किया। इसी विद्यालय से इंटर पास किया। बीए इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पूर्ण किया। एमए 1998 में इलाहाबाद विश्व

हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना आदि

विद्यालय से पूर्ण किया। 2008 में यूजीसी नेट क्वालीफाइ किया। 2017 में भारतीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में तैनाती हुई। तब से अभी तक इसी विद्यालय में पढ़ा रहा हूं। 2017 में वैवाहिक बंधन में बंधा। दो बच्चे है। शुरु से ही मेरा लगाव राजनैतिक विज्ञान विषय से रहा। संगीत सुनना व कभी-कभी फिल्मे देखना अच्छा लगता है। मेरे प्रिय अभिनेत अमिताभ बच्चन व अक्षय कुमार है। शुद्ध भोजन दाल रोटी अच्छी लगती है। स्वास्थ अच्छा रखने के लिए नियमित व्यायाम करता हूं और लोगों को भी व्यायाम करने के लिए प्रेरित करता हूं। साथ ही संतुलित आहार लेने से शरीर स्वस्थ्य रहता है। महाविद्यालय में लगभग 95 बच्चों को शिक्षित कर रहा हूं। राजनैतिक विज्ञान में मुख्यमंत्री अभ्योदय योजना के अन्तर्गत सिविल सेवा की बच्चों को तैयारी कराता हूं। मेरे आठ आर्टिकल अब तक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके है। मैं अब तक 10 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर चुका हूं। महात्मा गांधी के बारे मेरा एक आर्टिकल एडिटेड बुक में प्रकाशित हो चुका है। नौकरी से पूर्व बच्चों को स्कालर एकेडमी प्रतापगढ़ में कोचिंग पढ़ाता था। मुझे राजनैतिक नेता महात्मा गांधी पसंद थे। क्योंकि वह सत्याग्रह करके आगे बढ़े। महात्मा गांधी का सर्वोदय सिद्धांत और सर्वधर्म समभाव का सिद्धांत आज के धार्मिक कट्टरता और विषमता के युग में आधुनिक सरकारों को मार्गदर्शन कर सकता है इस विषय में विद्यार्थियों को अवश्य पढ़ाता हूं। कार्ल मार्क्स का पूंजीवाद का ऐतिहासिक द्वंद्वात्मक विश्लेषण के बारे में बच्चों को बताता हूं। जिससे हर व्यक्ति को अपना हक और अपना अधिकार अवश्य प्राप्त हो सके। अमीरों और अमीरों की सरकार द्वारा गरीबों के शोषण के कुचक्र को समझना जरुरी है और उसे समाप्त करके ही समानता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। बच्चों को पढ़ाकर सिविल सेवा की तैयारी कराता था। जो आरएन पीजी कॉलेज भदोही प्रतापगढ़ में राजनीति विज्ञान पढ़ाता था। विद्यालय स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए विद्यालय इकाई कूटा का महामंत्री हूं।

मेरी सरकार से मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये और डिग्री कालेज के शिक्षकों का कार्यकाल तीन वर्ष और बढ़ाया जाये।

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

शार्टसर्किट से गारमेंट्स की दुकान में लगी आग, 50 लाख का सामान खाक

- पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर पाया काबू

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

शार्टसर्किट से गारमेन्ट्स की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेडकर्मियों ने करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुनहरी मस्जिद गढ़ी जदीद निवासी प्रवीन चंद्र रस्तोगी शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे नेहरू रोड स्थित अपनी राम गारमेंट्स दुकान खोलने पहुंचे, तो दो मंजिला स्थित गोदाम से धुआं निकलता देखा।

गोदाम में लगी आग से उठता धुआ व मौके पर खड़ी फायर ब्रिगेड की गाड़ी

उन्होंने इसकी सूचना आसपास के दुकानदारों को दी। पहले तो दुकानदारों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने और विकराल रुप धारण कर लिया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेडकर्मियों को दी गयी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने के कारण दोनों ओर का यातायात अवरुद्ध हो गया। गोदाम तक पहुंचने के लिए सड़क से सीढ़ी लगायी गयी। तब फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरु किया। पानी खत्म होने के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारी पुलिस लाइन से निरंतर पानी लाते रहे। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर जाने वालों को रोका। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में खर्च हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद करीब 4 बजे आग को बुझाया जा सका। दुकान मालिक प्रवीन चंद्र रस्तोगी ने बताया कि शार्टसर्किट से गोदाम में आग लगी है। आग से करीब 50 लाख रुपयों का नुकसान हुआ है।

गायों की मौत पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति पर भड़का कर्मचारी

- अपने स्टाफ की खोली पोल, बोला गायों को दिया जाता सूखा भूसा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत में तैनात आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी ने अपने ही नगर अध्यक्ष पति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आए दिन हो रही गायों की मौत पर गौशाला के सामने पहुंचकर नगर अध्यक्ष पति पर जमकर भड़ास निकाली।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत की कान्हा गौशाला जो की ग्राम पंचायत देवरान गढ़िया में स्थित है। वहां पर आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी नारायण सिंह चौहान ने नगर अध्यक्ष पति कृष्ण कुमार पर आरोप लगाया कि वह गौशाला की ठीक से देखरेख नहीं करवाते हैं तथा गायों को हरे चारे के नाम पर सूखा भूसा दिया जा रहा है। वहीं बीमार गायों का इलाज भी सही से नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन गायों की मौतें होती रहती हैं। अब तक सैकड़ों गायों की मौत हो

गौशाला का निरीक्षण करती तहसीलदार व अन्य — समृद्धि न्यूज

चुकी है। उसने आरोप लगाया कि जब यहां पर मैं तैनात था तब यहां ठीक से कम होता था। जब से मुझे हटाया गया तब से यहां आ रहे सरकारी पैसे की चोरी की जा रही है। मुझे इसीलिए हटाया गया कि यहां पर सरकारी धन की चोरी की जा सके। इस मौके पर नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन वह सबके सामने चिल्ला-चिल्लाकर आरोप लगाता रहा। गायों की देखरेख करने वाले डॉक्टर अनुज दुबे तथा नगर पंचायत ईओ विनोद कुमार ने कर्मचारी को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने मौके पर पहुंचकर मौके की नजाकत को देखते हुए कर्मचारी को समझाया तथा अपनी जो भी बात है उसको लिखित रूप से देकर प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। जिस पर नारायण चौहान मान गया। इसके बाद तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने गौशाला का निरीक्षण किया। जहां पर देखा गाएं कीचड़ में बैठी हैं। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया कि यहां गांव के अंदर

कीचड़ में बैठी गायें — समृद्धि न्यूज

जो भी गाय लेने का इच्छुक हो उसको दुधारू गाय मय बच्चों के दी जा सकती है। यही नहीं सरकार उनको 50 रुपया रोज का खर्चा भी देती है। खास बात तो यह रही कि तहसीलदार के पहुंचने के बाद में एक छोटा लोडर हरा चारा आया। गांव देवरान गढ़िया के कुछ लोगों द्वारा भी बताया गया कि यहां पर चारा कभी-कभी आता है। जब कोई अधिकारी चेक करने के लिए आए या फिर कभी डीएम, एसडीम का दौरा हो तभी यहां पर हरा चारा आता है और व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त दिखा दिया जाता है। वहीं देवरान गढ़िया के ग्राम प्रधान पति राजवीर ने तहसीलदार श्रद्धा पांडे के सामने बताया कि अपनी ग्राम पंचायत में नगर पंचायत की तरफसे कूड़ा डालने का कार्य किया जा रहा है। जिसका उन्होंने विरोध किया। जिस पर तहसीलदार ने जल्द ही निस्तारण करवाने की बात कही। इस मौके पर नगर पंचायत स्टाफ तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गणेश महोत्सव 7 सितम्बर से, सजने लगी दुकानें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

7 सितम्बर से श्री गणेश महोत्सव शुरु हो रहा है। जिसके लिए जनपद में विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया जाता है और विशेष रुप से पाण्डाल बनाकर एक सप्ताह तक भजन कीर्तन के साथ उत्सव मनाया जाता है। शहर क्षेत्र में बड़ी संख्या में कई स्थानों पर पाण्डाल सजाये जाते है। 7 सितम्बर से शुरु होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। भगवान गणेश की मूर्ति बेंचने वाले करीगर व दुकानदार नेकपुर स्थित मिशन अस्पताल के बाहर दुकानें लगाये हुए है। मैनपुरी निवासी दुकानदार रामसिंह ने बताया कि पिछले आठ सालों से गणेश मूर्ति का कारोबार कर रहा हूं।

दुकान में सजी भगवान गणेश की मूर्तियां — समृद्धि न्यूज

एक सीजन में 70 से 80 हजार रुपये कमा लेता हूं। वहीं दुकानदार सुदेश ने बताया कि यह सीजनी काम है। मेरे बड़े भाई प्रमोद करते थे, अब मैं उनके साथ इस कार्य में हाथ बटाता हूं। 7-8 महीने तक मूर्ति बनाता हूं। वर्तमान समय में मेरी दुकान में लगभग 50 गणेश की मूर्ति है। इन

जानकारी देते मूर्ति विक्रेता रामसिंह व सुदेश

मूर्तियों को पीओपी, जटा आदि सामग्री से तैयार करते है। 1 हजार रुपये वाली मूर्ति में लगभग 700 रुपये लागत आ जाती है। दुकान में 200 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक की गणेश की मूर्ति है। मैनपुरी के अलावा फिरोजाबाद व राजस्थान के कारीगर आकर मूर्ति बनाकर बेंचते है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार थोड़ी महंगाई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा जिलाध्यक्ष सहित नेताओं ने की मुलाकात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कन्नौज में फर्रुखाबाद के नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने अलग-अलग पहुंचकर मुलाकात की। कन्नौज में पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी उमर फारूकी उर्फ बंटी के निवास पर मुलाकात की।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने 29 अगस्त को कायमगंज विधानसभा में दो सहेलियों के मृत पाए जाने पर गए प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से चर्चा की। साथ ही जनपद में कुछ लोगों द्वारा अनुशासनहीनता

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करते जनपद के नेता

करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा शीघ्र ही पार्टी में अनुशासन को खराब करने वाले लोगों पर कार्रवाई करेंगे। वहीं अलग से पहुंचे जिला प्रवक्ता विवेक यादव से भी जनपद पर कुछ विशेष वार्ता की। इस मौके पर तहसीन सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

- एमआईसी में दोनों पालियों में 219 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन द्वारा कड़ी सुरक्षा में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस का आरक्षित नागरिक भर्ती परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती परीक्षा 31 अगस्त को समाप्त हुई। एमआईसी फतेहगढ़ में परीक्षा के अंतिम दिवस पर प्रातः काल में 408 परीक्षार्थियों में 300 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 105 अनुपस्थित रहे। जबकि सायं पाली में 408 परीक्षार्थियों में 294 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 114 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, केंद्र व्यवस्थापक लेफ्टि0 गिरिजाशंकर, केंद्र प्रभारी (पुलिस) राजेश कुमार की कड़ी सुरक्षा में सघन तलासी के साथ चेकिंग, फ्रिक्सिंग का कार्य कराया गया। केंद्र व्यवस्थापक द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में सकुशल परीक्षा संपन्न हुई है। यह परीक्षा अति सम्वेदनशील थी। सभी पर सकुशल परीक्षा सम्पादित कराने की बड़ी जिम्मेदारी थी। केन्द्र व्यवस्थापक लेफ्टि0 गिरिजाशंकर ने परीक्षा में सहयोग देने वाले प्रत्येक अधिकारी, शिक्षक व सभी सहयोगी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से विद्यालय की परीक्षा टीम में मयंक रस्तोगी, अरविंद कुमार, विश्वप्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, रामेश्वर दयाल, निरुक्त मिश्रा, राजीव यादव, अंकित तिवारी आदि रहे।

प्रसूता की डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा की मौत

- परिजनों ने डाक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। प्रसूता की डिलीवरी के दौरान मृत बच्चा पैदा हुआ, जबकि डिलीवरी के छह घंटे बाद प्रसूता की भी मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। जिस पर अस्पताल संचालक अस्पताल बंद करके फरार हो गया। वहीं देर रात गांव वालों ने चिकित्सक से बातचीत करके ले देकर मामला रफादफा करवा दिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव उगरापुर निवासी सबीना पत्नी जियाउद्दीन अपना अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए जा रही थी, तभी परिजनों ने रजीपुर स्थित एक प्राइवेट गुंजन हॉस्पिटल में प्रसूता को दिखाया। जहां पर सबीना को भर्ती कर लिया गया तथा उनके परिवार वालों से कहा गया कि नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। इसके बाद जब डिलीवरी करवाई गई, तो मृत अवस्था में बच्चा पैदा हुआ। बच्चा पैदा होने के 6 घंटे बाद प्रसूता सबीना की भी मौत हो गई। जिसके चलते परिवार में कोहराम मच गया तथा परिवार वालों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही तथा सही से इलाज न करने का आरोप लगाया। मृतका के पति जियाउद्दीन ने आरोप लगाते हुए बताया कि 5.30 बजे लगभग हमने अपनी पत्नी सबीना को भर्ती करवाया था। इसके बाद मृतक के परिजन सबीना को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे पीड़ित के परिजनों ने काफी देर हंगामा भी किया। जिसके चलते संचालक अपना अस्पताल बंद करके फरार हो गया। रात में ही फिर संचालक से गांव वालों ने मिलकर बातचीत करके ले देकर निपटारा करवा दिया।

विज्ञान भारती द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विज्ञान भारती द्वारा सुप्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरुस्कार वितरण सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर में 1 सितम्बर 11 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही होगें। यह जानकारी हिमांशु शुक्ला ने दी है।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा ने अनुप्रिया पटेल को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनपीएस व यूपीएस नहीं बल्कि ओपीएस की बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति की मांग की। ज्ञापन में दर्शाया कि प्रदेश के लगभग 15 लाख व देश के लगभग 1 करोड़ शिक्षक व कर्मचारियों को मिलने वाली समाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन व्यवस्था ओपीएस को समाप्त कर शोषण व भेदकारी नई पेंशन व्यवस्था एनपीएस व यूपीएस

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को ज्ञापन सौंपते अटेवा जिलाध्यक्ष

लागू कर दी गई है। जो न शिक्षक व कर्मचारियों के हित में है और न ही देश के हित में है। एनपीएस के दुष्परिणाम सामने आने लगे है। एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को 1200 व 1800 एवं 3500 व 4 हजार रुपये तक के रुप में पेंशन प्राप्त हो रही है। जिससे उन्हें अपना जीवन यापन करने में परेशानियां आ रही है। इतने कम पैसे में स्वास्थ्य ख्याल कैसे रखा जाये व परिवार की जिम्मेदारी को पूर्ण कैसी की जाये। इतने वर्ष सरकार को सेवा देने के बाद यह दोहरी नीति क्यों है। देश की रक्षा करने वाले अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्द्धसैनिक बलों को भी पुरानी पेंशन से वंचित कर दिया गया है, जो दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे में एनपीएस व यूपीएस में खामियां है। पुरानी पेंशन बहाल की जाये। जिससे कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के बाद बुढ़ापे में अपना जीवन यापन कर सकें। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, सुधीर शाक्य, अनुराग गंगवार, नीलेन्द्र सिंह, जुल्फिकार हैदर, इन्द्रपाल आदि लोग मौजूद रहे।

हमारी सरकार ने पिछड़े वर्ग की सुधि ली: अनुप्रिया पटेल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

कोतवाली क्षेत्र के पुलगलिब स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार की राज्य मन्त्री अनुप्रिया पटेल पहुँची। जहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया।

अनुप्रिया पटेल ने मीडिया से बात करते हुए बताया पिछली सरकारों ने पिछड़े वर्ग के हितों की कोई सुधि नहीं ली। आज हम जिस सरकार का अंग है प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के नेतृत्व में तीसरा कार्यकाल है। पिछड़े वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। कई योजनाओं पिछड़े एवं गरीबों के हितों के लिए चलायी जा रही हैं। उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सेलिब्रिटी मीट अप कार्यक्रम आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

वाई जे के वी एस क्लब द्वारा पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेलिब्रिटी मीट अप सीजन-2 का आयोजन 1 सितम्बर को 11 बजे बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में होगा। यह जानकारी आयोजक संजीव बाथम ने दी है।

बाबा साहब अंबेडकर रोजगार योजना में आठ लाभार्थियों का हुआ साक्षात्कार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

विकास खंड कार्यालय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही बाबा साहब अंबेडकर रोजगार योजना के अंतर्गत आठ लाभार्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर शनिवार को सहायक खंड विकास अधिकारी सुखदेश सिंह तथा बीटी रविंद्र सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही बाबा साहब अंबेडकर रोजगार योजना के तहत स्क्रीनिंग कमेटी बनाकर विकास खंड क्षेत्र के लाभार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान लाभार्थियों से योजना के बारे में जानकारी ली गयी। जिसमें आठ लाभार्थी पास हुए।

जिनकी फाइल बनाकर बैंक में भिजवाने की बात कही और सभी लाभार्थियों को बताया कि वह अपने बैंक में सारे कागजात जमा कर योजना का लाभ उठाएं। सभी लाभार्थियों को बताया कि वह बाबा साहब अंबेडकर योजना के तहत जो ऋण ले रहे हैं, उनकी समय से सभी लाभार्थी किस्त चलाएं और योजना का भरपूर लाभ उठाएं। लाभार्थी चंदन कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम भटासा, वीरेंद्र, रामेश्वर, वीरेंद्र पुत्र रामेश्वर, शिवरतन पुत्र रघुनाथ, धर्मपाल पुत्र रामदास आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट पर भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) द्वारा 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ व्यापारी नेता संजय गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण के साथ किया। 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। संजय गर्ग ने कहा कि उद्यमिता में अपार संभावनाएं है। आज हर युवा को उद्यमिता से जुड़ना चाहिये। आयोजन में एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुरेंद्र पाण्डेय ने छात्रों को उद्यमिता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आप आज के समय में युवाओं को

छात्र को सम्मानित करते संजय गर्ग व मौजूद सुरेन्द्र पाण्डेय

नौकरी की अपेक्षा व्यापार करने के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि व्यापार करके हम न सिर्फ अपना जीवकोपार्जन कर सकते है साथ में परिवार को भी सक्षम बना सकते है। प्रशिक्षण दे रहे सुरेन्द्र पाण्डेय ने निसबड के बारे में विस्तार से अवगत करवाया और उन्होंने बताया कि निसबड समय समय पर उद्यमिता एवं कौशल विकास पर ट्रेनिंग करवाती रहती है। जिससे अभी तक बहुत से छात्रों को लाभ मिल चुका है। लोग आज अपना व्यवसाय शुरू करके आगे बढ़ रहे है साथ ही अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे है। उन्होंने रोजगार प्रारंभ करने के लिए मुद्रा लोन आदि के बारे में विस्तार से बताया। ट्रेनिंग के दौरान संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर आकांक्षा सक्सेना ने कहा की संस्थान द्वारा समय-समय पर रोजगार परक निःशुल्क ट्रेनिंग का आयोजन होता रहता है, अगर कोई छात्र भविष्य में इस प्रकार की ट्रेनिंग में प्रतिभाग करना चाहते है तो वह अपना निःशुल्क पंजीकरण संस्थान में करवा सकते है। जिससे की जब भी किसी ट्रेनिंग का आयोजन होगा तो छात्रों को सूचित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्णिमा दीक्षित, सुपर्णा मिश्रा, शैलेन्द्र, वंशिका, फाल्गुनी, अनिकेत आदि लोग उपस्थित रहे।

हैदरपुर कमालगंज कबड्डी बालक वर्ग में बना विजेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- बालिका वर्ग कबड्डी में एकलव्य सलेमपुर रहा अव्वल

मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला स्तरीय कबड्डी बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरुस्कार वितरण स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बालक-बालिकाओं का परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर किया। कबड्डी बालक वर्ग प्रतियोगिता में 16 टीमें व बालिका वर्ग प्रतियोगिता में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी बालक वर्ग प्रतियोगिता में पहला मैच सलेमपुर को मदनपुर ने वॉक ओवर देकर विजयी बनाया। दूसरा मैच उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौन को बेग नवाबगंज ने 22-2 से पराजित किया। तीसरे मैच में कादरीगेट ने अजमतपुर को वॉक ओवर देकर विजयी बनाया। चौथा मैच हैदरपुर ने वीपी अग्रवाल को 25-10 से पराजित किया। पांचवें मैच में नवाबगंज बेग ने सलेमपुर राजेपुर को 22-17 से पराजित किया। छठवें मैच में हैदरपुर ने अजमतपुर बढ़पुर को 9-8 के अंतर से पराजित किया। पुल-बी पहला मैच इजौर नवाबगंज को मोहम्मदाबाद ने 22-5 से पराजित किया। दूसरे मैच में वीरपुर मोहम्मदाबाद को अलावालपुर मोहम्मदाबाद ने 23-8 से पराजित किया। तीसरे मैच में ज्ञानफोर्ट स्कूल

पुरुस्कार प्राप्त करता खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

याकूतगंज ने केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ को 12-10 से पराजित किया। चौथे मैच में राधारानी क्लब ने चौधरी गजराज सिंह को 23-10 से पराजित किया। पांचवें मैच में शहीद देवानंद दुबे मदनपुर मोहम्मदाबाद ने अलावलपुर मोहम्मदाबाद को 12-6 से पराजित किया। छठवें मैच में राधारानी टीम ने ज्ञानफोर्ट स्कूल को 20-5 के अन्तर से पराजित किया। पहला सेमीफाइनल मैच हैदरपुर कमालगंज ने बेग नवाबगंज को 16-5 के अन्तर से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में राधारानी क्लब मोहम्मदाबाद ने मदनपुर मोहम्मदाबाद को 16-10 से पराजित किया। फाइनल मैच में राधारानी क्लब मोहम्मदाबाद ने हैदरपुर कमालगंज को 31-12 से पराजित कर कबड्डी मैच बालक वर्ग का विजेता बना। बालिका वर्ग के पहले मैच में कनोडिया स्कूल को एकलव्य सलेमपुर ने 29-2 से पराजित किया। दूसरे मैच में वीरपुर ने स्टेडियम को 9-5 से पराजित किया। तीसरे मैच में शमशाबाद ने बढ़पुर को 15-11 से पराजित किया। पहला सेमीफाइनल मैच वीरपुर मोहम्मदाबाद ने एकलव्य सलेमपुर को 20-6 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में सलेमपुर ने बढ़पुर को 25-15 से पराजित किया। फाइनल मैच में एकलव्य सलेमपुर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर को 22-7 से पराजित कर विजेता बनी। प्रतियोगिता में जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण कुमार, सपना यादव, विमलेश, अभिषेक पाल, सुभाष चन्द्र, अभिषेक शाक्य, जितेन्द्र कुमार, अभिनय, देवेश कुमार, राहुल कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। साथ ही 26 से 31 अगस्त तक चली प्रतियोगिता में एथलेटिक्स बॉक्सिंग, बॉलीवाल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी के विजेता व उपविजेता को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर अथक पटेल, सत्यम मिश्रा, पुष्पेन्द्र यादव, अनुराग कुमार, शुभम कुमार, योगेश शुक्ला, अवनीन्द्र सक्सेना आदि लोगों ने सहयोग किया।

इटावा बरेली खराब मार्ग एक सप्ताह में न सुधरा तो ठेकेदार पर हो एफआईआर: डीएम

- ट्रैफिक पुलिस की लचर कार्यप्रणाली पर डीएम ने जतायी नाराजगी
- जिले की सड़कों की है दयनीय स्थिति, हो गड्ढा मुक्त
- वर्ष 2021 से 2023 के आंकड़ों के आधार पर 12 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। लोक निर्माण विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

मार्ग दुर्घटनायें बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में इटावा-बरेली हाइवे पर कई स्थलों पर एनएच के उदासीन रवैये के कारण मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है। एक सप्ताह में सुधार न होने पर ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिये। मार्ग को मोटरेबल बनाने के जिम्मेदारी ठेकेदार व पीडब्लूडी की है। एक सप्ताह में सुधार के उपरान्त उसकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। अन्यथा मार्ग को मोटरेबल न बनाने पर 15 सितम्बर के पश्चात एनएच ठेकेदार, पीडब्लूडी, नगर पालिका के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि सभी मार्ग गड्ढा मुक्त होने चाहिए। साइन बोर्ड न लगने पर डीएम ने कार्य की रिपोर्ट तलब की। जिले की रोड बहुत दुर्गति

बैठक लेते डीएम — समृद्धि न्यूज

युक्त है। जिस पर डीएम नाराजगी जतायी और पीडब्लूडी व नगर पालिका फर्रुखाबाद को कार्यवाही करने के निर्देश दिये, ताकि रेलवे पटरी व निकटस्थ कॉलोनी में पानी न भरे। इस कारण दुर्घटना भी हो सकती है। ट्रैफिक पुलिस पूर्णतः निष्क्रिय है। कहीं पर भी यातायात पुलिस कर्मी दिखायी नहीं देते है। जिससे जाम लगता है। ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली लचर है। ध्यान देने के निर्देश दिये। जिससे दुर्घटनायें न हो व स्थित सुधरे। निरीक्षण में कलेक्ट्रेट मार्ग पर कोई ट्रैफिक पुलिस कर्मी नहीं मिला। डीएम ने नगर पालिका व पुलिस को अवैध पार्किंग रोकने के निर्देश दिये। वाहन स्वामियों को समझायें न मानने पर चालान कर दें। आम जन सड़क पर वाहन न पार्क करें। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि माह जुलाई में 37 सड़क दुर्घटनाओं में 21 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि जनवरी से माह जुलाई तक 231 सड़क दुर्घटनाओं में 126 लोगों की मृत्यु हुई। माह जुलाई 2024 में मुख्य रूप से अन्य जिला मार्ग तथा मुख्य जिला मार्ग पर दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या बढ़ी है, जबकि जनपद के चारों राज्य मार्गों पर दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। जनपद में जनपद में वर्ष 2021 से 2023 के आंकड़ों के आधार पर 12 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 7 ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है तथा पांच ब्लैक स्पॉट राज्य मार्ग पर स्थित है। अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्षेत्राधिकारी यातायात तथा एआरटीओ को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कार्यों का पूर्ण अवलोकन कर लें तथा आख्या प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ प्रशासन, क्षेत्राधिकारी यातायात तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुष समिति की बैठक में सीएमएस के न आने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह ने आयुष समिति की बैठक में सीएमएस के न आने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। जनपद में 4 योग वेलनेस सेंटर है व 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। इनके नाम बदलने का भी प्रस्ताव लंबित है। 670 व्यक्तियों को योग द्वारा ठीक किया गया। राजेपुर व शमशाबाद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में गांवों में कैम्प लगाकर जनता को आरोग्य उपलब्ध कराये। देशी चिकित्सा विधा अपनाएं व साइड इफेक्ट रहित स्वास्थ्य पाये। आयुर्वेदिक चिकित्सक, एलोपैथी की दवायं न लिखे। सीएमएस के लेट पहुंचने पर डीएम ने नाराजगी जतायी। डीएम ने निरीक्षण के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में भी आयुष कैम्प लगाने के निर्देश दिये। विकास भवन आदि जनपद के विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगाकर जनता को स्वास्थ्य लाभ देने के निर्देश दिये। कैम्प से पूर्व प्रचार-प्रसार अवश्य करें। यूनानी विधा भी अचूक विधा है। भारतीय आयुर्वेदिक विधा का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। लोहिया चिकित्सालय में ओपीडी में मरीजों की संख्या हजारों में है। लोहिया अस्पताल में जनरेटर की अव्यवस्था व्याप्त है। सुधार के निर्देश डीएम ने दिये। सीएमएस जनरेटर की क्षमता भी न बता सके। जनरेटर न चलने पर कोई संतोष जनक जबाव भी नहीं दिया। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जैव अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए बायो ई-3 नीति जारी : डॉ. जितेन्द्र

▸ पीएम मोदी के नेतृत्व में जैव अर्थव्यवस्था के क्षेत्र हुई प्रगति

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में जैव अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए शनिवार को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायो ई-3 (अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को जारी किया। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बायो मैन्यूफैक्चरिंग के पहल पर एक वेबसाइट भी जारी की गयी। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि बायो ई-3 नीति को जारी करना दूरगामी प्रभाव वाला ऐतिहासिक कदम है। जैव अर्थव्यवस्था के नेतृत्व वाली क्रांति में यह नीति महत्वपूर्ण साबित होगी। विशेषकर पेट्रोलियम, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में इसकी अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार में जैव अर्थव्यवस्था के क्षेत्र काफी प्रगति हुई है। साल 2014 में जैव अर्थव्यवस्था 10 बिलियन यूएस डॉलर की थी जो आज कई गुना बढ़कर 137 बिलियन डॉलर हो गई है। 2030 तक यह 300 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने पेट्रोलियम क्षेत्र पर इसके लाभ को बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में हमारी ईंधन खपत का 86 प्रतिशत हिस्सा पेट्रोल से उत्सर्जित होता है। पूरा पेट्रोल दूसरे देशों से आता है। लेकिन हम अपनी निर्भरता जैव तकीनीकी की मदद से कम कर सकते हैं। हम 25 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा, 25 प्रतिशत बायोमास और बाकी कार्बन डाइऑक्साइड को रिसाइकिल कर पेट्रोलियम पर अपनी निर्भरता खत्म कर सकते हैं। आने वाले दिनों में ऐसा होगा कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था विनिर्माण क्षेत्रों पर निर्भर रहना बंद कर देगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह नीति पूरी दुनिया के भविष्य के आर्थिक विकास के शुरुआती मार्गदर्शकों में से एक के रूप में भारत के लिए वैश्विक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगी।

लाओस में भारतीय दूतावास ने साइबर घोटाले में फंसे 47 भारतीयों को बचाया

नई दिल्ली। लाओस स्थित भारतीय दूतावास ने यहां बोकेओ प्रांत में गोल्डन ट्राइंगल स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एसईजेड) में साइबर-स्कैम केंद्रों में फंसे 47 भारतीयों को सफलतापूर्वक बचाया है। दूतावास ने अब तक 635 ??भारतीयों को बचाया है और उनकी सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित की है। एक विज्ञप्ति में दूतावास ने जानकारी देते हुए बताया है कि बचाए गए 47 भारतीयों में से 29 को स्थानीय अधिकारियों ने अवैध गतिविधियों पर की गई कार्रवाई के बाद दूतावास को सौंपा है। वहीं अन्य 18 ऐसे हैं जिन्होंने संकट में मदद मांगी थी। दूतावास के अधिकारी राजधानी वियनतियाने से बोकेओ गए ताकि उनके बचाव के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क किया जा सके। दूतावास ने बोकेओ से वियनतियाने तक परिवहन की व्यवस्था की। साथ ही वियनतियाने पहुंचने पर उनके लिए आवास और भोजन की व्यवस्था भी की।

गुजरात से आगे बढ़ गया चक्रवात, 17 राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान

एजेंसी

नई दिल्ली। मूसलाधार बारिश की मार और बाढ़ की विभीषिका से घिरे गुजरात पर फिलहाल असना तूफान के रूप में तब्दील हुए चक्रवात से होने वाली तबाही का खतरा टल गया। गुजरात सरकार ने एहतियातन कच्छ तट को खाली करा लिया था। तूफान के ओमान की तरफ मुड़ जाने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस तूफान को असना नाम पाकिस्तान ने दिया है। बावजूद इसके इस राज्य को अभी बरसात से राहत मिलती नहीं दिख रही।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दो-तीन दिन तक 17 राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान आज सुबह जारी किया है। विभाग के अनुसार, इस बीच मध्य और निकटवर्ती उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके प्रभाव से पश्चिम



बंगाल, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में अगले दो से तीन दिन अत्यधिक वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले सात दिन तक जिन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है उनमें गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ पर कल दिन भर चक्रवात का खतरा मंडराता रहा। चक्रवात के असर से तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई।

मगर देररात असना तूफान के रूप में तब्दील हुए चक्रवात के ओमान की तरफ मुड़ जाने से तबाही की आशंका टल गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1976 के बाद अगस्त के महीने में यह पहला मौका है जब अरब सागर से कोई चक्रवात उठा। इसकी हलचल शुक्रवार सुबह 11:30 बजे तक भुज से 190 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर पश्चिम में दिखी।

केरल के पालक्काड में तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक का शुभारंभ

एजेंसी

पालक्काड। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक का केरल के पालक्काड में शनिवार सुबह शुभारंभ हुआ। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने द्वीप प्रज्जवलित कर बैठक का उद्घाटन किया। यह बैठक 2 सितंबर तक चलेगी।

संघ की इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में सरसंघचालक डॉ. भागवत, सरकार्यवाह होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी उपस्थित हैं। बैठक में राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शान्ताक्का, प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद

के अध्यक्ष ले.ज.(से.नि.) वीके चतुर्वेदी, अ.भा. ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, महामंत्री बजरंग बागड़ा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री आशीष चौहान, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, विद्या भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण राव, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरणम्य पण्ड्या, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी संगठनों की महिला प्रतिनिधि सहित लगभग 300 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में वायनाड में हुए भूस्खलन की जानकारी और स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सहायता एवं सेवा कार्यों की जानकारी सभी प्रतिनिधियों को दी गई।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर

देहरादून। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे आज दोपहर बाद देहरादून पहुंचेंगे और पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति 01 सितंबर को राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज जाएंगे और फिर ऋषिकेश एम्स जाएंगे। उनके आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। उपराष्ट्रपति शनिवार दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे के करीब जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट पहुचेंगे। उपराष्ट्रपति शाम चार बजे पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी पहुचेंगे। चार से पांच बजे के बीच वह देहरादून स्थित वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। जबकि पांच बजकर 20 मिनट पर राजभवन पहुचेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

स्टडी हॉल ने करियर फेस्ट 2024 का किया आयोजन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। स्टडी हॉल स्कूल ने हाल ही में करियर फेस्ट 2024 का आयोजन किया, जिसमें 7 प्रतिष्ठित स्कूलों के 700 से अधिक छात्र-छात्रों ने भाग लिया। आईडीपी, प्रथाम, प्रिंसटन रिव्यू, प्लायमाउथ मोजरान, सीसीए, प्रेप गुरु, यूपीईएस, आईआईएडी और सीएलएटी पॉसिबल जैसे संगठनों के पेशेवर करियर काउंसलर ने छात्रों को विभिन्न निजी और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

काउंसलरों ने छात्रों को फीस माफी, छात्रवृत्ति, शैक्षणिक और अतिरिक्त गतिविधियों की आवश्यकताओं, और लेटर ऑफ़ रिकमेन्डेशन लिखने के बारे में मार्गदर्शन किया। आईडीपी से काउंसलर प्रियंका चोपड़ा ने कहा, हमारा लक्ष्य छात्रों को आत्मविश्वास से अपना भविष्य संवारने में मदद करना है। हम

यहां कई प्रतिभाशाली छात्रों से मिले हैं जो विदेश में पढ़ाई करने की इच्छा रखते हैं, और हमारे काउंसलर वीज़ा से सम्बंधित सभी प्रक्रिया के मार्गदर्शन में सहायता करने के लिए तैयार हैं। स्टडी हॉल की छात्रा अनघा रमाडी (कक्षा 12 की छात्रा) ने कहा, काउंसलरों ने मेरे दृष्टिकोण को व्यापक बनाया और मेरे भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में स्पष्टता दी। एक अन्य छात्र उपलब्धि सचान (कक्षा 10 की छात्रा) ने कहा, मुझे अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में स्पष्ट समझ मिली और काउंसलरों ने मेरी सभी शंकाओं का समाधान किया। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन बहुत सफल रहा।

खबरें एक नजर में

नालंदा में फर्जी दारोगा गिरफ्तार

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के लहेरी थाना में महिला दारोगा को धौंस दिखा रहें फर्जी दारोगा को नालंदा पुलिस नें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। कार्रवाई शनिवार सुबह हुई है। फर्जी दारोगा सेखपूरा जिले के शेखोपुर थाना अंतर्गत महानंदपूर गांव निवासी नीतिश कुमार है। गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि वह दरभंगा जिले के लहेरिया सराय थाना मे 2018 बैच कैडर में पदस्थापित है। वह एक केस के मामले में नालंदा जिले के लहेरी थाना में पदस्थापित महिला दारोगा निशा भारती को धौंस दिखा रहा था। उसके बोलचाल से महिला दारोगा को उसे फर्जी होनें का शक हुआ महिला दारोगा तत्काल इस आशय की सूचना लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को दिया। थानाध्यक्ष तत्काल थाना पर जाकर युवक से पूछताछ किया तो वह दारोगा होने की बात कही। जब उससे आई कार्ड मांगा गया तो अपने मोबाइल में वर्दी पहना फोटो दिखाया। लहेरिया सराय थाना से संपर्क किया गया तो वहां के थानाध्यक्ष ने बताया कि इस नाम का कोई दारोगा थाना में पदस्थापित नही है।

सांसद कंगना रनौत के बयान के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला मार्च

वाराणसी। किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद कंगना रनौत के विवादास्पद बयान को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शास्त्रीघाट से जिला मुख्यालय तक प्रतिशोध जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने सांसद कंगना रनौत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व राष्ट्रपति को सम्बोधित माँगों का ज्ञापन एसीपी कैंट को सौंपा। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान शहीद किसानों और देश के करोड़ों किसानों का अपमान है । भाजपा का असली चेहरा इस बयान में प्रदर्शित हो रहा है। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि भाजपा सांसद कंगना रानौत का ताजा बयान है कि 卐किसान आंदोलन में लंबी प्लानिंग थी बांग्लादेश जैसी और इसके पीछे चीन व अमेरिका जैसी विदेशी शक्तियों काम कर रहीं हैं। क्या यह सांसद कंगना की निजी राय है या यह भाजपा और सरकार का मत है? क्या सरकार भी यह मानती है कि अमेरिका और चीन हमारे देश के अंदर अस्थिरता पैदा कर रहे हैं? अगर मोदी सरकार को लगता है कि विदेशी ताक़तें हमारे देश के अंदरूनी मामलों में दखल दे रही हैं, तो इसके बारे में क्या कदम उठाये जा रहे हैं? विरोध प्रदर्शन में दिलीप चौबे, प्रजानाथ शर्मा, फसाहत हुसैन बाबू,दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अशोक सिंह, सतनाम सिंह, अरुण सोनी, जितेंद्र सेठ आदि शामिल रहे।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च की डिजिटल फिल्म

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय एथलीट्स की असाधारण क्षमता और मजबूत संकल्प की भावना को पहचानने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में, पैरालिंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए भारतीय दल के प्रति अपना सपोर्ट जाहिर किया है। इसी कड़ी में कंपनी ने एक नई डिजिटल फिल्म लॉन्च की है। इस डिजिटल फिल्म का उद्देश्य तीन असाधारण एथलीट्स के अदम्य संकल्प और इरादों की प्रेरक कहानियों को जीवंत करना है। ये एथलीट्स हैं- सिमरन शर्मा, पैरा एथलीट-धावक, अशोक मलिक, पैरा एथलीट-पॉवरलिफ्टर और मोना अग्रवाल, पैरा एथलीट-शूटर। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की यह डिजिटल फिल्म असाधारण एथलीट्स के एक्शन को दिखाती है, जिनमें से प्रत्येक ने उत्कृष्टता की खोज में सीमाओं को लांघकर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना किया और उन्हें पार किया। दृष्टिबाधित धावक सिमरन शर्मा ने 2023 हांग्जो पैरा एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धाओं में रजत पदक जीता; व्हीलचेयर पर चलने वाले पॉवरलिफ्टर अशोक मलिक ने एशिया-ओशनिक पैरा पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीता और व्हीलचेयर पर चलने वाली निशानेबाज मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस पैरा शूटिंग विश्व कप 2024 में स्वर्ण पदक हासिल किया। डिजिटल फिल्म देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।
https://youtu.be/tz0CC-CapmQ?si=TdYQM8hRy1wQOmc5
डिजिटल फिल्म की कहानी इन एथलीट्स के मजबूत संकल्प और उनकी मजबूती पर केंद्रित है।

मेरिल ने की सैटेलाइट एकेडमी की स्थापना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मेडिकल टेक्नोलॉजी और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी मेरिल ने अपने स्वास्थ्य शिक्षा नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। इस घोषणा के तहत नई दिल्ली में मेरिल सैटेलाइट एकेडमी की स्थापना की गई है। भारत और पूरे विश्व में सर्जिकल मानकों को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। तेजी से बदलते चिकित्सा परिदृश्य के दौर में, मेडिकल प्रोफेशनल्स के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और लगातार शिक्षा बहुत जरूरी है। इस महत्वपूर्ण जरूरत को समझते हुए, मेरिल सैटेलाइट एकेडमी, थ्योरेटिकल नॉलेज यानी सैद्धांतिक ज्ञान और प्रैक्टिकल नॉलेज के बीच की खाई को पाटने का काम करती हैं। साथ ही दुनियाभर के मेडिकल प्रोफेशनल्स को अपना कौशल निखारने और एक दूसरे का सहयोग करने के लिए यह एक मंच भी प्रदान करता है। नई दिल्ली में स्थित यह मेरिल सैटेलाइट एकेडमी शिक्षा के डिसेंट्रलाइज यानी विकेंद्रीकरण की दिशा में एक अहम कदम है और विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण को सुलभ बनाती है। मेरिल के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मनीष देशमुख ने इस लॉन्च के मौके पर कहा कि, नई दिल्ली के एयरोसिटी में मेरिल सैटेलाइट एकेडमी की स्थापना उत्तर भारत के हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पुरस्कार के लिए 50 शिक्षक चयनित

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया है। इसके अलावा, उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। इन सभी 82 शिक्षकों को 5 सितंबर को विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार चयनित 50 शिक्षक 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और 6 संगठनों से हैं। इनमें से 34 पुरुष, 16 महिलाएं, 2 दिव्यांग और 1 सीडब्ल्यूएसएन के साथ कार्यरत हैं। कठोर पारदर्शी और ऑनलाइन तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को हर साल 5 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में बाढ़ के पानी में कार बही, तीन की मौत

गुंटूर। आंध प्रदेश में शुक्रवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ में गुंटूर जिले में शनिवार को एक कार बह गयी। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा विजयवाड़ा-गुंटुर हाई-वे पर हुआ। जिला पुलिस ने बताया पेडकाकानी मंडल के उप्पलापाडु के पास एक कार स्थानीय पुल को पार करते वक्त बह गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान राघवेंद्र, सात्विक और माणिक के रूप में हुई है। उप्पलपाडु के निवासी राघवेंद्र नंबूर मंडल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। राघवेंद्र जिस स्कूल में शिक्षक थे उसी स्कूल में सात्विक और माणिक पढ़ते थे। भारी बारिश के कारण स्कूल प्रबंधन ने शनिवार सुबह छुट्टी की घोषणा कर दी।

द अर्थ सेवियर फाउन्डेशन में जरूरतमंदों को दिया सहयोग

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख को-कॉमर्स कंपनी असॉर्ट ने समाज के प्रति अपने उत्तदायित्व को दर्शाते हुए अपने आईडे आईदान अभियान के तहत द अर्थ सेवियर फाउन्डेशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ज़रूरतमंदों को सहयोग प्रदान कर समाज को कुछ देना था। इसके माध्यम से असॉर्ट ने समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

गुरूग्राम के मंडावर गांव में स्थित द अर्थ सेवियर फाउन्डेशन में आयोजित इस कार्यक्रम में असॉर्ट के वरिष्ट कम्युनिटी पार्टनर्स जैसे एसीई और एबीओ ने हिस्सा लिया, जिन्होंने खुद एनजीओ के लाभार्थियों को कपड़े बांटे। कार्यक्रम की शुरूआत कपड़े बांटने के साथ ही हुई, जिसमें स्वयंसेवियों ने ज़रूरतमंद लोगों की मदद समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को निभाया। इस अवसर पर रोशन सिंह बिष्ट, सह-संस्थापक एवं सीईओ, असॉर्ट डॉट कॉम ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए इस पहल के प्रयोजन पर विचार रखे। उन्होंने कहा, ''असॉर्ट में हम समाज को कुछ देने की क्षमता में भरोसा रखते हैं। यह पहल समुदायों को सहयोग प्रदान करने और ज़रूरतमंद लोगों के कल्याण में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समाज कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास सशक्तीकरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों की पुष्टि करते हैं, जो हमारी कंपनी के मिशन को परिभाषित करते हैं।''

झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम भाजपा में शामिल

रांची। बोरियो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। हेम्ब्रम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पथ से भटकने का आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो अब शिबू सोरेन वाली पार्टी नही रह गई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह पर विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल होने की बात कही। शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित मिलन समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नेता लोबिन हेम्ब्रम ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। हेम्ब्रम को झारखंड विधानसभा चुनाव (भाजपा) के सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, विधायक सीता सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने संयुक्त रूप से पूर्व विधायक हेम्ब्रम को भाजपा का पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास जताते हुए वे भाजपा में शामिल हुए हैं।

खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद को आदर्श मानें : रितेश

समृद्धि न्यूज

मुरादाबाद। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा स्व. मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत हाकी, बालक खो-खो, बालीबाल, बास्केटबाल व लेमन रेस के फाइनल मैच हुए। मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध रहीं। क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रेम कुमार व क्षेत्रीय ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डा. अजय पाठक ने अतिथियों का बुकें एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। अंत में मुख्य अतिथि रितेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि रेनू बौद्ध ने विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद्र को अपना आदर्श मानें। कोई भी खिलाड़ी जिस खेल को भी खेलें पूरे मन से खेले। कोई भी खेल छोटा या बड़ा नहीं होता हैं। खेल प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी अपने जिले, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रोशन करते हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि हाकी में विजेता टीम पारकर इंटर कालेज और उप विजेता स्टेडियम बालक ए टीम, बालक खो-खो प्रतियोगिता में विजेता स्टेडियम ए टीम व उपविजेता टीम स्टेडियम बी टीम बनीं। इसी तरह बालीबाल विजेता टीम सोनकपुर स्टेडियम, उपविजेता जीएमएस कालेज, बास्केटबाल में विजेता टीम सोनकपुर स्टेडियम उपविजेता एसएनवीए क्लब बना। इसके अलावा लेमन रेस में बालक वर्ग प्रथम स्थान राजन, द्वितीय स्थान अदित्य, तृतीय शांतनु, बालिका वर्ग प्रथम में सोनी व द्वितीय आशी, तृतीय लक्ष्मी रहीं।

इस अवसर पर ललिता चौहान एथलेटिक्स प्रशिक्षक, नेहा हाकी प्रशिक्षक, मौ. आसिफ सिद्दीकी बैडमिंटन प्रशिक्षक, रूचि अग्रवाल, निशा वालीबाल प्रशिक्षक, धीरज कुमार, खो-खो प्रशिक्षक, ललिता चौहान, एथलेटिक्स प्रशिक्षक सीनियर खिलाडी अमित एवं सीएल वर्मा, प्रदीप सक्सैना, नरेशपाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय खेल कार्यालय, मुरादाबाद द्वारा किया गया।

मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक 2024 में शनिवार को तीसरे दिन महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनप्रीत कौर ने ग्रुप स्टेज मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन ऑरेली विनोट को शिकस्त देकर अंतिम 8 में जगह बना ली है। मनदीप ने ये मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल 3 ग्रुप बी मैच में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन के खिलाफ पहला गेम 23-21 से हार गईं। भारतीय पैरा एथलीट ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम किया और बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मनदीप कौर ने अगले दोनों गेम में अच्छी वापसी की और मुकाबला अपने नाम किया। मनदीप ने दूसरा गेम 21-10 से और तीसरा गेम 21-17 से अपने नाम किया। इस तरह मनदीप ने यह मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं। भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य समेत कुल चार पदक अपने नाम कर चुका है।

एफएंडओ सेगमेंट के लिए सेबी ने लागू किया नया नियम

नई दिल्ली। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) सेगमेंट के लिए नया एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया लागू कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि इस एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के कारण आने वाले दिनों में 23 स्टॉक्स फ्यूचर-ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं और इनका एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट बंद हो सकता है। सेबी द्वारा लागू किए गए नए नियमों के अनुसार फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के जो स्टॉक लगातार 3 महीने तक एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन्हें इस सेगमेंट से हटा दिया जाएगा। ऐसा होने के बाद एफएंडओ के लिए नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं किए जाएंगे। सेबी के एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के हिसाब से अब स्टॉक का मेडियन क्वार्टर सिग्मा ऑर्डर साइज एमक्यूएसओएसः कम से कम 75 लाख रुपये होना चाहिए।

उपराष्ट्रपति करेंगे पूर्वी यूपी के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए 7 सितंबर की तारीख संभावित है। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी उपस्थित रहेंगी। लोकार्पण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 49 एकड़ भूमि पर बना है। 176 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-

बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाने की व्यवस्था है। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेने के बाद इस सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84-84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें कुल मिलाकर 40 छात्राएं और 128 छात्र हैं। यहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराते है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित किए गए हैं। गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी के दिल के बहुत करीब है। इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल का उपहार देकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के मेधावियों को सैन्य सेवाओं में जाने के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है।

गोरखपुर के विकास मॉडल में नगीना बनेगा सैनिक स्कूल

अस्सी और नब्बे के दशक में गोरखपुर की पहचान अपराध की नर्सरी के रूप में रही है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद विकास, स्वास्थ्य,